वर्ष 69 ▸ अंक 145 ▸ पृष्ठ 12
भोपाल, रविवार 22 फरवरी, 2026
फाल्गुन शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत् 2082
महानगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण Sunday

www.dainikjagranmpcg.com

## ऑफ बीट

### चीन ने अंतरिक्ष में उगाए टमाटर



*चीन ने अंतरिक्ष में उगाया टमाटर चीन ने हाल ही में अपने तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर सफलतापूर्वक टमाटर उगाए हैं। फरवरी 2026 में चीनी नव वर्ष के दौरान शेंझोऊ-21 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों ने इन ताजे टमाटरों की कटाई का वीडियो साझा किया है। इन टमाटरों को एयरोपोनिक तकनीक से उगाया गया है, जिसमें मिट्टी के बजाय पानी की महीन धुंध को सीधे पौधों की जड़ों तक पहुंचाया जाता है। पौधों के विकास के लिए सूरज की प्राकृतिक रोशनी के स्थान पर विशेष रूप से डिजाइन की गई एलईडी लाइट स्पेक्ट्रम का उपयोग किया गया है। खेती के लिए उपयोग किया गया यह उपकरण जुलाई 2025 में तियानझोउ-9 कार्गो क्राफ्ट के जरिए अंतरिक्ष स्टेशन भेजा गया था। टमाटर के अलावा, चीनी अंतरिक्ष यात्री शकरकंद, सलाद पत्ता और प्याज जैसी अन्य सात प्रजातियों की फसलें भी उगा रहे हैं। यह प्रयोग भविष्य के लंबी अवधि के अंतरिक्ष मिशनों और चंद्रमा या मंगल पर मानव बस्तियों के लिए स्व-टिकाऊ भोजन व्यवस्था विकसित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।*

### टी-20 वर्ल्ड में आज

सुपर-8 के मुकाबले

**श्रीलंका बनाम इंग्लैंड**
समय : सुबह 3.00 बजे से

**भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका**
समयः दोपहर 7.00 बजे से

प्रसारणः जियो हॉट स्टार और स्टार स्पोर्ट्स

### एआई समिट स्थल पर प्रदर्शन के खिलाफ भाजपा का देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन

# इंदौर कांग्रेस दफ्तर पर पत्थरबाजी भोपाल में भी भाजयुमो का हंगामा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** दिल्ली में एआई सम्मेलन के दौरान यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन से उपजे आक्रोश का असर शनिवार को देश के अन्य राज्यों के साथ मध्य प्रदेश में दिखाई दिया। भाजपा के युवा मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने इंदौर और भोपाल के पार्टी दफ्तर पहुंचकर विरोध प्रकट करने की कोशिश की, जिससे दोनों स्थानों पर झड़प की स्थिति निर्मित हो गई। इंदौर में दोनों पक्षों की पत्थरबाजी से 10 कार्यकर्ताओं, मीडिया कर्मी के घायल होने की खबर है। एक उपनिरीक्षक को भी चोट आई है।

दरअसल, मप्र भाजपा युवा मोर्चा ने दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान शुक्रवार को यूथ कांग्रेस द्वारा नग्न प्रदर्शन के विरोध में शनिवार को प्रदेशभर के कांग्रेस दफ्तरों का घेराव करने की घोषणा की थी। इंदौर, भोपाल में हुए प्रदर्शन आपसी टकराव और झड़प में तब्दील हो गए, जिससे दोनों स्थानों पर धक्कामुक्की, पथराव जैसी स्थिति निर्मित हो गई, जिसमें कई कार्यकर्ताओं को चोटें आई है। भोपाल में भाजयुमो कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए शिवाजी नगर स्थित पीसीसी के गेट तक पहुंच गए, जबकि पुलिस ने पहले ही वहां पर बेरिकेट लगाए हुए थे। नारेबाजी सुनकर पीसीसी में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता भी बाहर निकले और गेट के पास एकत्र हो गए। इनमें से कई के हाथों में डंडे भी दिखाई दिए। दोनों पक्षों में नारेबाजी हुई, जो बाद में धक्का-मुक्की और पथराव में बदल गई। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने पीसीसी के बाहर लगे पोस्टर और बैनर फाड़ दिए। बाद में पुलिस ने उन्हें बाहर निकाल दिया। कामोवेश ऐसी ही स्थिति इंदौर के कांग्रेस कार्यालय में भी उत्पन्न हो गई।



भाजपा कार्यकर्ता शनिवार को देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन के दौरान प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के सामने पुलिस से भिड़ गए। इस दौरान धक्का-मुक्की हिंसक झड़प में बदल गई। *(फोटोः एचसी वर्मा)*

### जिला मंत्री की नाक की हड्डी टूटी



पीसीसी में हिंसक झड़प में भाजयुमो जिला मंत्री मोहित अग्निहोत्री की नाक की हड्डी टूट गई, जबकि कांग्रेस के जिलाध्यक्ष (ग्रामीण) गोपिल कोतवाल के सिर पर गंभीर चोट आने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां आईसीयू में उनका उपचार किया जा रहा है।

### एक-दूसरे पर मढ़े आरोप

इन घटनाओं के बाद भाजयुमो और कांग्रेस ने एक दूसरे पर आरोप लगाए हैं। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि दिल्ली में यूथ कांग्रेस ने प्रदर्शन कर अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में देश की छवि को खराब किया है। कांग्रेस के संगठन महामंत्री संजय कामले ने कहा, भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने पीसीसी में घुसकर तोड़-फोड़ की। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन द्वारा यदि पहले से सुरक्षा व्यवस्था की होती तो हालात नहीं बिगड़ते। उन्होंने कहा कि यह हमला पूरी तरह से सुनियोजित था।

### महाराष्ट्रः राहुल को काले झंडे दिखाए

इधर, कांग्रेस के एआई समिट में हंगामा करने के विरोध में भाजपा ने दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, तेलंगाना और जम्मू-कश्मीर में प्रदर्शन किया। मुंबई के मुलुंड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के काफिले को काले झंडे दिखाए।

### मायावती-अखिलेश बोले- एआई समिट में कांग्रेस का प्रदर्शन गलत

सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा चीफ मायावती ने दिल्ली के भारत मंडपम में एआई समिट में शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदर्शन को गलत बताया है। अखिलेश ने कहा, जब दुनियाभर से डेलीगेट्स आए हों तो ऐसा हंगामा नहीं करना चाहिए। सरकार से लड़ाई हमारा इंटर्नल मामला है, फॉरेन डेलीगेट्स के सामने हमारे देश का अपमान होता है। मायावती ने एक्स पर लिखा-कांग्रेस का प्रदर्शन निंदनीय है। अगर यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय स्तर का नहीं होता तो अलग बात थी, लेकिन एआई समिट के दौरान ऐसा व्यवहार करना चिंता की बात है।

### कोर्ट ने चारों आरोपियों को 5 दिन की रिमांड पर भेजा

उधर, एआई समिट में हंगामा करने वाले कांग्रेस के चारों कार्यकर्ताओं को शनिवार को पटियाला कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस की दलील सुनने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि ने आरोपियों को 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। गिरफ्तार लोगों में बिहार से यूथ कांग्रेस महासचिव कृष्ण हरि, बिहार यूथ कांग्रेस के राज्य सचिव कुंदन यादव, उप्र में यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार और तेलंगाना से नरसिम्हा यादव शामिल हैं।

### यह नेपाल के जेन-जी से प्रेरित

पुलिस ने कोर्ट में कहा कि प्रदर्शन करने वाले नेपाल के जेन-जी आंदोलन से प्रेरित थे। यह प्रदर्शन एक बड़ी साजिश का हिस्सा था। हंगामे के दौरान कई ग्लोबल लीडर्स और टेक इंडस्ट्री के एक्सपर्ट वहां मौजूद थे।

# दिल्ली में हमले का अलर्ट लालकिले की सुरक्षा बढ़ाई

### धार्मिक-ऐतिहासिक जगहों पर जवान तैनात



नई दिल्ली में आतंकी हमले के इनपुट के बाद लालकिले के बाहर सुरक्षा में तैनात जवान।

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद दिल्ली में सिक्योरिटी बढ़ाई गई है। लाल किले के आसपास आईईडी ब्लास्ट की आशंका को लेकर अलर्ट जारी किया है। खुफिया जानकारी के अनुसार पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) ने भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को अपने निशाने पर रखा है। सूत्रों के मुताबिक, चांदनी चौक इलाके का मंदिर भी आतंकियों के टारगेट पर है। इसके चलते दिल्ली के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों पर सुरक्षा बढ़ाई गई है। हालांकि, इन सूचनाओं की अभी जांच की जा रही है, लेकिन एहतियात बरती जा रही है।

दिल्ली पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां मिलकर स्थिति पर नजर रख रही हैं। संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी से निगरानी, वाहनों की जांच और अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और क्विक रिएक्शन टीमों को तैनात की गई हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की तुरंत पुलिस या आपात सेवाओं को सूचना देने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा, घबराने की जरूरत नहीं है, यह कदम सावधानी के तौर पर उठाए गए हैं। यह अलर्ट 10 नवंबर 2025 को लाल किले के पास हुए एक कार बम धमाके के बाद आया है। धमाके में 13 लोगों की मौत हो गई थी और 20 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

### पंजाब और कश्मीर में दो आईईडी बरामद

पंजाब और कश्मीर में दो अलग-अलग स्थानों पर आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। यह बरामदगी ऐसे समय हुई है जब दिल्ली में पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की ओर से हमले की चेतावनी मिली है। हालांकि, अधिकारियों ने इन आईईडी की बरामदगी को सीधेतौर पर दिल्ली के आतंकी खतरे से जोड़कर नहीं देखा है, लेकिन घटनाओं के समय, संदर्भ को लेकर गहरा संज्ञान लिया है। अमृतसर में रेया पुलिस पोस्ट के पास एक संदिग्ध बैग मिला।






## संक्षिप्त खबरें

### हर बूथ पर कार्यकर्ता सुनेंगे मन की बात

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल 22 फरवरी 2026 रविवार को बूथों पर श्रवण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल भोपाल के नेहरू नगर स्थित पुलिस लाइन स्टेडियम में दिव्यांग खिलाड़ियों के साथ एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल बैतूल विधानसभा के बडोरा मंडल, ग्राम बडोरा के बूथ क्र. 210 पर कार्यकर्ताओं एवं आमजन के साथ प्रातः 11:00 बजे 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनेंगे। इसी तरह प्रदेश शासन के मंत्रीगण, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता प्रदेश भर के अलग-अलग बूथों पर 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनेंगे।

### तैयारी को लेकर कांग्रेस की हुई बैठक

**भोपाल।** कांग्रेस के सम्मेलन की तैयारी को लेकर शनिवार को कोलार उप ब्लॉक की बैठक हुई। भोपाल शहर अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना की मौजूदगी में हुई बैठक में कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर कोलार ब्लॉक अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ के अलावा पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नरेश ज्ञानचंदानी , सुखलाल ठाकुर , प्रदेश कांग्रेस सचिव राजकुमार सिंह , मंगल यादव, विक्की चौहान, राघवेंद्र मीणा, सहित वरिष्ठ कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### 7200 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचितः राजपूत

**भोपाल।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मिडवासा सिंचाई परियोजना से 7200 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी,जिसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। मंत्री राजपूत ने कहा कि बहुप्रतीक्षित मिडवासा सिंचाई परियोजना को शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस महत्वपूर्ण परियोजना पर कुल 300 करोड़ की लागत आएगी। परियोजना के पूर्ण होने पर सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करैया जारो, मोकलपुर, हनौताखुर्द, नारायणपुर, बंसिया, बेरसला, बैरसिया, हफसिली, बिहारीखेड़ा,तालग्वारी, गुआरी, बदरचुआ, घाटमपुर, सगोरिया, अर्जना, एवं बरोदा रहली के अलावा दूसरी विधानसभा क्षेत्रों में आने वाली लगभग 7200 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे न केवल फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों की आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। राजपूत ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाया जा रहा है। ताकि हमारे क्षेत्र के किसान भी पंजाब, हरियाणा जैसे, कृषि में उन्नति करके कृषि लाभ कमाएं।

### समाज की मातृ शक्ति ही राष्ट्र की प्राण शक्तिः गौर

**भोपाल।** राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि मातृ शक्ति त्याग, तपस्या और प्रेम की प्रति मूर्ति है। वह केवल जन्मदात्री नहीं बल्कि जीवनदात्री है। यदि समाज को सशक्त बनाना है तो मातृ शक्ति को सशक्त बनाना ही होगा। मंत्री गौर शनिवार को सप्तशक्ति संगम के प्रांतस्तरीय समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी, उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है कि महान विभूतियों के पीछे महान माताओं का योगदान रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज के निर्माण में राज्यमाता जीजा बाई के संस्कारों की अमिटछाप थी। स्वामी विवेकानंद के जीवन में उनकी माता भूवनेश्वरी देवी का विशेष प्रभाव था। मातृ शक्ति केवल पालनकर्ता नहीं, बल्कि दिशा निर्धारित करने वाली हैं।

# शहरी स्कूलों में अधिशेष शिक्षक, गांवों में खाली पदों के भरोसे पढ़ाई

## कैग की रिपोर्ट में हुआ खुलासा, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में पदस्थापना के असंतुलन की स्थिति पर जताया एतराज



गांव के स्कूल



शहर के स्कूल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में बेहतर शिक्षा व्यवस्था मुहैया कराने का दावा करने वाले स्कूल शिक्षा विभाग की कैग रिपोर्ट ने पोल खोल दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि शहरी स्कूलों में अधिशेष शिक्षक पदस्थ है,जबकि गांवों में कई ऐसे स्कूल है,जहां पर शिक्षकों की कमी की वजह से पढ़ाई प्रभावित होती है। यह स्थिति तब है,जब सूबे के स्कूल शिक्षा विभाग ने शहरीय क्षेत्रों में अतिरिक्त शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थ करने का निर्देश जारी किया हुआ है।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक( कैग) की शुक्रवार को विधानसभा के पटल पर पेश रिपोर्ट में स्कूल शिक्षा विभाग में व्याप्त अंधेरगर्दी और नियमों की अनदेखी की बात का खुलासा हुआ है। जिसमें जिला स्तर पर प्राथमिक शिक्षकों का युक्ति-युक्तकरण नहीं होने की बात सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जून 2022 तक मध्यप्रदेश में 6 आदिवासी एवं 46 गैर - आदिवासी सहित 52 जिले है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 46 गैर आदिवासी जिलों में 1,72.336 स्वीकृत पदों के विरुद्ध 1,56.084 प्राथमिक कार्यरत थे,जबकि आर.टी.ई मापदण्डों के अनुसार 1,53,643 प्राथमिक शिक्षकों की आवश्यकता थी,लेकिन इन जिलों में 2,441 प्राथमिक शिक्षक आवश्यकता से अधिक पदस्थ थे। प्राथमिक शिक्षक सवंर्ग में अधिशेष के कारण स्थानीय निकायों द्वारा मूल रुप से नियुक्त शिक्षकों का एस.ई.डी. में विलय ,कर्मचारियों की पदोन्नति में देरी एवं पिछले 8 वर्षों में पदों के युक्ति-युक्तकरण की कमी थी। इन असंतुलनों के बावजूद विभाग ने अधिशेष को पुनर्वितरित या समायोजित किए बिना 7,429 नए प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती कर दी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि शासन द्वारा कहा गया कि प्राथमिक शिक्षक,जिला संवर्ग का पद होने के कारण,जिलों से बाहर स्थानांतरित नहीं किया जा सता,क्योंकि इससे न्यायालयीन वाद के मामले बढ़ेंगे। सरकार की इस दलील को लेखापरीक्षा ने स्वीकार नहीं किया और कहा कि 2019 से 2022 के बीच विभाग ने अधिशेष स्टाफ वाले 25 जिलों से एवं उनमें कुल 5,649 शिक्षकों का स्थानांतरण किया। इससे यह पता चलता है कि प्राथमिक शिक्षक एवं जिला संवर्ग का पद होने के बावजूद शासन ने नियमित रुप से शिक्षकों को अन्य जिलों में स्थानांतरित कर दिया। इसी तरह रिपोर्ट में पदस्थापना में असंतुलन की स्थिति पर भी एतराज जताया गया है। इस मामले में कहा गया है कि जून 2019 में मध्यप्रदेश शासन ने राज्य के विभागों में पदों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में आदेश जारी किया था,जिसमें साफ तौर पर कहा गया था कि जिन कार्यालयों में स्वीकृत पदों से अधिक स्टाफ पदस्थ हैं, वहां से अधिशेष स्टाफ को उन कार्यालयों में स्थानांतरित किया जाएगा,जहां पदों के युक्ति-युक्तकरण के लिए रिक्तियां उपलब्ध हैं। उक्त आदेश में यह भी कहा गया है कि किसी भी प्रतिष्ठान में स्वीकृत पदों से अधिक स्टाफ नहीं होंगे। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग का पहले से ही आदेश जारी था कि यदि किसी जिले के शहरी क्षेत्रों में अतिरिक्त शिक्षक पदस्थ हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी है,तो शहरीय अधिशेष शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थ किए जाए। रिपोर्ट में कहा गया कि लेखा परीक्षां के दौरान यह पाया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 62,213 स्कूल थे,जिनमें 2,81,887 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 1,98.175 यानि कि 70.30 प्रतिशत शिक्षक कार्यरत थे। इसी तरह 4,601 शहरी स्कूलों में स्वीकृत पद 47,556 के सापेक्ष 43,319(91.09 प्रतिशत) शिक्षक कार्यरत थे,यानि कि यह पूरी तरह से साफ है कि चयनित जिलों में शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शिक्षकों की नियुक्ति में असंतुलन था।

### भोपाल के शहरी क्षेत्र में 108 प्रतिशत अधिशेष

रिपोर्ट के मुताबिक भोपाल जिले के शहरी क्षेत्रों में आने वाले स्कूलों के स्वीकृत 2655 पदों की तुलना में 2865 शिक्षक पदस्थ है,जो 108 अधिशेष प्रतिशत है।जबकि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में स्वीकृत 2953 पदों की तुलना में 2523 शिक्षक कार्यरत रहे,जो पदस्थापना का 85 प्रतिशत है। इसी तरह दतिया जिले के शहरी स्कूलों के स्वीकृत 658 पदों के सापेक्ष 708 शिक्षक पदस्थ है,यह अधिशेष पदस्थापना 108 प्रतिशत है। जबकि इसी जिले ग्रामीण स्कूलों के स्वीकृत 4193 शिक्षक पदों में से 3405 पदों पर ही शिक्षक कार्यरत है,ऐसे में इन क्षेत्रों में 19 प्रतिशत शिक्षकों की कमी है।

### असंतुलन वाले जिलों में राजधानी भोपाल भी

रिपोर्ट में जो तथ्य दिए गए है उनमें ग्वालियर,बैतूल और दतिया के साथ भोपाल जिला भी शामिल है,जहां के ग्रामीण और शहरीय क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना में असंतुलन की स्थिति है। ग्वालियर जिले के शहरी क्षेत्रोंम 2560 स्वीकृत पदों की तुलना में 2904 शिक्षक कार्यरत रहे,जो 113 प्रतिशत अधिशेष है। जबकि इस जिले के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में स्वीकृत 4364 पदों की तुलना में 3607 शिक्षक कार्यरत है,यह संख्या पदस्थापना का 83 प्रतिशत है,यानि कि 17 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी पाई गई। इसी तरह बैतूल जिले के शहरी क्षेत्रों के स्कूलों के 503 पदों की तुलना में 559 (111 प्रतिशत अधिशेष), जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 4294 पदों की तुलना में 3541 शिक्षक ही पदस्थ रहे,यानि कि यहां भी 18 प्रतिशत शिक्षकों की कमी रही है।

# एनसीआर काटकर अब जिम्मेदारी से नहीं बच पाएगी थाना पुलिस, अपराध होगा दर्ज

## आफिस का स्टाफ हफ्ते में तीन दिन शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक करेगा लॉ एंड आर्डर ड्यूटी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** अमूमन देखने में आता है कि पीड़ित अपनी शिकायत लेकर जब थाने पहुंचता है तो पुलिस उसके छोटे-छोटे मामलों में एनसीआर (असंज्ञेय अपराध) काट देती है यानी यह अपराध योग्य नहीं है। ऐसे में पीड़ित निराश और असंतुष्ट होकर थाने से चला जाता है। बाद में यही फरियादी सीएम हेल्प लाइन में शिकायत करता है और अफसरों के दफ्तरों के चक्कर काटता है। ऐसा न हो इसलिए अब थाना पुलिस अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं पाएगी। वह एनसीआर काटकर पल्ला नहीं झाड़ पाएगी, उसे अपराध कायम करना होगा। ऐसे में फरियादी भी संतुष्ट होकर थाने से जाएगा और इसकी शिकायत अफसरों तक नहीं पहुंचेगी और बेहतर पुलिसिंग होगी।

### पब्लिक से जनसंवाद पर जोर

पुलिस कमिश्नर भोपाल का साफ कहना है कि थाने से कोई भी फरियादी असंतुष्ट होकर नहीं जाएगा। उसकी फरियाद थाना पुलिस को सुनना होगी। वह थाने से निराश होकर अफसरों तक नहीं आना चाहिए। इस संबंध में वह संबंधित थाना प्रभारी से बात करेंगे। वहीं थाना प्रभारी दो आदेश जारी किए गए हैं कि पुलिस पब्लिक से जनसंवाद करें। हर माइक्रो बीट में जाकर लोगों से मिलें। लगातार जनसंवाद करें। इसका फीडबैक भी कमिश्नर खुद ले रहे हैं।

### पेट्रोलिंग, वाहन चेकिंग में उपयोग

मौजूदा हालात में राजधानी में बल की कमी है। इस कमी को पूरा करने और सड़कों पर पुलिस की बिजीविलिटी बढ़ाने के लिए खासकर पीक आवर्स में आफिस में लगे स्टाफ से ड्यूटी ली जा रही है। डीसीपी, एडिशनल डीसीपी और एसीपी आफिस में लगे स्टाफ को भी अब लॉ एंड आर्डर ड्यूटी करनी होगी। आफिस के बाद शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक यह ड्यूटी रहेगी, जोकि डीसीपी लगाएंगे। आफिस में लगे प्रत्येक स्टाफ को हफ्ते में तीन दिन लॉ एंड आर्डर ड्यूटी करना होगा। अभी आफिस में लगा स्टाफ सुबह 11 बजे तक दफ्तर पहुंचता था। इसके बाद शाम छह बजे दफ्तर बंद होने के बाद घर चला जाता था। अब ऐसा नहीं होगा। इस स्टाफ को भी जोन के हिसाब से फील्ड में ड्यूटी करना होगी। यह स्टाफ थानों द्वारा की जा रही चेकिंग, पेट्रोलिंग व वाहन चेकिंग में उपयोग किया जाएगा।

### आफिस स्टाफ में मची खलबली

पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं, जिसका कढ़ाई से पालन कराया जा रहा है। वहीं अफसर के इस निर्देश से आफिस में लगे स्टाफ में खलबली मची है। जो सुकून से आठ घंटे की ड्यूटी करने के लिए आफिस स्टाफ के रूप में आए थे, अब उन्हें वहीं करना होगा जो थाना पुलिस करती है। आफिस स्टाफ में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों में इन दिनों यह चर्चा का विषय बना हुआ है। ऐसे में जो लोग सोच रहे थे कि आफिस स्टाफ बनकर कुछ दिन सुकून से नौकरी करें, अब उन्होंने भी अपना मन बदल लिया है।

# साक्ष्य आधारित मेडिकल सुविधा के क्षेत्र में एम्स भोपाल देश में दूसरे नंबर पर

## भौगोलिक स्थिति के अनुसार तैयार किया जा रहा ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल



**नगर संवाददाता, भोपाल।** देश में बेहतर, सुरक्षित और वैज्ञानिक उपचार पद्धतियों को बढ़ावा देने की दिशा में एम्स भोपाल ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। एम्स भोपाल के तकनीकी संसाधन केंद्र ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (डीएचआर) द्वारा देशभर में स्थापित 27 तकनीकी संसाधन केंद्रों में साक्ष्य-आधारित राष्ट्रीय दिशा-निर्देश निर्माण के क्षेत्र में दूसरा (रजत) स्थान प्राप्त किया है। यह सम्मान जोधपुर में आयोजित डीईईपीः विकसित भारत विषयक डीएचआर तकनीकी संसाधन केंद्र सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया। स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग द्वारा स्थापित तकनीकी संसाधन केंद्रों का उद्देश्य भारत की आवश्यकताओं के अनुरूप साक्ष्य-आधारित, वैज्ञानिक और देश-विशिष्ट नैदानिक अभ्यास दिशा-निर्देश तैयार करना है। इसके अंतर्गत व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-विश्लेषण जैसी कठोर वैज्ञानिक पद्धतियों का उपयोग किया जाता है। विकसित देशों की तरह भारत में भी अपने राष्ट्रीय संदर्भ के अनुसार उपचार दिशा-निर्देश तैयार किए जा रहे हैं, जिससे मरीजों को सुरक्षित, प्रभावी और प्रमाणित इलाज मिल सके। यह उपलब्धि आम नागरिकों के हित में है। जब उपचार दिशा-निर्देश वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित होते हैं, तो मरीजों को सही दवा, सही उपचार पद्धति और बेहतर परिणाम मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इससे अनावश्यक दवाओं और उपचारों से बचाव होता है तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार आता है। यह पुरस्कार प्रो. डॉ. गिरीश चन्द्र भट्ट ने संसाधन केंद्र टीम की ओर से प्राप्त किया। वर्तमान में एम्स भोपाल का तकनीकी संसाधन केंद्र स्टेम सेल चिकित्सा, बच्चों के लिए खांसी की दवाएं, तीव्र साइनसाइटिस तथा हाइपोथायरायडिज्म जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर राष्ट्रीय नैदानिक दिशा-निर्देश विकसित करने के लिए व्यवस्थित समीक्षा कर रहा है। यह कार्य देशभर के चिकित्सकों को एक समान, वैज्ञानिक और प्रमाणित उपचार पद्धति अपनाने में मदद करेगा, जिसका सीधा लाभ मरीजों को मिलेगा।

# गठिया केवल बुजुर्गों की बीमारी नहीं युवाओं में भी इसके मिल रहे मरीज

### विशेषज्ञों ने साझा किए आधुनिक उपचार के मंत्र

**नगर संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग विभाग द्वारा शनिवार को आर्थराइटिस अपडेट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वैज्ञानिक संगोष्ठी में चिकित्सा विशेषज्ञों ने गठिया (रूमेटाइड आर्थराइटिस) के बदलते स्वरूप, इसके प्रारंभिक निदान और उपचार की नवीनतम रणनीतियों पर चर्चा की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विशेषज्ञों की टीम द्वारा की गई केस-आधारित पैनल चर्चा रही। इसमें वास्तविक मामलों के माध्यम से डॉक्टरों को यह समझाया गया कि रूमेटाइड आर्थराइटिस का शुरुआती स्तर पर सटीक निदान कैसे किया जाए। विशेषज्ञों ने बीमारी की गंभीरता को मापने के लिए डीएएस-28 स्कोर और रोग के पूरी तरह नियंत्रण में होने की स्थिति को परखने के लिए बूलियन रेमिशन मानदंड के महत्व पर प्रकाश डाला।

### युवाओं और बच्चों में बढ़ता खतरा

संगोष्ठी में एक महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया कि गठिया को अब केवल वृद्धावस्था से जोड़कर देखना एक बड़ी भूल है। विशेषज्ञों ने आगाह किया कि आजकल युवाओं और यहां तक कि बच्चों में भी गठिया के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। यदि सही समय पर उपचार न मिले, तो यह जोड़ों में स्थायी विकृति का कारण बन सकता है, जिससे मरीज भविष्य में दिव्यांगता का शिकार हो सकता है।

### भविष्य के डॉक्टरों को सशक्त बनाना

आयोजन का प्राथमिक उद्देश्य रेजिडेंट डॉक्टरों और संकाय सदस्यों को आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों और वैज्ञानिक दिशानिर्देशों से अवगत कराना था। आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष गोहिया के नेतृत्व में किया गया, अधिष्ठाता डॉ. कविता एन. सिंह ने मार्गदर्शन किया। अधीक्षक, हमीदिया चिकित्सालय डॉ. सुनीत टंडन सहित मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. सिम्मो दुबे और शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ. मंजूषा गोयल उपस्थित रहीं। रूमेटोलॉजिस्ट डॉ. प्रेक्षा द्विवेदी, तथा अस्थि रोग विशेषज्ञों की टीम ने विचार साझा किया।

# बरकतउल्ला के 50 केंद्रों पर परीक्षा देंगे पीजी के पचास हजार विद्यार्थी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने दो वर्षीय और एक वर्षीय पीजी कोर्स की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए टाइम टेबल जारी कर दिया। इसके अनुसार एमए, एमएससी, एमकॉम, एमएचएससी और एमएसडब्ल्यू प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू होंगी, जो दो मार्च तक चलेंगी। सभी परीक्षाएं सुबह नौ से 12 बजे तक का रखा गया है। पीजी की परीक्षा के दो प्रश्नपत्रों के बीच एक दिन का अंतर रखा गया है। परीक्षाओं में करीब पचास हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षाओं के आठ जिलों में 50 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसी तरह भोपाल में होने वाली परीक्षाओं के लिए आठ हजार विद्यार्थियों के लिए दस परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बीयू सभी कोर्स में प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं कराने में काफी पिछड़ रहा है। इसकी वजह ओएसडी तुलसीराम दहायत का लापरवाही पूर्ण रवैया है। वे समय रहते विद्यार्थियों का डाटा तैयार कर विश्वविद्यालयों तक नहीं भेज पाए हैं।

### सीसीटीवी की निगरानी में होंगी परीक्षाएं

असिस्टेंट रजिस्ट्रार सुनील नायक का कहना है कि सभी परीक्षाएं सीसीटीवी की निगरानी में होंगी। जहां सीसीटीवी नहीं थे। उन कालेजों को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया है। सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी का डाटा एक साल तक सीडी में सुरक्षित रखा जाएगा, ताकि जरूरत होने पर परीक्षा केंद्रों की जांच पड़ताल की जा सके।

### सात केंद्र ही काट पाए कुलगुरु

गत वर्ष प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं बीयू ने 57 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित कराई थीं। कुलगुरु सुरेश कुमार जैन ने तय कर लिया था कि सभी सेमेस्टर परीक्षाएं एक साथ कराई जाएंगी। वहीं परीक्षा केंद्रों पर मितव्ययता होती है। इसलिए कुलगुरु ने परीक्षा केंद्रों की कटौती कराने के लिए सभी इंतजाम जमा लिए थे। सभी प्रकार का विश्लेषण करने के बाद कुलगुरु जैन महज सात परीक्षा केंद्रों की कटौती ही कर पाए हैं। इससे बीयू के परीक्षा खर्चों में कटौती हो सकती है। कुलगुरु जैन से परीक्षा केंद्र की अनुमोदन मिलने के बाद ही बीयू ने प्रवेश पत्र और टाइम टेबिल जारी किया है।

## राजनीति

### पीसीसी में भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदर्शन के बाद कांग्रेस ने की बैठक

# सम्मेलन की तैयारी, प्रदर्शन से चौकन्नी हुई पार्टी

**विशेष संवाददाता ,भोपाल।** भारतीय युवा मोर्चा द्वारा शनिवार को कांग्रेस दफ्तर में किए गए प्रदर्शन से कांग्रेसी नेता 24 फरवरी को भोपाल में प्रस्तावित कांग्रेस महासम्मेलन को लेकर चौकन्ने हो गए है। इस सम्मेलन में कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को शामिल होना है।

गौरतलब है कि अमेरिकी ट्रेड डील के खिलाफ कांग्रेस के मैदानी विरोध की शुरुआत भोपाल में 24 फरवरी को होने वाले किसान सम्मेलन से होगी। जिसमें खरगे और राहुल गांधी सहित दूसरे नेता मौजूद रहेंगे। जिनके द्वारा राज्य भर से आने वाले किसानों को यह बताने की कोशिश की जाएगी कि अमेरिकी डील से देश के किसानों को किस तरह का नुकसान होगा। ऐसे में कांग्रेस को शनिवार हुए प्रदर्शन के बाद अंदेशा सताने लगा कि कहीं किसान सम्मेलन किसी भी तरह के विरोध प्रदर्शन से प्रभावित न जाए। सम्मेलन के बारे में शनिवार को पीसीसी में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने पत्रकारों को जानकारी भी दी। उन्होंने आरोप लगया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के किसानों को अमेरिका के हाथ बेच दिया है। यह समझौता किसानों का अपमान है। राज्य का किसान चुप नहीं बैठेगा और इसकी शुरुआत 24 फरवरी के किसान आंदोलन से होगी। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि यह ट्रेड डील देशहित में नहीं है। इस तरह





### तो कटारे बने रहेंगे उपनेता

पत्रकार वार्ता के दौरान पीसीसी चीफ पटवारी ने एक सवाल पर कहा कि काटरे पार्टी के नेता है और हमारे उपनेता प्रतिपक्ष भी। कहा जा रहा है कि पटवारी ने अपने इस बयान से संदेश दिया है कि हेमंत कटारे का इस्तीफा मंजूर नहीं हुआ है और वे अपने पद पर बनें रहेंगे। पत्रकार वार्ता में यह जरुर कहा गया कि कटारे के इस्तीफे के मामले में बाद में देखा जाएगा। कटारे ने भी शनिवार को सोशल मीडिया ने पोस्ट कर लिखा कि भाजपा के लोग खुश नहीं हो,वे सोमवार से पूरी ताकत के खिलाफ सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे।

### पटवारी ने सीएस को लिखा पत्र

शनिवार को भोपाल इंदौर पार्टी कार्यालय में भाजयुमो के प्रदर्शन को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य के मुख्य सचिव अनुराग जैन को पत्र लिखा है। जिसमें न्होंने पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल खड़े किए है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के दबाव में उपद्रवियों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से कार्रवाई नहीं की गई। ऐसी घटनाओं में यदि किसी स्तर पर राजनीतिक संरक्षण या सहमति की भूमिका पाई जाती है,तो उसकी भी स्वतंत्र जांच कराई जाए,जिससे प्रदेश की जनता का कानून व्यवस्था एवं प्रशासनिक निष्पक्षता पर विश्वास पुर्नस्थापित हो सके।

### कांग्रेस-भाजपा नेता पहुंचे थाने, लिखित शिकायत दर्ज कराई

भोपाल। पीसीसी में हुई घटना के बाद प्रदेश कांग्रेस और भाजपा के नेता अलग-अलग थाने पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ मामला आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। इससे पहले दोनों दलों के नेताओं ने अपने-अपने कार्यालयों में पीसीसी हुई घटनाक्रम को लेकर चर्चा की और घटना में घायल हुए प्रदर्शनकारियों से मिलने अस्पताल भी पहुंचे। इसके बाद नेताओं ने प्रतिनिधि मण्डल के तौर पर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इस संबंध में हबीबगंज थाना प्रभारी, संजीव चौकसे ने बताया कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदन की जांच की जा रही है। कांग्रेस की ओर से प्रदीप अहिरवार से आवेदन दिया है। उनका कहना है कि भाजपा के कुछ लोगों ने कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट कर कांग्रेस कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ कर दी। इधर, भाजपा के प्रतिनिधि की ओर से शिकायत की गई है कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उनके कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# प्रदेश के अगले वन बल प्रमुख हो सकते है खान, अंबाडे होंगे सेवानिवृत्त

## मंत्रालय में हुई डीपीसी, निर्णय लिफाफे में बंद

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सूबे के जंगल महकमे का अगला मुखिया कौन होगा, इसके लिए शनिवार को डीपीसी हुई। जिसमें नाम लिफाफे में बंद हो गया है। सूत्रों की माने तो वरिष्ठता और मैरिट के आधार पर वन विकास निगम के प्रबंध संचालक एचयू खान नए वन बल प्रमुख हो सकते है। जानकारी के अनुसार शनिवार को वल्लभ भवन में मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में डीपीसी हुई। जिसमें भारत सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर हरियाणा वन बल प्रमुख विनीत कुमार गर्ग के अलावा प्रमुख सचिव वन और मौजूदा वन बल प्रमुख वीएन अंबाडे मौजूद रहे। जिसमें खान के अलावा 1990 बैच के आईएफएस विभाष ठाकुर पीसीसीएफ अनुसंधान विस्तार के अलावा पीसीसीएफ वन्य प्राणी शुभ रंजन सेन, पीसीसीएफ वर्किंग प्लान क्षेत्रीय प्रदीप वासुदेव, पीसीसीएफ विकास पुरुषोत्तम धीमान, लघु वनोपज संघ की एमडी समिता राजौरा और पीसीसीएफ कैम्पा मनोज अग्रवाल के नामों पर भी चर्चा होने की खबर है।


एचयू खान


वीएन अंबाडे

### 28 को सेवानिवृत्त हो रहे है अंबाड़े

गौरतलब है कि वर्तमान वन बल प्रमुख अंबाड़े 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। ऐसे में उनके उत्तराधिकारी का नाम डीपीसी में तय कर लिया है। वे नये मुखिया के रूप में कार्यभार संभाल सकते हैं। उल्लेखनीय है कि मप्र कैडर में सबसे वरिष्ठ अधिकारी खान 1989 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं।

वर्ष 69 ▸ अंक 145 ▸ पृष्ठ 12
भोपाल, रविवार 22 फरवरी, 2026
फाल्गुन शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत् 2082
महानगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण Sunday

www.dainikjagranmpcg.com

## संक्षिप्त खबरें

### नागदा को गांव बताने पर बिग बी पर चलेगा केस




**जागरण, उज्जैन।** मशहूर टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति के 23 दिसंबर 2025 को प्रसारित एपिसोड में मप्र के नागदा को लेकर की गई टिप्पणी पर विवाद सामने आया है। शो के होस्ट अमिताभ बच्चन के नागदा को पानी की समस्या से जूझता छोटा सा गांव बताए जाने पर स्थानीय स्तर पर आपत्ति दर्ज कराई है। इस मामले में नागदा के ज्यूडिशयल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास (जेएमएफसी) न्यायालय में परिवाद दायर किया गया। न्यायालय ने परिवाद स्वीकार करते हुए प्रकरण को सीआईएस में दर्ज करने और संबंधित थाने से प्रतिवेदन (रिपोर्ट) प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। किसी भी सिविल या आपराधिक प्रकरण को अदालत में प्रस्तुत किए जाने पर उसे सीआईएस में रजिस्टर किया जाता है। इसके बाद पिटीशन को कोर्ट द्वारा स्वीकार (एक्सेप्ट) किया हुआ माना जाता है। मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को निर्धारित की गई है। अधिवक्ता लक्ष्मण सुंदरा ने अमिताभ बच्चन के साथ-साथ सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया के सीईओ गौरव बैनर्जी के खिलाफ भी अपराध पंजीबद्ध करने की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया है। अब अगली सुनवाई के बाद न्यायालय आगे की कार्रवाई तय करेगा। पैरवी कर रहे राजेश मंडवारिया, दीपमाला अवाना का कहना है कि राष्ट्रीय कार्यक्रम में नागदा के बारे में भ्रामक जानकारी दी गई, जिससे छवि प्रभावित हुई है।

### रोहित पवार ने फिर लगाया आरोप, क्रैश बड़ी साजिश

**नई दिल्ली/बारामती, जेएनएन।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार ने शनिवार को अजित पवार के प्लेन क्रैश पर फिर सवाल उठाए। उन्होंने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्क्रीन पर डेटा और फोटो दिखाए। उन्होंने कहा कि ब्लैक बॉक्स को लेकर शक जताया जा रहा था। उनके मुताबिक, दुर्घटना के समय सिर्फ एक धमाका नहीं हुआ था, बल्कि कई धमाके हुए थे। विमान में सामान रखने वाली जगह पर अतिरिक्त पेट्रोल के डिब्बे रखे गए थे, जिससे आग भड़की। सभी पहलुओं की गहराई से जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर साजिश की बात करें तो यह दो तरह की हो सकती है, राजनीतिक या व्यावसायिक। अभी यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस मामले में किस तरह की साजिश शामिल है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत हो गई थी। यह प्लेन वीएसआर कंपनी का था।



### अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ट्रंप का एक और बड़ा वॉर

# ट्रंप ने 15 प्रतिशत किया टैरिफ वैश्विक व्यापार में बढ़ा तनाव

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक टैरिफ को 10 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी करने का ऐलान किया है। उनका कहना है कि कई देश दशकों से अमेरिका का फायदा उठा रहे थे और यह कदम घरेलू उद्योगों को मजबूत करने के लिए जरूरी है। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस फैसले से भारत समेत निर्यात आधारित अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ सकता है और वैश्विक व्यापार में तनाव की आशंका भी बढ़ेगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्लोबल टैरिफ को लेकर बड़ा ऐलान करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया कि अमेरिका तत्काल प्रभाव से दुनिया भर के देशों पर लागू 10 प्रतिशत टैरिफ को बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि कई देश दशकों से अमेरिका का 'फायदा उठाते' रहे हैं और यह फैसला उसी के जवाब में लिया जा रहा है।

ट्रंप ने बयान में कहा कि यह कदम पूरी तरह कानूनी दायरे में है और पहले से परीक्षण किया जा चुका है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि आने वाले कुछ महीनों में ट्रंप प्रशासन नए और 'कानूनी रूप से लीगल' टैरिफ की घोषणा करेगा। उनके मुताबिक, यह नीति अमेरिका की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और घरेलू उद्योगों की रक्षा के लिए जरूरी है। ट्रंप आने वाले समय में कई देशों पर नए टैरिफ दरें लागू कर सकते हैं।




#### 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का जिक्र

राष्ट्रपति ने अपनी पोस्ट में 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सरकार इसी दिशा में काम कर रही है और नए टैरिफ उसी रणनीति का हिस्सा हैं। उन्होंने दावा किया कि अब तक उठाए गए कदम 'बेहद सफल' रहे हैं और आगे भी अमेरिका को फायदा होगा।

#### क्या कह रहे हैं एक्सपर्ट?

ट्रंप प्रशासन ने संकेत दिया कि इस फैसले का उद्देश्य अमेरिकी विनिर्माण को बढ़ावा देना और व्यापार घाटे को कम करना है। ट्रंप ने विश्वास जताया कि यह प्रक्रिया 'अमेरिका को पहले से कहीं अधिक महान' बनाने (एमएजीए) के उनके मिशन को सफल बनाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से भारत सहित दुनिया भर की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्थाओं पर गहरा असर पड़ सकता है।

#### वैश्विक व्यापार पर पड़ सकता है असर

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह टैरिफ बढ़ोतरी लागू होती है तो वैश्विक व्यापार पर इसका असर पड़ सकता है। खासतौर पर अमेरिका के साथ बड़े पैमाने पर व्यापार करने वाले देशों के निर्यात पर दबाव बढ़ सकता है। साथ ही, जवाबी टैरिफ की आशंका भी बढ़ सकती है, जिससे व्यापारिक तनाव तेज हो सकता है। फिलहाल, ट्रंप प्रशासन की ओर से विस्तृत सूची और समयसीमा जारी होना बाकी है। बाजार और वैश्विक साझेदार अब अगले कदम पर नजर बनाए हुए हैं।

#### निक्सन ने 55 साल पहले लगाया था ग्लोबल टैरिफ

साल 1971 में अमेरिका और दुनिया के बीच व्यापार और भुगतान संतुलन (बैलेंस ऑफ पेमेंट) में भारी असंतुलन हो गया था। अमेरिका ज्यादा आयात कर रहा था और निर्यात कम था, जिससे डॉलर पर दबाव बढ़ रहा था। इसके बाद निक्सन ने दुनियाभर के देशों पर 10 फीसदी का ग्लोबल टैरिफ लगाया था। इसके बाद महसूस किया गया कि ऐसी आपात स्थिति के लिए राष्ट्रपति के पास कानूनी अधिकार होने चाहिए। इसी मकसद से 1974 में ट्रेड एक्ट 1974 पारित किया गया था।

### सेवढ़ा में विकास कार्यों के लोकार्पण पर सीएम बोले

# किसानों की समृद्धि, सम्मान के लिए सरकार दृढ़-संकल्पित

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार किसानों की समृद्धि और सम्मान के लिए दृढ़-संकल्पित है। किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने जहां उन्हें बिजली, सिंचाई की सुविधाएं दी जा रही हैं, वहीं दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में पशुपालकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री शनिवार को दतिया जिले के सेवढ़ा में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को बोल रहे थे। सीएम ने कहा कि मप्र में 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान किसानों के हितों को लेकर तमाम योजनाएं और नवाचार किए जाएंगे, जिससे किसान आर्थिक तौर पर मजबूत बन सके। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लगातार राज्य में सिंचाई का रकबा बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। वर्ष 2003 तक प्रदेश में सिंचित रकबा मात्र 7 लाख हैक्टेयर था जो हमारी सरकार आने पर बढ़कर 44 लाख हैक्टेयर हुआ और पिछले डेढ़-दो साल में यह बढ़कर 55 लाख हेक्टेयर से अधिक हो चुका है। सीएम ने कहा कि किसानों की समृद्धि के पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। शासकीय गौ-शालाओं के लिए प्रति गाय अनुदान 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए कर दिया है। पात्र हितग्राहियों को डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना में 25 गाय पालने पर 10 लाख रुपए तक अनुदान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना पर काम चल रहा है।



#### सभी पात्र हितग्राहियों को मिलेंगे मकान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सड़क हादसों में घायल जरूरतमंदों की मदद के लिए राज्य सरकार ने राहवीर योजना शुरू की है। गरीब परिवार के लोगों को अस्पताल में डेढ़ लाख का निःशुल्क इलाज मिलेगा और घायल को दुर्घटना के बाद पहले एक घंटे में ही अस्पताल पहुंचाने वाले को पुरस्कार स्वरूप 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार सभी पात्र हितग्राहियों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। डॉ. यादव ने कहा कि राच्य में नशा मुक्ति का आंदोलन चल रहा है। शराबबंदी की दिशा में कार्य करते हुए सरकार ने 19 धार्मिक स्थलों पर शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण से संबंधित सभी स्थलों को तीर्थ बनाया जाएगा। प्रदेश में सामूहिक विवाह समारोह को प्रोत्साहन मिलना चाहिए। राज्य सरकार फिजूलखर्ची रोकने के लिए हर परिवार की सहायता करने के लिए तैयार है।

इसका भरपूर लाभ दतिया जिले के किसानों को भी मिलेगा। अब किसानों को सिंचाई के लिए पानी की चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संबल योजना के माध्यम से मुश्किल वक्त में गरीब भाई-बहनों के परिवार के साथ खड़ी है। प्रदेश की बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए की सौगात दी जा रही है। प्रदेश में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से ही स्कूलों में निःशुल्क दूध वितरित की योजना शुरू की जाएगी। इससे बच्चों को उत्तम स्वास्थ्य और पोषण का लाभ मिलेगा। हमारी सरकार शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को किताबें, साइकिल और लैपटॉप प्रदान कर रही है।

### एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का समापन

# 88 देशों ने किया 'दिल्ली घोषणा-पत्र' का समर्थन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली में आयोजित पांच दिवसीय एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का समापन 88 देशों के समर्थन के साथ हुआ। अमेरिका, ब्रिटेन, चीन, यूरोपीय संघ के सदस्य देशों समेत कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने समिट घोषणा पत्र का अनुमोदन किया। यह सम्मेलन वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के शीर्ष सीईओ, नीति-निर्माताओं और राष्ट्राध्यक्षों की अब तक की सबसे बड़ी बैठक माना जा रहा है। घोषणा-पत्र में कहा गया, 'एआई का आगमन तकनीकी विकास की दिशा में निर्णायक मोड़ है। आज के फैसले भविष्य की पीढ़ियों को मिलने वाली एआई-सक्षम दुनिया को आकार देंगे।' घोषणा में सस्ती सुलभ एआई टेक्नोलॉजी तक पहुंच सुनिश्चित करने, पारिस्थितिकी तंत्र स्थानीय नवाचार को बढ़ावा देने और देशों के बीच सहयोग मजबूत करने पर जोर दिया है। इसमें एआई की बढ़ती ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर जरूरतों को स्वीकार करते हुए ऊर्जा-कुशल एआई डिजाइन और लचीले ढांचे के विकास पर बल दिया गया।




#### वैश्विक सहयोग के 7 स्तंभ

- एआई संसाधनों का लोकतंत्रीकरण
- आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण
- सुरक्षित और भरोसेमंद एआई
- विज्ञान के लिए एआई
- सामाजिक सशक्तिकरण हेतु पहुंच
- मानव पूंजी विकास (स्किलिंग और रिस्किलिंग)
- लचीले, कुशल और नवाचारी एआई सिस्टम

### भाजपा विधायक 5 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**गडग (कर्नाटक), जेएनएन।** कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस ने शनिवार को भाजपा विधायक चंद्रू लामाणी को 5 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। यह कार्रवाई गडग लोकायुक्त पुलिस ने एक ठेकेदार की शिकायत के आधार पर जाल बिछाकर की। लोकायुक्त के अनुसार यह रिश्वत मांग लघु सिंचाई विभाग के कामों से जुड़ी थी, जिसमें सड़क के किनारे रिटेनिंग वॉल (सहायक दीवार) बनाने का काम शामिल था। आरोप है कि विधायक ने काम करवाने के लिए ठेकेदार से 11 लाख रुपए की मांग की थी। जाल बिछाने की कार्रवाई के दौरान 5 लाख लेते समय उन्हें पकड़ा गया। शिरहट्टी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले विधायक के साथ उनके निजी सहायक मंजूनाथ वाल्मीकि और गुरु नाइक को भी इस मामले में हिरासत में लिया गया है।



**ठेकेदार से मांगी थी 11 लाख रुपए रिश्वत**

# एसआईआरः प्रदेश में घट गए 34.25 लाख मतदाता, अब 5.39 करोड़ वोटर

### 3 माह चला एसआईआर अंतिम मतदाता सूची जारी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश में 27 अक्टूबर से शुरू हुआ मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य तीन माह 26 दिन बाद 21 फरवरी को पूरा हो गया है। इस दौरान पहले चरण में अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम सूची से काटे गए। जबकि दूसरे चरण में नए मतदाताओं का नाम जोड़ने का काम किया गया।

21 फरवरी 2026 को प्रकाशित हुई अंतिम मतदाता सूची में कुल 5 करोड़ 39 लाख 81 हजार 065 मतदाता हैं। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार एसआईआर कार्य पूरा हो गया है, लेकिन ऑनलाइन आवेदन से मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटवाने की प्रक्रिया चलती रहेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव झा ने बताया कि एसआईआर के दौरान नाम जोड़ने, विलोपन और संशोधन से संबंधित दावे-आपत्तियों को 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक प्राप्त किया गया। 14 फरवरी 2026 तक सभी दावों,आपत्तियों का सत्यापन कर उनका निराकरण किया गया।

**ऐसे कम-ज्यादा हुए मतदाताः** एसआईआर कार्य शुरू होने के पूर्व राज्य में कुल 5 करोड़ 74 लाख 06 हजार 143 मतदाता थे। एसआईआर के प्रथम चरण के बाद प्रकाशित हुए प्रारूप में 23 दिसंबर को यह संख्या घटकर 5 करोड़ 31 लाख 31 हजार 983 रह गई थी। इसके बाद फार्म 6, फार्म 7 और फार्म 8 भरने का काम शुरू हुआ, जिसके बाद अंतिम सूची में कुल 5 करोड़ 39 लाख 81 हजार 065 वोटर के नाम शामिल किए गए। इनमें पुरुष मतदाता 2 करोड़ 79 लाख 4 हजार 975, जबकि महिला मतदाता 2 करोड़ 60 लाख 75 हजार 186 और थर्ड जेंडर मतदाता 904 हैं। एसआईआर शुरू होने के बाद प्रकाशित प्रारूप में 42 लाख 74 हजार 160 वोटर के नाम काटे गए थे, लेकिन दूसरे चरण में 8 लाख 49 हजार 082 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि (नेट एडिशन) दर्ज की गई। एसआईआर शुरू होने से लेकर नई वोटर लिस्ट प्रकाशन तक प्रदेश में 34 लाख 25 हजार 078 वोटर संख्या घटी है।

#### मंत्रियों के क्षेत्र में कटे ज्यादा नाम




एसआईआर के दौरान मंत्रियों के विस क्षेत्रों से कुल 8 लाख 20 हजार 255 नाम काटे गए, जबकि दूसरे चरण में 1 लाख 69 हजार 753 आवेदन नाम जोड़ने के लिए आए। एसआईआर में 42 लाख 74 हजार 160 मतदाताओं के नाम काटे गए, जबकि 9 लाख 89 हजार 991 लोगों ने नाम जोड़ने के लिए आवेदन दिए।

### नील कत्याल की दलीलों के आगे टैरिफ पर ट्रंप चारों खाने चित

# भारतीय अप्रवासी के बेटे ने दी थी ट्रंप टैरिफ को चुनौती

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका दिया है। अदालत ने उनके लगाए गए इमरजेंसी कानून के तहत टैरिफ को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट में ट्रंप के टैरिफ लगाने के अधिकार को वकील नील कात्याल ने चुनौती दी है। उन्होंने अदालत के सामने दलील दी कि कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के पास व्यापार को विनियमित करने की शक्ति जरूर है, लेकिन ट्रंप इस शक्ति को मनमाने ढंग से इस्तेमाल नहीं कर सकते। ऐसे में नील चर्चा में आ गए हैं। कात्याल का जन्म शिकागो में हुआ था और वो भारतीय अप्रवासी पेरेंट्स के बेटे हैं। उनके पिता इंजीनियर हैं, मां डॉक्टर हैं। कात्याल ने डार्टमाउथ कॉलेज और येल लॉ स्कूल से ग्रेजुएशन किया और फिर यूएस सुप्रीम कोर्ट के जज स्टीफन ब्रेयर के लिए क्लर्क का काम किया। नील कात्याल इन दिनों मिलबैंक एलएलपी में पार्टनर, जार्जटाउन यूनिवर्सिटी लॉ सेंटर में पॉल सॉन्डर्स प्रोफेसर हैं।



#### ओबामा के शासन में कार्यवाहक एसजी रहे कात्याल

कात्याल ओबामा प्रशासन में अमेरिका के कार्यवाहक सॉलिसिटर जनरल (एसजी) रह चुके हैं। ओबामा ने उन्हें साल 2010 में कार्यवाहक एसजी नियुक्त किया था। इसके बाद कात्याल ने अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट और अपीलीय न्यायालयों के सामने संघीय सरकार का प्रतिनिधित्व किया। कात्याल ने करियर में 50 से ज्यादा मामलों में पैरवी की है। 2017 में भी वो ट्रंप के ट्रैवल बैन को चुनौती दे चुके हैं।

#### कई सम्मानों से नवाजे गए कात्याल

नील कात्याल 'इम्पीचः द् केस अगेंस्ट डोनाल्ड ट्रंप' नाम की किताब भी लिख चुके हैं। उन्हें अमेरिकी न्याय विभाग के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'एडमंड रैंडॉल्फ अवॉर्ड' से नवाजा जा चुका है। उन्हें 'द अमेरिकन लॉयर' ने 2017 और 2023 में 'लिटिगेटर ऑफ द ईयर' चुना। कात्याल को फोर्ब्स ने 2024 और 2025 में अमेरिका के टॉप 200 वकीलों की लिस्ट में भी शुमार किया था।



## नगर में आज

**नायमैक 3.0**
आईआईआईटी का वार्षिक टेक्नो-कल्चरल उत्सव
- **स्थान:** मैनिट सिविल ऑडिटोरियम
- **समय:** दोपहर 12 बजे से 5 तक

**ओपासिटी26- रास्ते**
सृजनात्मक सांस्कृतिक कार्यक्रम
- **स्थान:** एनआईडी
- **समय:** दोपहर 12 बजे से

**नाट्य समारोह**
कथा सागर और नाटक पॉपकॉर्न
- **स्थान:** लिटिल बैले ट्रुप
- **समय:** शाम 7:00 बजे

**भारत भवन स्थापना समारोह**
- **स्थान:** भारत भवन
- **समय:** शाम 6 से 7 बजे - बुंदेली, बघेली ऋतुगीत और ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति।

# प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा समेत आधा दर्जन स्थानों पर लगेंगे सिग्नल

**राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने अधिकारी कर रहे इलाकों का भ्रमण | लगे 68 सिग्नल, 14 ब्लैक स्पॉट में से 6 पर सिग्नल की जरूरत हो रही महसूस**



**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार करने के लिए अधिकारी तिराहे-चौराहों व इलाकों का भ्रमण कर रहे हैं। सड़कों पर ट्रैफिक के दबाव को कम करने और सुगम तरीके से संचालित करने के लिए ट्रैफिक सिग्नल की जरूरत महसूस की जा रही है। ऐसे में प्रेस कांपलेक्स तिराहा समेत आधा दर्जन स्थानों पर अभी और ट्रैफिक सिग्नल लगेंगे।

वहीं कुछ पुराने सिग्नल जो काफी समय से बंद पड़े हैं, उन्हें भी चालू किया जाएगा। वर्तमान समय में शहर में 68 ट्रैफिक सिग्नल लगे हैं। चार नए तिराहे-चौराहों पर सिग्नल लगने जा रहे हैं, जिसमें से तीन यानी बावड़िया कला, दानापानी चौराहा और कैरियर कालेज तिराहे पर सिग्नल लगने का काम शुरू हो चुका है। एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक बसंत कौल का कहना है कि नया शहर स्थापित होने से अब ट्रैफिक सिग्नल लगाया जाना जरूरी हो गया है। प्रेस कांपलेक्स समेत सलैया, मानसरोवर चौराहा, हॉलीक्रास चौराहा, जेके अस्पताल आदि तिराहे-चौराहों पर सिग्नल लगेंगे। पुराने शहर की बात की जाए तो डीआईजी बंगला चौराहा पर भी सिग्नल की जरूरत है। नादरा बस स्टैंड का सिग्नल काफी समय से बंद है, जिसे चालू कराया जाएगा। जानकारी के अनुसार प्रेस कांपलेक्स तिराहे पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ा है। ज्योति टाकीज की ओर ट्रैफिक का मूवमेंट बंद हुआ है। सुभाष ब्रिज बनने से ट्रैफिक इस तिराहे का उपयोग कर ब्रिज से पास होता है और सीधा प्रभात चौराहे पर निकल जाता है। वहीं यहां से टर्न लेकर यही ट्रैफिक गोविंदपुरा की ओर निकल रहा है इसलिए इस तिराहे पर दबाव बढ़ा व वाहनों की संख्या बढ़ी है। मेट्रो के पिलर से वाहन बेतरतीब निकलने लगे हैं। ऐसे में एक्सीडेंट की संभावना बढ़ी है। तीन ओर का ट्रैफिक एक-दूसरे को क्रास कर रहा है इसलिए यहां सिग्नल की आवश्यकता महसूस की जा रही है। पर्यावास भवन की ओर से, एमपीनगर, सुभाष फाटक व जिंसी तथा प्रेस कांपलेक्स से निकलने वाला ट्रैफिक इसी तिराहे पर आ रहा है।

### ये हैं ब्लैक स्पॉट

- गोविंदपुरा टर्निंग प्वाइंट
- रत्नागिरी तिराहा
- कोर्ट तिराहा
- आशिमा मॉल के सामने
- समरधा ब्रिज
- डीबी मॉल के सामने
- थाना बागसेवनिया तिराहा
- 1100 क्वाटर हनुमान मंदिर
- तरुण पुष्कर तिराहा
- 1250 चौराहा
- प्लेटिनम प्लाजा
- बेस्ट प्राइज के सामने
- व्यापमं चौराहा
- पीपुल्स मॉल
- चिरायू अस्पताल के सामने

### 6 ब्लैक स्पॉट जहां सिग्नल नहीं

इधर, शहर में अभी 16 ब्लैक स्पॉट हैं, जहां पिछले दो साल में एक्सीडेंट हुए और लोगों की मौत हुई है। बीच में इनमें से कुछ ब्लैक स्पॉट खत्म हुए तो कुछ नए बने हैं। वर्तमान में 6 ब्लैक स्पॉट ऐसे हैं, जहां सिग्नल नहीं लगे हैं। इनमें पीपुल्स मॉल से पीपुल्स अस्पताल, समरधा ब्रिज, आशिमा मॉल के सामने, 1100 क्वाटर, 11 मील और चिरायू अस्पताल स्थान शामिल हैं। वहीं शहर में कुछ उभरते ब्लैक स्पॉट भी सामने आए हैं, जहां दुर्घटनाएं हुई हैं। इनमें जेके तिराहा, मैनिट तिराहा, किलोल पार्क के आसपास, दानिश चौराहा, बंजारी तिराहा, पटेल नगर बायपास चौराहा और विदिशा रोड चौराहा है। यहां ट्रैफिक बाधित हो रहा है। वाहन की गति कम है। एक्सीडेंट की संभावना बढ़ रही है।

### तीन जगह सिग्नल का काम शुरू




इसी तरह बढ़ते ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित करने के लिए चार स्थानों बावड़िया कला चौराहा, दानापानी चौराहा, कैरियर कालेज तिराहा और साक्षी ढाबा चौराहा पर सिग्नल लगाए जा रहे हैं। 30 दिन के अंदर यहां सिग्नल लगाए जाएंगे। बावड़िया कला, दानापानी चौराहा और कैरियर कालेज तिराहे पर सिग्नल लगने का काम शुरू हो गया है। एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक कौल का कहना है कि इन तिराहे-चौराहे पर ट्रैफिक इतना बढ़ गया था कि इसे मैन्युअल कंट्रोल करना संभव नहीं हो पा रहा था। खासकर पीक आवर में यहां ट्रैफिक जाम, वाहनों की लंबी कतारें लगती थीं, जिससे आसपास की सड़कों पर ट्रैफिक का असर पड़ता था।

## संक्षिप्त खबरें

### मालीपुरा सहित कई इलाकों में आज बिजली कटौती

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** अयोध्या नगर बायपास पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य, मेट्रो ब्लू लाइन कॉरिडोर और 11 केवी लाइन शिफ्टिंग के चलते शहर के कई इलाकों में रविवार को बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से मिली जानकारी क अनुसार आज आशाराम चौराहा, गांधी नगर मार्केट, अर्जुन वार्ड, प्रताप वार्ड, डेंटल कॉलेज, पर्णकुटी, आरामिल, धाकड़ चौराहा व गोंदरमऊ बीडीए कालोनी व आसपास के इलाकों में अयोध्या बायपास चौड़ीकरण के चलते सुबह 11 से शाम 4 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी। तहसील रोड, नक्कार खाना, गौहर महल, मालीपुरा, पीरगेट चौराहा, लखेरापुरा, गुजरपुरा, नीम रोड, इमामी गेट चौराहा, मन्नूमल धर्मशाला व आसपास सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक और ईदगाह हिल्स स्थित संजय नगर, मौलाना आजाद कालोनी, प्रिंस कालोनी, प्रभु नगर व आसपास सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रखी जाएगी। मेट्रो ब्लू लाइन कॉरिडोर के चलते पुलिस हाउसिंग, फॉरेंसिक लैब, पुलिस रेडियो, नयागांव, आकृति गार्डन, करुणाधाम आश्रम, प्रगति परिसर, गौमती कालोनी, नेहरू नगर शेड व आईआईएमएफ सहित आसपास के इलाकों में और स्टेट सेल साइबर क्राइम, सहयाद्रि परिसर, न्यू पुलिस क्वार्टर, मत्स्य महासंघ, प्रेमपुरा, सयाजी होटल और वन विहार सहित आसपास के इलाकों में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक और सूरज नगर, सेवनिया गोंड, घोड़ा फार्म, बरखेड़ी कला, वन निधि नर्सरी, गोरागांव, बिशनखेड़ी और बीलखेड़ा व आसपास के इलाकों में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बिजली नहीं रहेगी।

### प्रेमी की शादी तय होने पर नर्सिंग छात्रा ने लगाई फांसी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** प्रेमी की दूसरी जगह शादी तय होने से दुखी नर्सिंग का छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। वह डिप्रेशन में चल रही थी। छात्रा ने कोई सुसाइड नोट नहीं छोड़ा है, जिससे आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शनिवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। अयोध्या नगर पुलिस के मुताबिक, मूलतः बरखेड़ा हसन जिला सीहोर निवासी 24 वर्षीय उमा लोधी पिता नर्मदा प्रसाद विंध्याचल कालोनी में किराए से रहती थी। वह नर्सिंग की छात्रा थी। उमा अपने जीजा के भाई से प्रेम करती थी। दोनों शादी करना चाहते थे। लेकिन कुछ दिन पहले युवक के परिजनों ने उसकी कहीं और शादी तय कर दी। उमा ने इसका विरोध नहीं किया। गुरुवार को युवक ने उमा को कॉल कर बताया कि वह शादी करने जा रहा है। तुम्हें कोई एतराज तो नहीं। इसके बाद से उमा डिप्रेशन में थी। इसके चलते शुक्रवार रात उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

### एमपी ट्रांसको में लागू हुई ई-ऑफिस प्रणाली

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में ई-ऑफिस प्रणाली से कामकाज शुरू हो गया है। पहले चरण में मुख्यालय के बाद पूरे प्रदेश में इस व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से लागू किया गया है। नई व्यवस्था के तहत मुख्यालय शक्ति भवन स्थित विभागों सहित पूरे प्रदेश के फील्ड व सर्किल कार्यालयों में विभागीय पत्राचार, नोटशीट और अन्य कार्यालयीन कार्य अब ई-ऑफिस के जरिए किए जा रहे हैं। आईटी हेड डॉ हिमांशु श्रीवास्तव ई-ऑफिस कार्यप्रणाली को अपनाने के लिए अधिकारियों से लेकर संबंधित कर्मचारियों को निरंतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ई-ऑफिस प्रणाली के सफल संचालन के लिए मुख्यालय शक्ति भवन में एक समर्पित हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है, जिसमें नीलम मर्सकोले, प्रोग्रामर द्वारा आवश्यक तकनीकी सहयोग एवं मार्गदर्शन किया जा रहा है।

# जेपी और काटजू में एक साल में 14 बच्चों की हुई मौत, कलेक्टर ने दिए डेथ ऑडिट के आदेश

**एसएनसीयू में होने वाली हर मौत का जाना जाएगा कारण, जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में उठा मुद्दा**

**नगर संवाददाता, भोपाल।** जयप्रकाश और काटजू अस्पताल में बीते एक साल में 14 नवजात बच्चों की मौत हुई है। दोनों अस्पताल में क्रमशः 7-7 मौतें रिकार्ड की गई हैं। इसके अलावा 3 मौतें अन्य अस्पतालों में हुई हैं। इस तरह भोपाल जिले में एक साल में 17 नवजात की मौत से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। गत दिवस जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में यह विषय आया। जिस पर कलेक्टर भोपाल कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने आदेश दिए कि हर मौत का ऑडिट किया जाए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ मनीष शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील सोलंकी, स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों और शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि एसएनसीयू में होने वाले हर बच्चे की मृत्यु के मूल कारणों की समीक्षा की जाए ताकि उन्हें समय रहते प्रबंधन कर नवजात मृत्यु दर को नियंत्रित किया जा सके। डेथ ऑडिट में गर्भावस्था के दौरान होने वाली समस्याओं के साथ-साथ प्रसव के दौरान हुई जटिलताओं को भी शामिल किया जाए। दरअसल, वित्तीय वर्ष 2025-26 में दोनों अस्पतालों के एसएनसीयू में 1058 बच्चों को एडमिट कराया गया। इनमें से इलाज के दौरान 14 बच्चों की मौत हो गई। इन मौतों को रोकने विभाग नए सिरे से तैयारी कर रहा है।




### मप्र में शिशु मृत्यु दर के आंकड़े चौंकाने वाले

मप्र में शिशु मृत्यु दर के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। प्रदेश में जन्म लेने वाले 1000 बच्चों में 32 बच्चे 29 दिन के पहले और 55 बच्चे जिंदगी का पांचवां साल नहीं देख पाते। देश के 21 बड़े राज्यों में यह मृत्यु दर सबसे ज्यादा है। ये खुलासा राज्यों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट से सामने आया है। स्वास्थ्य से जुड़े 23 इंडिकेटर्स के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट में मप्र 17वें स्थान पर है।

### बिना कारण रेफर करने पर कार्रवाई

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में बताया गया कि जिन बच्चों की मौत हुई इनमें से दूसरे अस्पतालों से रेफर होकर आने वाले बच्चों की संख्या ज्यादा है। ऐसे में अब जहां से इन बच्चों को रेफर किया गया है, वहां भी ऑडिट किया जाएगा। उस अस्पताल और घर में इंफेक्शन के साथ अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जाएगी।

### संक्रमण रोकने एआई की ली जाएगी मदद

सीएमचओ डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि अब ऑपरेशन थिएटर और लेबर रुम में संक्रमण नियंत्रण की चेकलिस्ट का सख्ती से पालन किया जाएगा। संक्रमण रोकने के लिए एआई आधारित तकनीक कोका इस्तेमाल किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि संक्रमण नियंत्रण बेहतर होगा तो प्रसव और ऑपरेशन के दौरान होने वाली जटिलताओं में कमी आएगी।

### आंकड़े

| सुविधाएं | जेपी अस्पताल | काटजू |
|---|---|---|
| कुल भर्ती | 200 | 855 |
| इनबोर्न | 21 | 715 |
| आउटबोर्न | 179 | 143 |
| रेफरल | 11 | 63 |
| मृत्यु | 07 | 07 |

### यह होगा डेथ ऑडिट में

- मृत्यु के पीछे वास्तविक कारण क्या थे क्या उन्हें पहले पहचाना जा सकता था।
- गर्भावस्था के दौरान आई दिक्कतें, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, समय पर जांच और प्रसव के दौरान आई जटिलताओं की जांच
- रैफरल केस में इंफेक्शन से जुड़े सभी बिंदुओं पर जांच
- रैफरल परिवार और अस्पताल में भी टीम भेजकर पड़ताल

### छात्रा को मैसेज करने वाले की सरेराह पिटाई

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** छोला मंदिर इलाके में ग्यारहवीं की छात्रा को मैसेज करने वाले मनचले की सरेराह पिटाई का मामला सामने आया है। छात्रा के भाई-भाभी ने उसे जमकर पीटा। पिटाई के बाद आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी काफी लंबे समय से छात्रा को परेशान कर रहा था। पुलिस के मुताबिक, 17 वर्षीय पीड़िता छोला मंदिर इलाके में रहती है और पढ़ाई करती है। आरोपी अनुराग दुबे उसका पूर्व परिचित है। जोकि काफी लंबे समय से उसके परेशान कर रहा था। वह कॉल करने का दबाव बनाता था। स्कूल आते-जाते समय पीछा करता था। बात न करने पर मैसेज करता था। आरोपी की हरकतों से परेशान होकर छात्रा ने अपने बड़े भाई और भाभी को इसके बारे मे बताया। इस बीच आरोपी ने छात्रा पर मिलने का दबाव बनाया। भाई के कहने पर छात्रा ने आरोपी अनुराग को मिलने बुलाया। जब वह मौके पर पहुंचा तो छात्रा के भाई और भाभी ने उसकी सरेराह पिटाई कर दी। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि पीड़िता की ओर से कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई। पुलिस ने शांति भंग करने का आशंका के चलते उसके खिलाफ 151 के तहत कार्रवाई की है।

**काफी दिनों से पीछा कर रहा था आरोपी, बात करने का बना रहा था दबाव**

# वीआईपी रोड पर कार से स्टंट और डांस करने वाला पकड़ाया

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था वीडियो



**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** वीआईपी रोड पर कार पर खड़े होकर डांस व स्टंट करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। सूबेदार की रिपोर्ट पर कोहेफिजा पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद पुलिस ने उसकी पहचान कर केस दर्ज किया। कोहेफिजा पुलिस के मुताबिक, ट्रैफिक थाने में पदस्थ जितेंद्र अटेरिया ने शनिवार को रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उनका कहना है कि शुक्रवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें तीन कारों द्वारा वीआईपी रोड पर स्टंट किया गया। कार चालक लापरवाही से वाहन चला रहे थे। जिससे दूसरों की जिदंगी के लिए संकट उत्पन्न हुआ। यह वीडियो बीती 2 फरवरी की रात करीब एक से डेढ़ बजे के बीच वीआईपी रोड का था। कार नंबर के आधार पर उसकी पहचान की गई। कार क्रमांक एमपी 07 सीबी 8099 आजम खान की है। वह कार चला रहा था। जोकि न्यू नेहरू स्कूल अशोका गार्डन में रहता है। सूबेदार की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी आजम खान के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 और मोटर व्हीकल एक्ट 184 के तहत केस दर्ज किया है।

**मामा के पास सुधरने आई थी गाड़ी:** पुलिस की जांच में सामने आया है कि आजम का मामा अनवर खान मैकेनिक है। यह गाड़ी ग्वालियर के किसी सिद्दीकी की है। जोकि सुधरने के लिए अनवर के पास एक माह से थी। शादी में जाने के लिए अनवर ने अपने भांजे आजम को यह गाड़ी दी थी, जिससे उसने स्टंट किया था।

# सीसीटीवी की निगरानी में 10वीं-12वीं का मूल्यांकन

**एक करोड़ से ज्यादा कापियों का होगा मूल्यांकन, गलत मूल्यांकन किया तो हर एक नंबर पर होगा जुर्माना**

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल ।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं की कॉपियों का मूल्यांकन रविवार से शुरू हो जाएगा। मूल्यांकन का पहला चरण 13 फरवरी तक हुए पेपर की कॉपियों से शुरु होगा। मंडल द्वारा मूल्यांकन जिला स्तर पर किया जाएगा।

यह मूल्यांकन सीसीटीवी की निगरानी में होगा। राजधानी में मूल्यांकन केंद्र समन्वयक संस्था मॉडल स्कूल टीटी नगर को बनाया गया है। मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों को मंडल ने होनहार और बिल्कुल फिसड्डी विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। जीरो और 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों की कापियां दोबारा से चेक की जाएगी। एक या दो नंबर से किसी विषय में विशेष योग्यता या प्रथम श्रेणी की पात्रता से वंचित होने पर विद्यार्थियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। हर पेज पर दिए गए नंबर को जोड़ने में भी विशेष ध्यान रखी जाएगा। उक्त विद्यार्थियों की कापियों को दोबारा से चेक कर नंबर को ध्यान से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं।




### केंद्र में प्रवेश के बाद बाहर नहीं जा पाएंगे शिक्षक

मूल्यांकन केंद्र के अंदर प्रवेश लेने के बाद शिक्षक बाहर नहीं जा पाएंगे। कापियों की चैकिंग आदर्श उत्तर के अनुसार होगी। शिक्षकों को विद्यार्थी को हर स्टेप के नंबर देना होंगे। शिक्षक ने विद्यार्थी का गलत मूल्यांकन किया तो उन्हें इसका हर्जाना भी जमा करना होगा। विद्यार्थी के कापी में नंबर बढ़ने पर शिक्षक को एक नंबर बढ़ने के हिसाब से सौ-सौ रुपए का जुर्माना देना होगा।

### फर्जीवाडा पर नहीं हुई गत वर्ष कार्रवाई

माशिमं के मूल्यांकन केंद्रों पर कापियों में आसानी से नंबर बढ़ाने के कार्य भी चल रहे हैं। गत वर्ष इंदौर के मूल्यांकन केंद्र में मूल्यांकनकर्ताओं ने दसवीं-बारहवी की कापियों की चैकिंग में नंबर बढ़ा दिए थे। मंडल अभी तक इंदौर की मूल्याकंन प्रभारी बबीता हयारण पर कार्यवाही नहीं कर सका है। बल्कि मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। माशिमं के निर्देश हैं कि स्ट्रांग रूम में कार्यरत केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष को पांच साल से ज्यादा समय नहीं रखा जा सकता था, लेकिन माशिमं के अधिकांश स्ट्रांग रूम में पांच साल से ज्यादा जमें कर्मचारियों से काम लिया जा रहा है।

### मूल्यांकन के दौरान केंद्रों पर धारा 144 लागू

माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा में करीब तीस हजार शिक्षक करीब 16 लाख विद्यार्थियों की एक करोड़ से ज्यादा कापियों का मूल्यांकन करेंगे। बारहवी में मूल्यांकन प्राथमिकता से किया जाएगा। मूल्यांकन के दौरान केंद्रों पर धारा 144 लागू रहेगी। हाईस्कूल की प्रति कापी चैक करने पर 12 रुपए व हायर सेकेंडरी के लिए 13 रुपए मिलेंगे। मूल्यांकन कार्य प्रतिदिन सुबह 9.30 बजे से शुरू होगा। एक शिक्षक को प्रतिदिन न्यूनतम 45 और अधिकतम 60 उत्तर पुस्तिकाएं जांचने के लिए दी जाएंगी। केंद्रों पर मूल्यांकन बाद ऑनलाइन अंकों की एंट्री भी की जाएगी। मूल्यांकन केंद्रों पर मंडल मुख्यालय से नजर रखी जाएगी। सभी मूल्यांकन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उक्त कैमरों से मंडल मुख्यालय से ही अधिकारी नजर रखेंगे।

**सख्ती** — लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश को तुगलकी फरमान बता रहे शिक्षक

# 7 दिन से ज्यादा अनुपस्थिति पर रिलीव होंगे अतिथि शिक्षक

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल ।** लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी प्राचार्यों को आदेश देते हुए कहाकि अतिथि शिक्षक एक सप्ताह से अधिक स्कूल से अनुपस्थित रहता है, तो उसे तत्काल स्कूल पोर्टल से रिलीव कर दिया जाए। संचालनायल के फरमान देख अतिथि शिक्षक में खलबली मच गई है। वे अपर संचालक के आदेश को तुगलकी फरमान बता रहे हैं। अतिथि शिक्षक समन्वय समिति के प्रदेश सचिव रविकांत गुप्ता ने कहा कि सरकार यह भूल जाती है कि अतिथि शिक्षक भी इंसान हैं, मशीन नहीं। वे भी बीमार हो सकते हैं, उनकी भी पारिवारिक जिम्मेदारियां होती हैं। किसी अतिथि शिक्षक का एक्सीडेंट हो जाए या परिवार में किसी सदस्य की मृत्यु हो जाए, तो क्या मानवीय मूल्यों को भूलकर उन्हें स्कूल से बाहर कर देना उचित है। जबकि अतिथि शिक्षकों के पास न अवकाश की पात्रता है और न ही कोई मूलभूत सेवा सुविधाएं उपलब्ध हैं।




### आदेश वापस ले या करें संशोधन

सचिव गुप्ता ने कहा कि उक्त आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए या उसमें मानवीय संशोधन किया जाए। किसी भी कार्रवाई से पूर्व लिखित सूचना, स्पष्टीकरण और निष्पक्ष जांच अनिवार्य की जाए। सरकार उक्त आदेश पर पुनर्विचार नहीं करती है, तो अतिथि शिक्षक लोकतांत्रिक तरीके से अपने अधिकारों की रक्षा हेतु संघर्ष करने के लिए बाध्य होंगे।

### दिहाड़ी मजदूर बनकर रह गये अतिथि शिक्षक

आज स्थिति यह है कि अतिथि शिक्षक बेबस, बेचारा, मजबूर और दिहाड़ी मजदूर बनकर रह गया है। यह आदेश न केवल अव्यवहारिक और अमानवीय है, बल्कि इसके दुरुपयोग की भी गंभीर आशंका है। अतिथि शिक्षकों को यह भय है कि इस आदेश का गलत उपयोग किया जा सकता है। कोई भी प्राचार्य या संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत कारणों या मनमानी के आधार पर किसी अतिथि शिक्षक को यह कहकर बाहर कर सकता है कि वह एक सप्ताह स्कूल नहीं आया। बिना निष्पक्ष जांच, बिना लिखित सूचना और बिना स्पष्टीकरण का अवसर दिए यदि रिलीव की कार्रवाई होती है, तो यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत होगा।

# पूर्व सैनिक बनेंगे रेलवे में पाइंट्समैन, हुआ एमओयू

**नगर संवाददाता, भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे का भोपाल मंडल अब पूर्व सैनिकों को रेलवे सेवा से जोड़ने की दिशा में बड़ी पहल करने वाला पहला मंडल बन गया है। मंडल ने स्टेशनों पर पॉइंट्समैन के पदों पर एक्स-सर्विसमैन की तैनाती के लिए आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गेनाइजेशन (एडब्ल्यूपीओ) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। 19 फरवरी को हुए इस समझौते के तहत भोपाल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर 56 पूर्व सैनिकों को पॉइंट्समैन के रूप में नियुक्त किया जाएगा। रेलवे के मुताबिक चयनित जवानों की भौतिक तैनाती आगामी 15 दिनों के भीतर शुरू कर दी जाएगी। इस समझौते के साथ भोपाल मंडल पश्चिम मध्य रेलवे का पहला ऐसा मंडल बन गया है, जिसने पूर्व सैनिकों की नियुक्ति के लिए इस तरह का एमओयू किया है। रेलवे अधिकारियों का मानना है कि यह कदम न सिर्फ पूर्व सैनिकों के पुनर्वास की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि रेल परिचालन और संरक्षा को भी मजबूती देगा। समझौता ज्ञापन पर मंडल की ओर से वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रोहित मालवीय और वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी विजय सिंह ने हस्ताक्षर किए। वहीं एडब्ल्यूपीओ की ओर से सेवानिवृत्त कर्नल मुकेश कुमार तिवारी ने दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। अधिकारियों का कहना है कि सेना से सेवानिवृत्त जवान अनुशासन, जिम्मेदारी और कार्यकुशलता के लिए पहचाने जाते हैं। ऐसे में उनकी नियुक्ति से स्टेशनों पर पॉइंट्स संचालन में दक्षता बढ़ेगी।




नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नॉलॉजी के एनुअल फेस्ट में आयोजित हुआ अनोखा फैशन शो

# कहीं रूह कंपा देने वाली खामोशी कहीं पिंजरे में तड़पती खुशी



**जागरण, भोपाल।** शनिवार की शाम निफ्ट भोपाल का कैंपस किसी फैशन शो का वेन्यू नहीं, बल्कि एक 'जादुई पोर्टल' लग रहा था। फैशन शो की थीम थी 'मिडनाइट कार्निवल', लेकिन यहां सिर्फ चमक-दमक नहीं थी, बल्कि उस चमक के पीछे कलाकार का अकेलापन और दर्द था। एनुअल फेस्ट 'स्पेक्ट्रम-2026' के तहत आयोजित मिडनाइट कार्निवल फैशन शो में स्टूडेंट्स ने कपड़ों के जरिए वो दास्तां सुनाई, जो अक्सर मेले की रोशनी खत्म होने के बाद अंधेरे में गूंजती है। 36 मॉडल्स ने जब रैंप पर कदम रखा, तो दर्शकों ने सिर्फ डिजाइन नहीं, बल्कि कार्निवल के बाद बचे रह गए सन्नाटे, हंसी की गूंज और एक कलाकार के अंतर्मन के संघर्ष को महसूस किया। संस्थान के निदेशक अखिल सहाय और मुख्य अतिथि आईएएस अधिकारी विकास मिश्रा ने दीप प्रज्जवलित कर इस शाम की शरूआत की। विकास मिश्रा ने छात्रों के हुनर को देख उन्हें भविष्य के उत्कृष्ट एंटरप्रेन्योर्स बताया। शो के तीन राउंड्स- फौना एन फिएस्ता, एशेज ऑफ एम्यूजमेंट और द ग्रेटेस्ट शोमैन ने दर्शकों को विलासिता से लेकर यथार्थ के धरातल तक का सफर कराया।

## हैट से निकला परिंदा

शो का सबसे बड़ा वाऊ मोमेंट तब आया जब रैंप पर एक बड़ी सी हैट (टोपी) चलती हुई दिखी। दर्शकों को लगा शायद यह कोई प्रॉप है, लेकिन जैसे ही मॉडल ने डोरियां खींचीं, 12 मीटर फोम से बनी वह टोपी एक आलीशान गाउन में बदल गई और उसमें से एक आजाद पक्षी निकल आया। यह सिर्फ डिजाइन नहीं, एक जादूगर की फैंटेसी थी जिसे हकीकत में बदलने में टीम को तीन हफ्ते की कड़ी मेहनत लगी।




## मेला खत्म होने के बाद की डरावनी हकीकत

सबसे ज्यादा इम्पैक्टफुल रहा एशेज ऑफ एम्यूजमेंट राउंड। हम अक्सर मेले की भीड़ देखते हैं, लेकिन निफ्ट के स्टूडेंट्स ने वो दिखाया जो पीछे बच जाता है-टूटी हुई चूड़ियां, खामोश झूले और हवा में तैरती पुरानी हंसी की गूंज। यह अहसास थोड़ा डरावना (हॉन्टिंग) था पर बेहद सच। जोकर जो सबको हंसाता है, वह खुद क्या चाहता है? इस सवाल को स्टूडेंट्स ने अपने गारमेंट्स की लेयरिंग और डार्क कलर्स के जरिए बखूबी पेश किया।

## पिंजरे में कैद जोकर की हंसी

एक पल ऐसा भी आया जब रैंप पर सन्नाटा पसर गया। एक मॉडल पिंजरे के अंदर थी यह जादूगर की वो खुशी थी जो दुनिया की उम्मीदों के बोझ तले कहीं कैद हो गई है। शो ने बड़ी खूबसूरती से दिखाया कि कैसे एक कलाकार सबको हंसाने के चक्कर में अपनी खुद की हंसी खो देता है। अंत में जब वह मॉडल पिंजरे से बाहर आई, तो लगा जैसे हर किसी ने अपनी दबी हुई खुशी को आजाद होते देखा हो। कहीं सर्कस के टेंट वाले लाल-सफेद रंग थे, तो कहीं बुझे हुए मेले की राख। किसी ने चॉबी वाली गुड़िया के जरिए मजबूरी दिखाई, तो किसी ने मौत के कुएं का रोमांच। जूरी मेंबर्स श्वेता पंड्या, शिवांगी अग्रवाल और स्नेहा उमरवानी भी स्टूडेंट्स की इस आउट ऑफ द बॉक्स सोच को देख दंग रह गईं।

# समाज जैसा बदलेगा, सिनेमा भी वैसा ही बदलेगा : हुमा कुरैशी

**जागरण, भोपाल।** ऊपर आसमान है, नीचे जमीन है और बीच में हम हैं-पिता की यही सीख मेरे साथ रही। जब 2010 में मुंबई आई तो मेरे पास खोने के लिए कुछ नहीं था, इसलिए मैं बिल्कुल निडर थी। यह कहना है अभिनेत्री हुमा कुरैशी का, जिन्होंने भोपाल फिल्म फेस्टिवल में अपने संघर्ष, सिनेमा में बदलाव और सोशल मीडिया के प्रभाव पर खुलकर बात की। हुमा ने कहा फिल्मी परिवार से आने वालों को कई बातें पहले से पता होती हैं, लेकिन बाहरी लोगों को हर कदम खुद समझना पड़ता है। निडर रहना बहुत जरूरी है। अगर कुछ नहीं जानते तो पूछिए। लोग हंसेंगे तो हंसने दीजिए, जिज्ञासा और सीखने की ललक ही किसी भी व्यक्ति को बेहतर बनाती है। सिनेमा में आए बदलाव पर उन्होंने कहा कि महिला केंद्रित फिल्मों और वेब सीरीज की संख्या बढ़ी है। लेकिन समाज जैसा बदलेगा, सिनेमा भी वैसा ही बदलेगा। फिल्म बनाना एक हिस्सा है, उसे दर्शकों तक पहुंचाना दूसरा। हमें महंगे मार्केटिंग मॉडल से अलग रास्ते तलाशने होंगे। बड़े बजट की फिल्मों में महिला निर्देशकों का आना सकारात्मक संकेत है। इंडस्ट्री बदल रही है और यह बदलाव जरूरी है।

### भोपाल फिल्म फेस्टिवल का पहला संस्करण

मॉर्फिक द्वारा प्रस्तुत दी भोपाल फिल्म फेस्टिवल का पहला संस्करण शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। यह मध्य भारत का सबसे बड़ा फिल्म फेस्टिवल है, जो फिल्मों को देखने, समझने और उन पर सार्थक चर्चा के लिए एक विशेष मंच प्रदान करता है। फिल्म फेस्टिवल का शुभारंभ माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा किया गया। सुबह के सत्र में अभिनेत्री हुमा कुरैशी के दर्शकों के साथ संवाद के बाद फिल्म स्क्रीनिंग का दौर शुरू हुआ, जिसमें महिलाओं पर केंद्रित फिल्मों का विशेष प्रदर्शन किया गया। अंतरराष्ट्रीय फिल्मों के अंतर्गत फ्रेंच फिल्म 'ए स्माल चेंज' का प्रदर्शन भी किया गया। इसके साथ ही मध्य प्रदेश केंद्रित फिल्मों का विशेष शोकेस आयोजित किया गया।

# पुरुष मनोवृत्ति के अंतर्द्वंद का दस्तावेज़

**जागरण, भोपाल।** लिटिल बैलेट ट्रुप मंच पर शनिवार से चौथा आलोक चटर्जी स्मरण आहान नाट्य समारोह का आगाज हुआ। आहान शिक्षा, संस्कृति एवं समाज कल्याण समिति द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय समारोह के पहले दिन विख्यात रंगकर्मी स्वर्गीय आलोक चटर्जी की स्मृतियों को समर्पित विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। आलोक चटर्जी द्वारा अभिनीत उनके अंतिम नाटक 'रेड फ्रॉक' की स्क्रीनिंग की गई। आशीष पाठक के लेखन और निर्देशन में बनी यह प्रस्तुति मात्र एक नाटक नहीं, बल्कि मानवीय सिद्धांतों और पुरुष मनोवृत्ति के अंतर्द्वंद का जीवंत दस्तावेज़ है। स्क्रीनिंग के बाद 'रंगमंच में आलोक एवं नाटक रेड फ्रॉक' विषय पर चर्चा हुई। इस सत्र में निर्देशक आशीष पाठक ने स्व. आलोक चटर्जी के साथ काम करने के अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री प्रहलाद पटेल उपस्थित रहे। साथ ही गिरजाशंकर, राजीव वर्मा, मुकेश वर्मा और राजेश जोशी जैसे दिग्गज कलाकारों ने भी आलोक चटर्जी के रंग-सफर पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन विनय उपाध्याय और आशीष पाठक ने किया।



**नाटक की कहानी :** यह कहानी सिद्धांतों की उस सीढ़ी के बारे में है, जिस पर व्यक्ति जीवन भर संघर्ष करते हुए चढ़ता है। नाटक में भारतीय पुरुषों के दोहरे मापदंडों और वैचारिक ट्रांसफॉर्मेशन को बड़ी ही सूक्ष्मता से दिखाया गया है।

## मूवी रिव्यू
## कैनेडी

**कास्ट** राहुल भट, सनी लियोनी, मोहित टाकलकर, आमिर दलवी, अभिलाष थपलियाल
**डायरेक्टर** अनुराग कश्यप
**श्रेणी** हिंदी, क्राइम, थ्रिलर
**क्रिटिक रेटिंग** 2.5/5
**अवधि-** 2 घंटा 22 मि.
कहां देखें- ओटीटी जी5

# नियो नॉयर दुनिया की स्लो बर्नर कहानी



अपनी शर्तों पर सिनेमा बनाने की जिद पालने वाले फिल्मकार अनुराग कश्यप की नियो-नॉयर क्राइम थ्रिलर फिल्म 'कैनेडी' कान्स फिल्म फेस्टिवल 2023 में डंका बजाने के 3 साल बाद, आखिरकार ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। ब्लैक फ्राइडे, गैंग्स ऑफ वासेपुर, रमन राघव 2.0 और अग्ली की तरह अनुराग ने इस फिल्म में भी अपने सिग्नेचर स्टाइल में एक नियो नॉयर (डार्क, एंटी हीरो वाली) दुनिया रची है, जहां नैतिक रूप से टूटे हुए किरदार हैं, अंदर तक खोखली हो चुकी व्यवस्था है।

### क्यों देखें

राहुल भट ने बेहतरीन परफॉर्मेंस दी हैं। एक टूटे हुए जख्मी इंसान के दर्द और एक निर्मम हत्यारे के खौफ दोनों ही भावों को वे अपनी आंखों से प्रभावी ढंग से बयां करते हैं। उसके अलावा, अभिलाष थपलियाल भी प्रभावित करते हैं। सनी लियोनी बस आकर्षक दिखती हैं। तकनीकी रूप से सिलवेस्टर फोंसेका की सिनेमटोग्राफी काबिल-ए-दाद है, जो मुंबई की खामोश, स्याह गलियों को किरदार के मनोभावों का अक्स बना देते हैं।

### कहानी

कहानी एक ऐसे पूर्व पुलिस अधिकारी उदय शेट्टी (राहुल भट) की है, जो दुनिया के लिए मर चुका है। जबकि, असल में वह प्रीमियम टैक्सी ड्राइवर कैनेडी बनकर पुलिस कमिश्नर रशीद (मोहित टाकलकर) के लिए हिटमैन का काम करता है। वह अंधेरी रातों में एक के बाद एक लोगों को मौत के घाट उतारता रहता है। कैनेडी का खुद का एक दर्दनाक अतीत भी है, जिसके कारण उसकी जिंदगी का एक ही मकसद है, गैंगस्टर सलीम (आमिर दलवी) से बदला। लेकिन इसी बीच उसकी जिंदगी में चार्ली (सनी लियोनी) की एंट्री होती है। अब क्या शेट्टी अपने इस मकसद में कामयाब हो पाता है? वह सलीम से क्यों बदला लेना चाहता है? मौत का यह खेल उसे कहां ले जाता है? यह सब फिल्म देखकर पता चलेगा।

### मूवी रिव्यू

अनुराग कश्यप की एक रात में लिखी इस कहानी की शुरुआत दिलचस्प तरीके से होती है, जब उदय अपना परिचय देने के साथ ही रूसी संगीतकार चाइकोव्स्की की धुन पर बिजली सी फुर्ती और सपाट चेहरे के साथ अपना पहला शिकार करता है। उसके बाद आमिर अजीज और बॉयब्लैंक का बेहतरीन गीत फिल्म के मूड और माहौल को सेट करता है, लेकिन आगे पटकथा एक ढर्रे पर चल पड़ती है।
राहुल भट के अलावा, फिल्म के बाकी किसी किरदार में कोई लेयर या गहराई नहीं है। मसलन, रशीद के हिस्से सिर्फ अपने गुर्गों को पैसे जुटाओ, धमकाओ, नहीं तो टपकाओ का आदेश देने का काम आया है। यहां तक कि सनी लियोनी तक का किरदार कहानी में कुछ खास योगदान नहीं करता और गैरजरूरी लगता है। यह फिल्म बेशक एक स्लो बर्नर है, जो धीरे-धीरे अपने अंजाम पर पहुंचती है, मगर इन किरदारों से वह जुड़ाव ही नहीं बन पाता कि आखिर तक आपको उनकी कहानी में रुचि रह पाए। क्लाइमैक्स भी काफी प्रिडिक्टेबल है। हां, अनुराग अपने अंदाज में सिस्टम, शासन और सरकार पर तीखा तंज करने का मौका नहीं चूकते।

### क्यों देखें

क्यों देखें- अनुराग कश्यप ब्रांड सिनेमा के मुरीद हैं, तो राहुल भट के शानदार अभिनय के लिए कैनेडी को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर एक मौका दे सकते हैं।

# नायमैक में दिखा निशानेबाजी का कौशल



**एजु.रिपोर्टर, भोपाल।** आईआईआईटी भोपाल के टेक्नो-कल्चरल फेस्ट में पेंटबॉल इवेंट रंगरेज ने छात्रों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा किया। जहां प्रतिभागियों को पेंटबॉल गन्स तथा सुरक्षा के लिए यूनिफॉर्म व आवश्यक गियर उपलब्ध कराए गए। पूरे आयोजन के दौरान छात्रों ने टीमवर्क और रणनीति के साथ खेल का आनंद लिया, जिससे मैदान में रोमांचक माहौल बना रहा। इवेंट का अंतिम चरण स्टेज 3 में आयोजित किया गया। शीर्ष 15 टीमों ने लैपटॉप पर बम डिफ्यूजन चैलेंज में भाग लिया, जिसमें एक सदस्य निर्देश देता था और दूसरा दूर बैठकर उसे निष्क्रिय करता था, जिससे कठिनाई और रोमांच दोनों बढ़े। अंकों और सटीकता के आधार पर शीर्ष पांच टीमों ने मिस्ट्री ग्रैंड फिनाले में प्रवेश किया, जिसमें इमेज इल्यूजन, साउंड टास्क और कोड डिकोडिंग जैसे चुनौतीपूर्ण राउंड शामिल थे। अंततः शीर्ष तीन टीमों को पुरस्कृत किया गया।

## निशानेबाजी कौशल को परखा

कार्यक्रम में शामिल टीम द्वारा आयोजित एडवेंचर एवं टेक-गेमिंग गतिविधियों ने छात्रों के बीच विशेष आकर्षण बनाया। कार्यक्रम में बॉडी जॉर्बिंग, एयर राइफल शूटिंग और जेस्चर-कंट्रोल्ड गेमिंग जैसी गतिविधियां शामिल रहीं। बॉडी जॉर्बिंग में प्रतिभागियों ने सुरक्षित वातावरण में रोमांच का अनुभव किया, जबकि एयर राइफल शूटिंग ने उनकी एकाग्रता और निशानेबाजी कौशल को परखा। जेस्चर-कंट्रोल्ड गेमिंग ने टेक्नोलॉजी और मनोरंजन का अनूठा संगम प्रस्तुत करते हुए इंटरैक्टिव गेमिंग का नया अनुभव दिया।

## संडे प्लानर



**लेट्स वॉच**
मूवी
थिएटर्स
दो दीवाने सेहर में
कैनेडी(जी-5)

**मंच एण्ड फन**

चिकन शावरमा
150 रूपए
मिस्टर पिज्जा, भेल

**वर्कशॉप**


मेन्स मेंटल हेल्थ
दोपहर 12 से 2:30 बजे दिल्ली-6 अलर्क स्क्वायर लालघाटी

**रिलेक्सिंग डे**

अनंत महोत्सव
गौहर महल
शाम 6 बजे

# 'स्पंदन सम्मान' से नवाजे गए दिग्गज साहित्यकार



**जागरण, भोपाल।** राजधानी के राज्य संग्रहालय में आयोजित दो दिवसीय 'स्पंदन सम्मान समारोह 2026' रविवार को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। डॉ. उर्मिला शिरीष के नेतृत्व में आयोजित इस गरिमामयी समारोह में वर्ष 2023, 2024 और 2025 के लिए देश के प्रतिष्ठित रचनाकारों, आलोचकों और कलाकारों को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार संतोष चौबे ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में उपन्यासकार गोविंद मिश्र उपस्थित रहे। गोविंद मिश्र ने अपने संबोधन में साहित्य को समाज का पथप्रदर्शक बताया। कार्यक्रम की शुरुआत चित्रा सिंह की ओजस्वी पंक्तियों से हुई।

अनंत महोत्सव के दूसरे दिन गौहर महल में उमड़ा जनसैलाब

# जैविक उत्पादों और लोक कलाओं का दिखा अनूठा संगम




**जागरण, भोपाल।** राजधानी के ऐतिहासिक गौहर महल में आयोजित तीन दिवसीय अनंत महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को शहरवासियों का भारी उत्साह देखने को मिला। जैविक खेती और स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस महोत्सव में बड़ी संख्या में लोग शुद्ध जैविक उत्पाद और हस्तनिर्मित कलाकृतियों की खरीदारी करने पहुँचे।

शनिवार का दिन विशेष रूप से रचनात्मक गतिविधियों के नाम रहा। यहाँ आम जनता के लिए विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मिट्टी की कला, मिट्टी की ज्वेलरी पर पेंटिंग, मंडाला आर्ट और अनूठी बीज कला जैसी कार्यशालाओं में प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## महिला उद्यमिता का जश्न- पैनल चर्चा

इस वर्ष अनंत महोत्सव की थीम में महिला किसानों और कलाकारों के योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है। इसी कड़ी में शनिवार को अनंत मंडी से जुड़ी चार सफल महिला उद्यमियों के साथ एक विशेष पैनल चर्चा आयोजित की गई। इस चर्चा में लोकसूत्र से अपूर्वा, केरला स्पाइसेस से गीतू सैनी, मिलेट बेकरी से मुनिया और ज़री-ज़रदोज़ी कलाकार फिरोज़ा ने अपने संघर्ष और सफलता के अनुभवों को साझा किया।

## कत्थक और लोक संगीत की जुगलबंदी

महोत्सव की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्पेस डांस ग्रुप के कलाकारों ने अपनी मनमोहक कत्थक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। टिमरनी के प्रसिद्ध संगत बैंड ने अपनी ऊर्जावान और सुरीली प्रस्तुति से समां बांध दिया।

**उजास 2026 :** आनंद विहार कॉलेज फॉर वूमेन में वार्षिकोत्सव उजास 2026 का शुभारंभ

# कालबेलिया, गरबा लोकनृत्यों पर हुई आकर्षक प्रस्तुतियां



**जागरण, भोपाल।** उत्सव के प्रथम दिवस आज रंगोली, पाम पेंटिंग एवं नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं । समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंधन समिति की प्रेसिडेंट अर्चना बागची, चेयरपर्सन मधु सरन , सेक्रेटरी जीवन राव, कोषाध्यक्ष कृष्णा विजयवर्गीय एवं प्राचार्य आनंद विहार कॉलेज डॉ. मधु मिश्रा ने किया। सभी प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बहुत उत्साह एवं बड़ी संख्या में अपनी सहभागिता दी। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने आकर्षक रंगों और फूलों की पंखुड़ियों से आनंद विहार के आंगन को सजाया, पाम पेंटिंग में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता से अपनी हथेलियों को आकार और सुंदरता प्रदान की। नृत्य प्रतियोगिता में अनेक मनोरंजक एवं मनमोहक गीतों पर एकल एवं समूह नृत्य प्रस्तुत किए गए जिनमें कालबेलिया, गरबा, भरत नाट्यम, सहित कई लोक नृत्य और बॉलीवुड नृत्यों पर छात्राएं खूब झूमीं।

सभी प्रतियोगिताओ में इनर व्हील क्लब के सदस्य निर्णायक के रूप में उपस्थित थे। प्रतियोगिताओं के नतीजों में रंगोली में कंचना अहिरवार ने पहला, पुष्पा गौर ने दूसरा और स्वीटी कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पाम पेंटिंग में पुष्पा गौर प्रथम, तनु गुप्ता द्वितीय और सेजल गुप्ता तृतीय रहीं। डांस कॉम्पिटीशन में एकल नृत्य में नाजिया मंसूरी और समूह नृत्य में बिहू डांस की टीम ने बाजी मारी। उजास 26 में द्वितीय दिवस फ्लेमलेस रेसिपी, सामाजिक जागरूकता पर आधारित वीडियो प्रेजेंटेशन, एवं फ़ैशन शो प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।



## संक्षिप्त खबरें

### शातिर चोर गिरफ्तार, पुलिस ने किया दो लाख का माल बरामद

**जागरण,भोपाल।** कोलार रोड़ पुलिस ने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले में शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का दो लाख रुपए का माल बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ अलग-अलग थाना क्षेत्र में चोरी, नकबजनी, डकैती, आर्म्स एक्ट समेत 15 मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जेके अस्पताल की पार्किंग में एक संदिग्ध व्यक्ति घूम रहा है। सूचना पर मौके पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने कोशिश की, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। आरोपी की पहचान 32 वर्षीय शिव नारायण प्रजापति उर्फ चमन निवासी लेबर कॉलोनी,पिपलानी के रूप में हुई। पूछताछ करने पर आरोपी ने मंगलवार को टी सेक्टर, वंदना नगर में स्थित एक मकान का ताला तोड़कर घर में रखी बाइक और सिलेंडर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उक्त चोरी का माल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बाथरूम में गिरने से युवती की मौत

**जागरण,भोपाल।** स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र में बाथरूम में गिरने से युवती की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 20 वर्षीय नेहा ओछा बाबू कॉलोनी में रहती थी। वह कपड़े सिलने का काम करती थी। शुक्रवार दोपहर एक बजे वह बाथरूम में नहाने गई थी। इस दौरान पैर फिसलने उसे सिर पर गंभीर चोटें आई थी। लहूलुहान हालत में परिजन तुरंत उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### जुए में दिए 11 हजार देने का दबाव बना रहा था आरोपी, युवक ने दी जान

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** जुए में दिए 11 हजार रुपए देने के लिए आरोपी दबाव बना रहा था। इसके चलते युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। घर के 70 हजार रुपए हारने के बाद उसे कवर करने के लिए उसने पैसे उधार लिए थे। वो भी हार गया था। मृतक ने सुसाइड नोट आरोपी को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने मर्ग जांच व सुसाइड नोट के आधार पर आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। बिलखिरिया थाना प्रभारी उमेश चौहान ने बताया कि 26 वर्षीय राजेश त्रिपाठी महाकाल सिटी के पास कोकता में रहता था। वह ड्रायवरी करता था। बीती 1 जनवरी 2026 की रात करीब साढ़े आठ बजे राजेश ने घर में फांसी लगा ली थी। घटना के वक्त वह अकेला था। उसकी पत्नी मायके गई थी। सुसाइड नोट में राजेश ने लिखा था कि वह घर में रखे 70 हजार रुपए जुए में हार गया था। यह रकम कवर करने के लिए उसने सुदीप से 11 हजार रुपए उधार लिए थे। यह रकम भी वह हार गया था। सुदीप पैसे के लिए दबाव बना रहा था। जिसे राजेश नहीं दे पा रहा था। राजेश ने अपनी मौत के लिए सुदीप को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने आरोपी सुदीप के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### अभिरुचि नगर में प्रथम वेदी प्रतिष्ठा, निकली शोभायात्रा



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** भोपाल के श्री चौबीसी जिनालय अभिरुचि नगर में प्रथम वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को जिनालय से भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकली गई। इसमें केसरिया ध्वज पताका फहराती हुई विश्व शांति बंधुत्व का संदेश दे रही थी। भगवान जिनेंद्र का रथ श्रद्धा भक्ति का केंद्र था। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आरती उतारी। प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया अभिरुचि नगर में नवीन जिनालय और नवीन बेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में रविवार को सुबह सात से भगवान पार्श्वनाथ का महा मस्तकाभिषेक होगा। इस अवसर पर विकास जैन, वीरेंद्र अजमेरा, अनिल जैन आदि मौजूद थे।

### गैस पीड़ितों का मेडिकल रिकार्ड होगा डिजिटल, क्लिक पर खुलेंगी फाइल




**नगर संवाददाता, भोपाल।** भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) ने गैस पीड़ितों एवं उनकी आश्रित संतानों को और अधिक आधुनिक व सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। अस्पताल ने भारत सरकार के उपक्रम एचएलएल इन्फ्राटेक सर्विसेज लिमिटेड (हाइट्स) के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते के तहत बीएमएचआरसी में उपलब्ध सभी गैस पीड़ितों एवं उनकी आश्रित संतानों के पुराने मेडिकल रिकॉर्ड को स्कैन कर डिजिटल प्रारूप में परिवर्तित किया जाएगा और उन्हें अस्पताल के हॉस्पिटल इन्फॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम (एचआईएमएस) से जोड़ा जाएगा। यह कार्य एक वर्ष की निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जाएगा। इसके बाद प्रत्येक मरीज का पूरा उपचार इतिहास, जांच रिपोर्ट, दवाओं का विवरण और पूर्व उपचार संबंधी जानकारी सुरक्षित रूप से डिजिटल रूप में उपलब्ध रहेगी। मेडिकल रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण से उपचार प्रक्रिया अधिक सुगम और प्रभावी होगी। डॉक्टर इलाज के दौरान कंप्यूटर स्क्रीन पर ही मरीज का संपूर्ण स्वास्थ्य विवरण देख सकेंगे, जिससे निर्णय तेजी और सटीकता के साथ लिया जा सकेगा। आपात स्थिति में भी रिकॉर्ड तुरंत उपलब्ध होगा और कागजी फाइलों पर निर्भरता कम होगी। इससे उपचार में निरंतरता बनी रहेगी, अनावश्यक जांचों की पुनरावृत्ति से बचाव होगा और समय की बचत होगी। साथ ही रिकॉर्ड के सुरक्षित संरक्षण से दस्तावेजों के गुम होने या अतिग्रस्त होने की आशंका भी समाप्त होगी। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि मेडिकल रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण उपचार की गुणवत्ता को और सुदृढ करेगा तथा मरीजों को अधिक तेज, सुरक्षित और पारदर्शी चिकित्सा सुविधा प्रदान करेगा।

# 1307 लोकेशन पर मिले थे जमीन के दाम बढ़ाने के प्रस्ताव, 621 स्थानों पर बढ़ेंगे

## 203 इलाकों में जमीन के दाम में अंतर ठीक करने व नेशनल हाइवे, रिंग रोड की 18 लोकेशन पर बढ़ेंगे दाम

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जिले की 203 लोकेशन ऐसी हैं, जहां एक ही वार्ड की आसपास की कॉलोनियों में जमीन की दरों में अत्यधिक अंतर है। जिला स्तरीय मूल्यांकन समिति ने अपने सर्वे में इन इलाकों में दामों में बड़ा अंतर पाया है। अब नई कलेक्टर गाइड लाइन के दौरान यहां जमीन के दामों में वृद्धि प्रस्तावित की गई है। ताकि दामों में अंतर को खत्म किया जा सके। इसके अलावा पंजीयन अधिकारियों के सर्वे के आधार पर 91 लोकेशन और शहर में हो रहे नवीन विकास (चेंज डिटेक्शन) के आधार पर 37 लोकेशन चिन्हित हुए हैं। इन जगहों पर भी दाम बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। कुछ इलाकों में टीएंडसीपी से पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत मिली स्वीकृति और आम लोगों की सुविधा को देखते हुए 38 लोकेशन पर भी दाम बढ़ाए जाने के प्रस्ताव हैं।

अयोध्या बायपास चौड़ीकरण, रायसेन रोड के आसपास की कालोनियों और नए रिंग रोड सहित कुल 18 लोकेशन पर भी दाम बढ़ाने की योजना है। शहर में हो रहे औद्योगिक विकास को देखते हुए विकसित किए जा रहे नए इंडस्ट्रियल एरिया के आसपास भी 3 लोकेशन प्रभावित पाई गई हैं। जिला मूल्यांकन समिति को यहां भी दाम बढ़ाने के प्रस्ताव मिले हैं। इस तरह जिले में कुल 621 लोकेशन पर कलेक्टर गाइड लाइन में बढ़ोत्तरी स्पष्ट रूप से दिख रही है। अर्थात यहां पर जमीनों के दाम अप्रैल में लागू हो रही नई कलेक्टर गाइड लाइन के बाद बढ़ाए जा सकते हैं। बता दें कि शनिवार को यह जानकारी जिला स्तरीय मूल्यांकन समिति की बैठक में सामने आई। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक के दौरान जिला मूल्यांकन समिति के सदस्य विधायक दक्षिण-पश्चिम भगवानदास सबनानी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रमोद राजपूत सहित समिति के अन्य लोग मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की रजिस्ट्रियों के डेटा का विश्लेषण करने पर 1307 लोकेशन में दाम बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन फिलहाल 621 लोकेशन पर ही बढ़ोत्तरी करने की संभावना दिखाई दे रही है।




### इस आधार पर बढ़ रहे हैं दाम

जिला मूल्यांकन समिति की मानें तो दाम बढ़ाने के लिए संपदा पोर्टल के आंकड़ों का विशेष रूप से एनालिसिस किया गया। इसके अलावा टीएंडसीपी से विभिन्न क्षेत्रों में मिली स्वीकृतियां, शहर के नव विकसित क्षेत्र, नए विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्रों की स्थिति, ज्यादा जनसंख्या वाले कमर्शियल एरिया की समीक्षा और वर्तमान में बाजार मूल्य निर्धारण के पहलुओं पर विचार करने के बाद इन क्षेत्रों में जमीन के दामों में बढ़ोत्तरी करने का प्रस्ताव तैयार हुआ है।

### इन इलाकों में दाम बढ़ाने की तैयारी

शहर में चल रहे मेट्रो कार्य को देखते हुए मेट्रो कॉरिडोर के आसपास के इलाकों में दाम बढ़ेंगे। नए फ्लाईओवर, बगरोदा इंडस्ट्रियल एरिया, अचारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया और अन्य क्षेत्रों में रहवासी बस्तियों की संभावना को देखते हुए दाम बढ़ेंगे। नए भोपाल में कुछ इलाकों में दामों में काफी अंतर है। जैसे चूना भट्टी और कोलार में सिक्स लेन रोड गुजरने के बाद मुख्य मार्ग पर जमीन के दाम बढ़े हैं, जबकि मुख्य मार्ग के पीछे की कालोनियों में जमीन के दाम बहुत कम हैं। इस स्थिति में भी सुधार करने का प्रयास किया जाएगा।

> जिला मूल्यांकन समिति के सर्वे और विभिन्न भूमिगत स्थितियों के आधार पर 621 स्थानों पर दाम बढ़ाने के प्रस्ताव मिले हैं। इनके लिए दावे आपत्तियां आमंत्रित किए जा रहे हैं।
>
> ■ **कौशलेंद्र विक्रम सिंह,** कलेक्टर भोपाल

### भेल स्पोर्ट्स कॉम्लेक्स के पास जंगल में मिली लाश

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** गोविंदपुरा इलाके में एक युवक की गला रेत कर हत्या कर दी गई। भेल स्पोर्ट्स कांपलेक्स के पास साकेतनगर रोड पर जंगल में उसकी लाश मिली है। मृतक के सिर पर भी किसी भारी चीज से वार किए गए हैं। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस आसपास के गुमशुदगी के मामलों को खंगाल रही है। गोविंदपुरा थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर शनिवार सुबह करीब पौने आठ बजे राहगीरों ने सूचना दी थी कि भेल स्पोर्ट्स कांपलेक्स के पास साकेत नगर रोड पर जंगल में एक युवक की लाश पड़ी है। उसके सिर व गले से गहरे घाव के निशान हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भिजवाया। मृतक के पास ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। शव देखकर लगता है कि घटना शुक्रवार की है। उसकी उम्र करीब 35 साल है। रंग सांवला है। उसने नीले सफेद रंग की शर्ट पहनी है। कपड़े की जैकेट है, जिस पर गूची लिखा है। नेवी ब्लू रंग की जींस पहने है। काले रंग के जूते हैं। पुलिस ने पीएम के बाद शव को मर्चुरी में रखवा दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। भोपाल के भेल स्पोर्ट्स क्लब के करीब जंगल में शनिवार की दोपहर को युवक का शव मिला है। उसका सिर कुचला हुआ है। पुलिस का अनुमान है कि हत्या के बाद लाश को ठिकाने लगाने की नीयत से बॉडी को फेंका गया है।

## विज्ञान विषयक रंगोली में दिखी प्राचीन भारतीय वैज्ञानिक पद्धतियां

**राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान जागृति उत्सव का समापन से नवाचार की लहर**

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** एक्सीलेंस कालेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय विज्ञान जागृति उत्सव का समापन उत्साह, नवाचार और वैज्ञानिक ऊर्जा के साथ हुआ। आयोजन मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन और डॉ. अमित जैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

इसमें विज्ञान विषयक रंगोली एवं पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस वर्ष प्रतियोगिताओं का विषय प्राचीन भारतीय वैज्ञानिक पद्धतियां एवं उसमें छिपा हुआ विज्ञान रखा गया। रंगोली प्रतियोगिता में 11 प्रतिभागियों ने भाग लेकर वैदिक गणित, प्राचीन वेधशालाएँ, आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति, पारंपरिक जल संरक्षण प्रणाली और स्थापत्य विज्ञान जैसे विषयों को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया। वहीं, पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में 25 विद्यार्थियों ने शोधपरक तथ्यों और ऐतिहासिक संदर्भों के माध्यम से दर्शाया कि प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा में आधुनिक विज्ञान के अनेक सिद्धांत समाहित हैं। विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 70 कार्यशील वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया।

विज्ञान प्रदर्शनी का मूल्यांकन सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. एसडी मिश्रा, डॉ. भारती जैन एमएलबी, साकेत सिंह कौरव (क्यूरेटर, रीजनल साइंस सेंटर) द्वारा किया गया। संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि प्रदर्शनी में प्रस्तुत कई मॉडल, जैसे लाइब्रेरी प्रबंधन सॉफ्टवेयर और सेंसर आधारित विद्युत बचत उपकरण, व्यावहारिक रूप से विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग किए जा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने नवाचारों का पेटेंट कराने तथा अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निधि चौहान द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन मिस मेरलिन सिल्वेस्टर द्वारा किया गया।



# एमसीयू में माफी मांगने के बाद भी सहपाठियों ने छात्र का उड़ाया मजाक

## यूजीसी की एंटी रैगिंग हेल्पलाइन पर की शिकायत दर्ज

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एंव संचार विश्वविद्यालय में एक विद्यार्थी ने अपने ही साथ हास्टल में रहने वाले आधा दर्जन विद्यार्थियों के खिलाफ यूजीसी की एंटी रैगिंग हेल्पलाइन पर रैगिंग लेने की शिकायत दर्ज कराई है। हेल्पलाइन ने एमसीयू प्रबंधन को प्रकरण से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए ई-मेल भेज दिया है। दोषी विद्यार्थी की तलाश कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रोफेसर अधिकारी देर रात तक एमसीयू में बने रहे। जानकारी के मुताबिक हास्टल में रहने वाले एक विद्यार्थी ने अपने सहपाठियों मजाक के तौर पर परेशान करने के उद्देश्य से सुबह सुबह कमरों के दरवाजों को बाहर से कुंडी लगाकर बंद दिया। इसे लेकर विद्यार्थियों ने व्हाटसअप ग्रुप पर ऐसी हरकत करने वाले विद्यार्थी के खिलाफ अनाफ सनाफ शब्दों का प्रयोग करना शुरु कर दिया। तब शिकायतकर्ता विद्यार्थी को लगा कि उसने अपने साथियों के साथ ठीक व्यवहार नहीं किया। वे काफी परेशान हो रहे हैं। इसलिए उसने सहास करते हुए ग्रुप में सामने आकर मांफी मांग ली। उसके सामने आने के बाद उसके साथियों ने उसके साथ व्हाटसअप ग्रुप पर काफी दुर्व्यवहार किया।

### राजधानी में नहीं थम रहे रैगिंग के पैर

प्रदेश की राजधानी में डेढ सौ से ज्यादा शैक्षणिक संस्थान संचालित हो रहे हैं। गत दो माह में रैगिंग के दो दर्जन से ज्यादा रैगिंग के प्रकरण दर्ज हो चुके हैं। मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में तीन, आरजीपीवी में एक, बीयू में एक, इंडियन इंस्टीट्यूट आफ इंर्फोमेशन टेक्नालाजी (त्रिपलटआईटी) के बाद एमसीयू में रैगिंग की शिकायत दर्ज की गई है।

### त्रिपलटआईटी में जूनियर ने वापस ली रैगिंग की शिकायत

त्रिपलटआईटी में दूसरे वर्ष के विद्यार्थी ने तीसरे वर्ष के विद्यार्थी द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की शिकायत को वापस ले लिया है। जूनियर विद्यार्थी ने सीनियर विद्यार्थी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए शिकायत यूजीसी की एंटी रैगिंग हेल्पलाइन पर दर्ज कराई थी। जूनियर का सीनियर से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसलिए जूनियर ने सीनियर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। हेल्पलाइन द्वारा कार्रवाई करने के ई-मेल पर संस्थान ने एंटी रैगिंग कमेटी से दोनों विद्यार्थियों के बयान लेकर फाइनल रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए थे। जब कमेटी के सामने जूनियर विद्यार्थी पहुंचा, तो उसने अपनी शिकायत वापस लेने की पेशकश रख दी। इससे मामला तत्काल समाप्त हो गया है।

## कार्यशाला में पंचकर्म का लाइव डेमो, 18 मरीजों का किया उपचार

### तीन दिवसीय कार्यशाला में देश के विशेषज्ञों ने लिया हिस्सा

**नगर संवाददाता, भोपाल।** नेहरू नगर स्थित पंडित खुशी लाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय में तीन दिवसीय पंचकर्म कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय कार्यशाला के अंतिम दिन यानि शनिवार को देश के प्रतिष्ठित संस्थान जैसे दिल्ली आयुर्वेद संस्थान से डॉ. प्रवेण कुमार सम्मिलित हुए। जिनके द्वारा तंत्रिका एवं रीढ़/स्पाइन सम्बन्धी रोगों से पीड़ित 17 मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया गया। इनके अलावा जयपुर के डॉ. गोपेश मंगल द्वारा अस्थि मज्जागत वात के 18 रोगियों का उपचार किया गया। डॉ गोपेश मंगल द्वारा त्वचा सम्बन्धी विकारों में और साइटिका आदि रोगों में रक्तमोक्षण कर्म कराया गया एवं इससे होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी गई। दिल्ली से आए डॉ प्रवेण कुमार द्वारा विरेचन कर्म के बारे में जानकारी दी गई, एवं त्वचा तथा अम्लपित्त के मरीजों का विरेचन कर्म कराया गया एवं इसके लाभ बताए गए। इस अवसर पर पंचकर्म की चिकित्सा का सजीव चित्रण भी किया गया। कार्यशाला में पंचकर्म विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न गंभीर बीमारियों का निःशुल्क परामर्श किया, साथ ही इन रोगों में पंचकर्म चिकित्सा का महत्व बताया गया, रोगियों की पंचकर्म चिकित्सा कराई गई। प्रदेश के प्रत्येक जिले से चिकित्सा अधिकारी, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट विद्यार्थी कार्यशाला में शामिल हुए एवं इस कार्यशाला का लाभ उठाया। यह कार्यशाला अत्यंत ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं प्रेरणादायक रही।



## पिपलिया बेरखेड़ी में बन रही अवैध कालोनी पर चलाया बुलडोजर

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर की 113 अवैध कालोनियों पर जिला प्रशासन की कार्रवाई जारी है। शनिवार को कोलार के पिपलिया बेरखेड़ी में 1 हेक्टेयर क्षेत्रफल लगभग 2.5 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कालोनी पर एसडीएम कोलार के निर्देशन में कार्रवाई हुई। कार्रवाई के दौरान बांके बिहारी डेवलपर्स द्वारा निर्मित की जा रही अवैध कालोनी की एप्रोच रोड को उखाड़ने के साथ बाउंड्रीवॉल को भी गिराया गया। बता दें कि इसके पहले बरखेड़ी बाजयाफ्त, ईंटखेड़ी और बैरसिया स्थित अवैध कालोनियों पर भी कार्रवाई की गई है। बता दें कि यह कालोनियां भोपाल मास्टर प्लान के नियमों के खिलाफ, बिना टीएंडसीपी व अन्य अनुमतियों के विकसित की जाती हैं, जिसके चलते प्रशासन द्वारा इन पर कार्रवाई की जा रही है।



## आई हे नई दुल्हनिया हमारे अंगना में...

### मुंह दिखाई हुई, आज अर्पित किया जायेगा 56 भोग



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सबका दुलार ले लो गोरा तू आज मुंह दिखाई में.....। घूंघट में आई प्यारी गौरा अंगना में ढोलक बजे.....। आई नई दुल्हनिया हमारे अंगना में घूंघट करके। आई हो पहली बार गोरा जी धीरे से पग रखना.....। श्री बड़वाले महादेव मंदिर में शनिवार को मां पार्वती की मुंह दिखाई रस्म के मौके पर उक्त बधाई गीत गाते हुए बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने दुल्हन स्वरूपा मां भगवती की बलैईया ली एवं स्वयं के लिए अखंड सौभाग्य की कामना के साथ जमकर नृत्य किया। बुलउआ होने के बाद सभी श्रद्धालु महिलाओं को बूंदी, बताशा एवं सुहाग सामग्री का वितरण समिति की ओर से किया गया। संयोजक संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि रविवार को बाबा बटेश्वर एवं मां पार्वती का दूल्हा-दुल्हन रूप में आलोकिक श्रृंगार कर छप्पन भोग अर्पित किया जायेगा। इसके बाद सभी दर्शनार्थियों को महाप्रसाद का वितरण होगा एक मार्च को माता जी की विदाई एवं प्रदोष उत्सव के साथ 21 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का समापन होगा।

**ऑनलाइन ठगी** शनिवार को चार केस हुए दर्ज, विवेचकों पर पड़ेगा जांच का असर

# 57 केस में 3.34 करोड़ का फ्रॉड, निवेश के नाम पर ठगे गए

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** राजधानी में पिछले पांच महीने में दर्ज हुई ई-जीरो एफआईआर के आंकड़े दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं। शनिवार को यह आंकड़ा 57 पहुंच गया। कुल 57 एफआईआर में 3.34 करोड़ का फ्रॉड हुआ है। शनिवार को चार केस हुए हैं। अधिकांश मामलों में निवेश के नाम पर लोग ठगे गए। थाना पुलिस इन मामलों की जांच में जुटी है।

पांच दिन में दर्ज हुई इतनी अधिक एफआईआर की विवेचना पर असर पड़ेगा। चूंकि थानों में भी सायबर एक्सपर्ट उतनी संख्या में नहीं हैं। जो इनकी जांच कर सकें। बैरागढ़ इलाके में आर्मी जवान के साथ शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 14.85 लाख रुपए की ठगी की गई। पुलिस के मुताबिक, 3 ईएमई सेंटर निवासी 41 वर्षीय असमत अली आर्मी में जवान हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह अलग-अलग एप्लीकेशन से शेयर ट्रेडिंग करते हैं। जिसमें उनका मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड था। इस बीच जालसाजों ने उन्हें एक वाट्सएप ग्रुप से जोड़ लिया। इस ग्रुप में ट्रेडिंग से संबंधित अलग-अलग टिप्स दी जाती थीं। जिससे असमत अली को ट्रेडिंग में कुछ मुनाफा हुआ। कुछ समय बाद उनके मोबाइल पर कॉल आया और उन्हें ट्रेडिंग करने के लिए एसडीएएमसीएचडी नाम का एप्लीकेशन डाउनलोड कराया। इस एप्लीकेशन में उनका डीमेट अकाउंट खोला गया। जालसाजों ने उन्हें भरोसा दिलाकर ट्रेडिंग में निवेश कराया। असमत ने 03 नवंबर 2025 से 23 दिसंबर 2025 तक खुद और पत्नी के खाते से 14.85 लाख रुपए निवेश कर दिए। जब मुनाफा अच्छा दिखा तो असमत ने राशि निकालने की इच्छा जाहिर की। तब उनसे और राशि निवेश करने को कहा। जब उन्होंने राशि जमा नहीं की तो उनका अकाउंट बंद कर दिया गया।



### पानी पूरी वाले से एक लाख की ठगी

टीटी नगर थाना क्षेत्र में भी शेयर ट्रेडिंग के नाम पर पानी पूरी का ठेला लगाने वाले से एक लाख की ठगी हो गई। 32 वर्षीय वीर सिंह पिता कमल सिंह जवाहर चौक में रहते है। 1 जनवरी 2026 को साढू भाई सोमवीर ने कहा कि मैंने शेयर ट्रेडिंग कंपनी में 14 लाख रुपए लगाए हैं, एक लाख रुपए और लगाने पर मुझे 15 लाख मिल जाएंगे। इस पर उन्होंने एक लाख रुपए लगा दिए। जो उन्हें बाद में पैसे वापस नहीं मिले।

### बिजली बिल अपडेट के नाम पर भेजी लिंक

मिसरोद इलाके में बिजली विभाग का कर्मचारी बनकर बुजुर्ग से 1.40 लाख रुपये ऐंठ लिए। 63 वर्षीय बलवंत सिंह रूचि लाईफ स्टेट जाटखेड़ी में रहते हैं। 13 दिसंबर को उनकी पत्नी के फोन पर अननोन नंबर से कॉल आया था। जिसे बलवंत ने रिसीव किया। ठग ने खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताया और बोला कि जबलपुर स्थित मकान का बिजली बिल जमा नहीं है। बलवंत ने बताया कि बिजली का बिल जमा है। कॉलर बोला कि अपडेट नहीं है। बिल अपडेट करने के नाम पर लिंक भेजी। जैसे ही उन्होंने लिंक को खोला उनके खाते से 1.40 रुपए कट गए। वहीं स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र में मोबाइल में मूवी डाउनलोड करने के नाम पर 1.97 लाख ट्रांसफर करवा लिए गए। जालसाजों ने 18 नवंबर को करारिया फार्म बजरिया निवासी 68 वर्षीय रविदत्त गौतम से यह ठगी की है।

### फूलमाली समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष का चुनाव आज

**भोपाल।** फूलमाली समाज मंदिर ट्रस्ट पटेल नगर, भारत टाकीज रोड भोपाल के अध्यक्ष पद का निर्वाचन वर्ष 2026 से 2029 के लिए रविवार किया जाएगा। फूलमाली समाज मंदिर ट्रस्ट स्थित पटेल नगर भोपाल के पूर्व अध्यक्ष श्री कृष्णगोपाल माली पुत्र स्व. श्री नाथूराम माली का कार्यकाल दिसम्बर 2025 में समाप्त हो जाने पर समाज के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने हेतु निम्न प्रत्याशियों कृष्णगोपाल माली पुत्र स्व. श्री नाथूराम माली, घनश्याम राहुल पुत्र स्व. श्री किशनलाल राहुल, गीता प्रसाद माली पुत्र श्री भगवती प्रसाद द्वारा अपना नामांकन फार्म जमा किया गया। उक्त प्रत्याशियों में से श्री राधे श्याम माली द्वारा आपना नाम वापस ले लिया गया। केवल तीन प्रत्याशियों के मध्य चुनाव होगा। चुनाव रविवार सुबह 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक सपन्न कराया जावेगा। मतदान राधे कृष्ण माली समाज मंदिर - पटेल नगर, भारत टाकीज रोड भोपाल पर होगा और उसी दिन मतगणना कर विजय प्रत्याशी को प्रमाण पत्र सौंपा जावेगा। फूल माली समाज मंदिर ट्रस्ट के कुल सदस्यों की संख्या 1241 है जिनके द्वारा मतदान किया जावेगा। उक्त जानकारी ट्रस्ट के मुख्य चुनाव अधिकारी ने दी।

# विक्रमादित्य महोत्सव में संतनगर को मिली डेढ़ करोड़ की सड़कों की सौगात

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** हालांकि अवसर तो था वार्षिक राजा वीर विक्रमादित्मय महोत्सव का लेकिन इस मौके पर संत हिरदाराम नगर वार्ड 4 की तीन अत्यंत ही जर्जर हो चुकी सड़कों के 1.50 करोड़ की लागत से निर्माण की घोषणा काफी महत्वपूर्ण रही। यह वार्ड भाजपा पार्षद एवं एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी का है। राजा वीर मंदिर में आयोजित इस वार्षिक समारोह में विधायक रामेश्वर शर्मा मुख्य अतिथि थे जबकि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं भोपाल चेम्बर आफ कामर्स के नव निर्वाचित अध्यक्ष गोविंद गोयल ने अध्यक्षता की। एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी एवं पार्षद अशोक मारन के अलावा महोत्सव समिति के अध्यक्ष किशोर तेजवानी व विधायक प्रतिनिधि राम बंसल रैनवाल तथा सिंधी सेन्ट्रल पचायत अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश इसरानी की विशेष उपस्थिति में हुए समारोह में विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि जहां तक भारत का सूर्य था, वहां तक फिर वह लहराए। उन्होंने कहा कि राजा वीरविक्रमादित्य की यश गाथा है, हमारा विजय परचम कहां तक था, यह इस समारोह से प्रतीत होता है, हिन्दुओं में ऐसा सगठन ऐसा बनाए, फिर पूराने सूर्य तक फैलाए, और बताएं कि हमारे सम्राटों का परचम कहां तक था।



## तीन सड़कों का किया जाएगा निर्माण

संत हिरदाराम नगर भोपाल इंदौर राजमार्ग एवं दूसरे सबसे लम्बे प्रेम रामचंदानी मार्ग को जोड़ने वाली तीन सड़कें निरंकारी मण्डल, पंजाब नेशनल बैंक एवं डा. सुरेश भंभानी क्लीनिक रोड की जर्जर हालत पर जब ध्यान केन्द्रित किया गया तब विधायक रामेश्वर शर्मा एवं एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी दोनों ने आश्वस्त किया कि 15 जून से पहले डेढ़ करोड़ की लागत से इन सड़कों का निर्माण हो जाएगा। चूंकि इन तीनों सड़कों पर सीवेज एवं पानी की पाइन लाइन डाली जानी है, इनमें से निरंकारी मण्डल रोड पर तो पानी की लाइन डल चुकी है जबकि सीवेज लाइन बिछाई जानी है, उसके बाद तीनों सड़कों का कायाकल्प किया जाएगा। राजेश हिंगोरानी ने बाद में इस प्रतिनिधि को बताया कि उन्होंने कमिश्नर संस्कृति जैन एवं अधिकारियों से चर्चा की है और सीवेज तथा पानी की पाइप लाइन का काम हर हालत में अप्रैल तक पूरा करने को कहा गया है ताकि मई से लेकर 15 जून तक तीनो सड़कों का निर्माण नए सिरे से किया जा सके। यहां राजेश हिंगोरानी ने भी विक्रमादित्य महोत्सव की सभी को बधाई दी। इस अवसर पर गोविंद गोयल ने कहा कि राजा वीर विक्रमादित्य उज्जैन के राजा थे, और वर्तमान मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव भी उज्जैन के हैं यह सौभाग्य एवं संयोग की बात है। इससे पूर्व महोत्सव समिति के अध्यक्ष किशोर तेजवानी ने जनप्रतिनिधियों के समक्ष राजा वीर एवं झूलेलाल मंदिर के लिए सीहोर रोड पर सरकारी जमीन उपलब्ध कराने की मांग रखी। समारोह का संचालन सिंधी सेन्ट्रल पंचायत महासचिव सुरेश जसवानी ने किया एवं किशोर तेजवानी ने आभार माना।

## विधि विधान से हुई पूजा, तीन दिन सिंधी भक्ति गीतों की धूम

**हुई विधिवत पूजा**

इससे पूर्व पंडित नारायण शर्मा ने राजा वीर विक्रमादित्य प्रतिमा पर विधि विधान से पूजा करवाई। उन्हें मुकुट पहनाया गया बाद में बहिराणा साहिब की ज्योति जलाई गई, जिसमें अतिथियों के अलावा गणमान्य नागरिक नरेश चोटरानी, मूलचंद वीधानी, माधु चादंवानी, घनश्याम लालवानी, ओमप्रकाश रीझवानी, कमल वीधानी, रोशनलाल उतवानी, जेठानंद मूलचंदानी, जानीमल मूलचंदानी, कमल वीधानी, मोहन मनवानी, पुरूषोतम हरचंदानी, महेश खटवानी, मंघाराम मेंघवानी, मनोहर वीधानी, नरेश मोरंदानी, रामकुमार पारदासानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# कोर पाइथन प्रोग्रामिंग पर फील्ड प्रोजेक्ट के कार्यक्रम का आयोजन

## संत हिरदाराम गर्ल्स कालेज में हुआ कार्यक्रम



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा बीसीए एवं बीएससी प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए कोर पाइथन प्रोग्रामिंग विषय पर आयोजित फील्ड प्रोजेक्ट का समापन समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम एक गहन, उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण पहल का समापन था। कार्यक्रम की संकल्पना विद्यार्थियों में तकनीकी दक्षता तथा समकालीन प्रोग्रामिंग परिवेश की व्यावहारिक समझ विकसित करने के उद्देश्य से की गई थी। संरचित पाठ्यक्रम में पाइथन की मूलभूत अवधारणाएँ, ऑब्जेक्ट ओरिएंटेड प्रोग्रामिंग, लाइब्रेरी के माध्यम से जीयूआई विकास, वीएस कोड द्वारा एप्लिकेशन डेवलपमेंट, आईओटी तथा आर्डुइनो इंटीग्रेशन का प्रारंभिक परिचय सम्मिलित था। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों की सोच एवं समस्या-समाधान क्षमता को विकसित करना तथा शैक्षणिक संस्थानों और उद्योग जगत के बीच समन्वय स्थापित करना था। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन भूपेंद्र खिलरानी, संस्थापक, टेक्नोलॉजी डेवलपर द्वारा किया गया। उनके मार्गदर्शन और विशेषज्ञता से छात्राओं को वास्तविक कोडिंग परिवेश और डेवलपमेंट फ्रेमवर्क का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। उनके निर्देशन में प्रतिभागियों ने प्रायोगिक शिक्षण मॉड्यूल,परियोजना-आधारित कार्य तथा सामूहिक समस्या-समाधान में सक्रिय सहभागिता की। समारोह में प्रतिभागियों की निष्ठा एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। प्राध्यापकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम प्रथम वर्ष की छात्राओं में तकनीकी साक्षरता, विश्लेषणात्मक सोच एवं व्यावसायिक तैयारी को प्रारंभिक स्तर पर ही सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध हुआ है। समापन समारोह को प्राचार्य डा. डालिमा पारवानी ने सम्बोधित किया।

# वेतन विवाद को लेकर सफाई कर्मियों ने दी हड़ताल की चेतावनी



**जागरण, मंडीदीप।** नगर पालिका परिषद में सफाई कर्मचारियों के वेतन और सामाजिक सुरक्षा अंशदान को लेकर विवाद गहराता नजर आ रहा है। शनिवार को कर्मचारियों ने लंबित वेतन, पीएफ और ईएसआई भुगतान के मुद्दे पर बैठक आयोजित कर प्रशासन को 14 दिन का अल्टीमेटम दिया है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि तय समय सीमा में भुगतान नहीं होने पर वे हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें जनवरी और फरवरी 2026 का वेतन अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। यूनियन नेता राधेश्याम चिंतामण ने कहा कि कर्मचारी लगातार जिम्मेदारी से कार्य कर रहे हैं और नगर पालिका को हर माह लाखों रुपये की बचत करा रहे हैं, इसके बावजूद उनकी समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि पीएफ खातों की स्थिति संतोषजनक नहीं है और कई कर्मचारियों के खाते अब तक संचालित नहीं हो पाए हैं। बैठक में महिला सफाई कर्मचारियों ने भी अपनी आर्थिक परेशानियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि वेतन न मिलने से बच्चों की स्कूल फीस और घरेलू खर्च प्रभावित हो रहे हैं, जिससे परिवारों पर संकट की स्थिति बन रही है। वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रशांत जैन ने स्पष्ट किया कि केवल जनवरी माह का वेतन बकाया है और उसका भुगतान तीन दिनों के भीतर कर दिया जाएगा। फरवरी का वेतन प्रक्रिया में है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल ने भी बयान जारी कर कहा कि कर्मचारियों को नियमित रूप से वेतन दिया जा रहा है और भविष्य में किसी प्रकार की रुकावट नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सफाई व्यवस्था सुचारु रखने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है।

## ऑनलाइन होगी गिद्धों की गणना

**भोपाल।** प्रदेश व्यापी गिद्ध गणना 2025-26 में शीतकालीन गणना 20 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक सूर्योदय से सुबह 9.00 बजे तक प्रदेश के सभी 16 वृत्त एवं 09 टाईगर रिजर्व में गिद्ध गणना का कार्य वन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों, डब्लू डब्लू.एफ. डब्लू.आई.आई. के प्रतिभागियों के अतिरिक्त स्वंय सेवक एवं फोटोग्राफरों के द्वारा मिलकर किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में प्रदेशव्यापी गिद्ध गणना की शुरूआत वर्ष-2016 से की गई थी जिसमें 7,028 गिद्धों का आंकलन किया गया था। गिद्ध गणना वर्ष-2025 में शीतकालीन गणना में 12710 एवं ग्रीष्मकालीन गणना वर्ष-2025 में 9509 गिद्धों का आंकड़ा प्राप्त हुआ था। मध्यप्रदेश में कुल 07 प्रजातियों के गिद्ध पाये जाते हैं, जिसमें से 04 प्रजातियों स्थानीय हैं एवं 03 प्रजातियाँ प्रवासी हैं। प्रथम चरण की गणना तब की जाती है जब उपरोक्त सभी प्रजातियों के गिद्ध घोंसले बनाकर अपने अंडे दे चुके होते हैं या देने की तैयारी में होते हैं।

## ज्वॉइनिंग तिथि बढ़ाने के निर्देश

**भोपाल।** महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा 2024 में चयनित अभ्यर्थियों को ज्वाइनिंग प्रक्रिया में आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों के समाधान के लिए राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने ज्वाइनिंग की अंतिम तिथि बढ़ाने एवं स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया में व्यावहारिक लचीलापन देने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं।

# लोग स्वस्थ रहें, ऐसा प्रयास करना चाहिए: दीक्षित

## मोटापा नियंत्रण पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** भारत सरकार के केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एण्ड यौगिक सांइसेस फॉर वूमन, भोपाल द्वारा मोटापे के लिए योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा इंटरवेंशन कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मोटापे से ग्रसित लोगों के लिए योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से उपचार को बढ़ावा देना रहा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मुकेश दीक्षित, सचिव क्षेत्रीय संगठन आरोग्य भारती ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा का विषय है।

केवल दवा कराना ही सेवा नहीं है, लोग सदैव स्वस्थ रहें उसके लिए हमें प्रयास करना जरूरी है और वही सच्ची सेवा है। साथ ही उन्होंने बताया कि पहले के समय में घरों में हमारी दादी, नानी एवं माताएं सब जानती थी। घर का रसोईघर ही औषधालय होता था। उन्हें परंपरागत ज्ञान था ताकि कभी अस्पतालों के चक्कर न लगाना पड़े। परन्तु आज कल की जीवन शैली में फैमिली डॉक्टर की संस्कृति बहुत बढ़ गई है। नारी शक्ति जागृत हो जाए तो भारत को विश्व गुरू बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने आगे बताया कि आज कल की पीड़ी आधुनिक पीड़ी है परन्तु आधुनिक बनने के कारण रात को समय से सोना, समय से उठना, खान-पान सब बिगड़ता जा रहा है। जिसे सुधारने की बहुत जरूरत है और हमें यह सब सिर्फ भाषण से नहीं आचरण से सुधारना होगा।

कार्यशाला में अतिथि वक्ता डॉ. जया देशमुख डायरेक्टर कोगनीकेयर न्यूरोबिक्स, डॉ. चंद्रशेखरन हेड, सेंटर फॉर योगा इन पब्लिक हेल्थ रिसर्च एट सेंटर फॉर क्रोनिक डिजिज कंट्रोल, सीसीडीसी, डॉ. अभिजीत देशमुख गेस्ट्रो लेपरोस्सकोपी सर्जन, आरोग्य भारती मध्य भारत प्रांत उपाध्यक्ष, अध्यक्ष भोपाल महानगर, डॉ. विवेक भारतीय चीफ मेडिकल ऑफिसर, आरोग्य मंदिर, रायपुर, ने विशेषज्ञ के रूप में अपना व्याख्यान दिया। डा. ज्योति केसवानी विभागाध्यक्ष योग विभाग ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय की छात्रा पियुनी बिसवास, पर्ल मक्कर, कृतिका तिवारी और भाविका वानखेड़े ने किया।

## सोने का हार लौटा कर पेश की मिसाल

**जागरण, औबेदुल्लागंज।** ग्राम हिरानिया निवासी पूर्व चोला धारक उमेश नागर ने महिला को सोने का हार लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। नगर में उमेश की ईमानदारी व सूझबूझ की खुले मन से सराहना की जा रही है बीती रात जोबी गार्डन मे वैवाहिक कार्यक्रम मे एक महिला का लगभग तीन तोले का सोने का हार जिसकी कीमत लगभग 4 लाख बताई जा रही है भीड़ की वजह से गिर गया, जो उमेश नागर को मिल गया। उमेश ने अपनी सूझबूझ ओर ईमानदारी का परिचय देते हुए पहले ये पता लगाया की ये हार किसका है ओर पता लगाकर हार महिला को सौंप दिया। गुम हार मिलने से महिला और परिवार में खुशी लौट आई।

# डेढ़ साल बाद मण्डल भाजपा की घोषित हुई कार्यकारिणी, अधिकांश युवाओं को मौका

## वरिष्ठजन विशेष आमंत्रित

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** मनीष बागवाणी को भाजपा संत हिरदाराम नगर का मण्डल अध्यक्ष बने हुए डेढ़ साल का समय हो चुका है, जिसके बाद अब जाकर कार्यकारिणी का गठन हो सका है। स्थानीय कार्यकर्ताओं को इसके लिए लम्बा इंतजार करना पड़ा। विधायक रामेश्वर शर्मा की सहमति के बाद यह कार्यकारिणी घोषित की गई है जिसमें जिसमें 6 उपाध्यक्ष एवं दो महामंत्री, 6 मंत्री बनाए गए हैं। उपाध्यक्षों में वरिष्ठ नेत्री लीला राजपूत, युवा नेता शेट्टी चंदनानी, पूर्व पार्षद संध्या प्रधान, उमेश नागर, मिक्की दास, राहुल अबोले शामिल हैं, जबकि अभिषेक चैकसे एवं रमेश मेहरा गुड्डू को महामंत्री बनाया गया है। ओमप्रकाश सिंगरोली, नरेन्द्र विष्ट, निर्मला सोनी, किशोर साधवानी, मनोज शेरबग्गन व शिव प्रकाश मिश्रा को मंत्री का दायित्व दिया गया है। हीरो हिन्दू फैन्स क्लब के अध्यक्ष हीरो इसरानी नए



शेट्टी चंदनानी



हीरो इसरानी

कोषाध्यक्ष होंगे जबकि पुरूषोतम गिदवानी सह कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। राजू थावानी कार्यालय मंत्री, हेमंत अग्रवाल सह कार्यालय मंत्री, ललित रायचंदानी प्रचार प्रमुख, हर्षित दुबे मीडिया प्रभारी, प्रकाश मीणा व साहिल खान सह मीडिया प्रभारी,हेतराम बिन्दुआ आईटी प्रमुख , सुनील विश्वकर्मा सह आइटी प्रमुख, विनोद राय प्रवक्ता , विशाल साधवानी मन की बात प्रमुख, महेन्द्र वर्मा सह प्रमुख, प्रदीप मेहरा एवं मधु रायकवार लाभार्थ प्रमुख, बसंत दास व मनोहर गोयल सह लाभार्थ प्रमुख होंगे।

**ये होंगे विशेष आमंत्रित सदस्य:** आरएसएस उपनगर प्रमुख बसंत चेलानी, वरिष्ठ स्वयं सेवक कमल प्रेमचंदानी, दिलीप दीनानी, नरेश वासवानी, किशन अच्छानी, सुनील जाट, कमल वीधानी, प्रवीण प्रेमचंदानी, राजेन्द्र गर्ग, मूलचंद वीधानी, विष्णु बंसल, दिनेश मिश्रा, गोविंद भंभानी, वासुदेव वाधवानी एवं विकास मारन विशेष आमंत्रित सदस्य रहेंगे। स्थाई सदस्यों में विधायक प्रतिनिधि राम बंसल रैनवाल, सुशील वासवानी, चन्द्रप्रकुमार इसरानी, रमेश जनयानी, माखन सिंह राजपूत, राम श्रीचंदानी, रहुल राजपूत व राजेश हिंगोरानी को शामिल किया गया है। इसके अलावा सूरज यादव, बबलू चावला, महेश खटवानी, जगदीश आसवानी, भगवत विश्वकर्मा, किरण वाधवानी, संतोष भार्गव, रमेश होतवानी, राजू खूबचंदानी, भागीरथ पप्पू राठोर, हीरालाल तनवानी, नीरज वाधवानी, लवीन मनसुखानी एवं शंकर मेंघानी शामिल हुए हैं।

## जैन बने उपाध्यक्ष, किया स्वागत



**जागरण, मंडीदीप।** भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में वरिष्ठ पत्रकार कल्याणमल जैन को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर भोजेश्वर संघ एवं क्षेत्र के साथियों ने सादगीपूर्ण गरिमामय सम्मान समारोह किया। समारोह में श्री जैन का पुष्पमाला एवं शाल-श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया। होटल अमित पैलेस में आयोजित समारोह में वक्ताओं ने कहा कि उनकी नियुक्ति न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि क्षेत्र के पत्रकारों के लिए भी गर्व और प्रेरणा का विषय है। इस अवसर पर अनिल यादव का भी संगठन में सदस्य बनाए जाने पर स्वागत किया। कार्यक्रम में संघ अध्यक्ष अनिल भंवरे, संगीतकार एवं गीतकार कृष्णा पंडित, पंकज जैन, पूनम चौकीकर, राजू अतुलकर सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

# कुबेरेश्वर धाम में कथा समाप्ति के बाद भी जमे हैं श्रद्धालु

**जागरण, सीहोर।** रुद्राक्ष महोत्सव शुक्रवार समापन हो गया है। देश के कोने-कोने से भोजन प्रसादी के लिए आए हजारों सेवादारों अपने-अपने गतंव्य की ओर रवाना हो गए है। अब तक के सारे महोत्सव के रिकार्ड टूटने के बाद यहां पर शनिवार को भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद है। यहां पर श्रद्धालुओं को नियमित रूप से जारी निशुल्क भंडारे से भोजन प्रसादी की जा रही है। महोत्सव समाप्त होने के बावजूद, लोग पंडाल से नहीं जाते और अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा को दोबारा देखने या उनकी एक झलक पाने के लिए बैठे रहते हैं। ऐसा ही कुछ नजारा जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर दिखाई दे रहा है। शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने पंडाल में पहुंचे थे, इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। वहीं अखंड हिन्द फौज के बालक-बालिकाओं से समिति के समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा आदि ने भेंट की। पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि श्री कुबरेश्वर धाम में सात दिवसीय आयोजित भव्य रुद्राक्ष महोत्सव एवं श्री शिव महापुराण कथा के पावन अवसर पर अखंड हिंद फ़ौज द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा, व्यवस्था सहयोग एवं सनातन धर्म की रक्षा हेतु जो निस्वार्थ, समर्पित और अनुशासित सेवाएं प्रदान की गईं, उसके लिए हम ह्रदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हैं। समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि भव्य रुद्राक्ष महोत्सव अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में आस्था और उत्साह के साथ समापन किया गया है। शनिवार को सुबह से ही यहां पर समापन के बाद भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने-जाने का क्रम जारी है। पंडित श्री मिश्रा ने अपने संदेश में कहाकि अच्छी सोच, अच्छी भावना और अच्चे विचार, ये तीनों जीवन में सुख-शांति के लिए बहुत जरुरी है।

## SUDOKU 155

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 4 | 5 | 9 | | | | |
| 9 | | | | | | | 1 | |
| 3 | 2 | | | | | | | |
| 1 | | 6 | 2 | | 7 | | 3 | |
| 8 | | | | | | | | 4 |
| | 3 | | 6 | | 9 | 7 | | 1 |
| | | | | | | | 5 | 6 |
| | 5 | | | | | | | 8 |
| | | | | 6 | 5 | 1 | 7 | |

## SOLUTIONS 154

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 8 | 5 |
| 7 | 9 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 2 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 7 | 5 | 4 | 9 | 6 | 8 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 3 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष** : आज आपका मन थोड़ा बेचैन रह सकता है। खर्चे अचानक बढ़ सकते हैं, जिससे टेंशन हो सकती है। कामकाज में धैर्य रखें, जल्दबाजी नुकसान करा सकती है। सेहत ठीक रहेगी।

**वृषभ** : आज पैसों के मामले में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। किसी खबर या मैसेज को लेकर भ्रम की स्थिति बन सकती है।

**मिथुन** : आज सेहत थोड़ी ढीली रह सकती है। थकान, नींद की कमी या सिरदर्द परेशान कर सकता है। लव लाइफ में मनमुटाव हो सकता है।

**कर्क** : आज सेहत पर थोड़ा ध्यान देना जरूरी है। लव लाइफ और बच्चों से जुड़ी खुशखबरी मिल सकती है, जिससे मन हल्का रहेगा। कामकाज में हालात ठीक रहेंगे।

**सिंह** : आज पेट से जुड़ी दिक्कत या कमजोरी महसूस हो सकती है। चोट लगने या फिसलने से बचें। काम के फैसले सही दिशा में जाएंगे। जीवनसाथी के साथ समय बिताएं, रिश्ते मजबूत होंगे।

**कन्या** : आज आपके व्यवहार में सख्ती दिख सकती है। ब्लड प्रेशर या मुंह से जुड़ी दिक्कत हो सकती है। गुस्से और गलत भाषा से बचें।

**तुला** : आज दांपत्य जीवन में खटास आ सकती है। बिना वजह शक या गलतफहमी से दूरी बढ़ सकती है। सेहत मध्यम रहेगी। शांति से काम लेंगे तो नुकसान से बच सकते हैं।

**वृश्चिक** : आज बेचैनी और उलझन बनी रह सकती है। खर्च ज्यादा होंगे, जिससे मन परेशान रहेगा। सट्टा या जोखिम वाले निवेश से दूर रहें। सेहत थोड़ी कमजोर रह सकती है।

**धनु** : आज गुस्सा कंट्रोल में रखना जरूरी है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। रोमांटिक जीवन सुखद होगा।

**मकर** : बच्चों की सेहत या पढ़ाई को लेकर चिंता रह सकती है। लव लाइफ में मनमुटाव हो सकता है। मानसिक तनाव ज्यादा रहेगा।

**कुंभ** : आज सेहत कमजोर रह सकती है। नाक, कान या गले से जुड़ी दिक्कत हो सकती है। भाई-बहन को लेकर मन परेशान रहेगा।

**मीन** : आज खर्च बढ़े रहेंगे। मन में डर या बेचैनी बनी रह सकती है। आज खुद को संभालकर चलें, जल्दबाजी में कोई फैसला न लें। हालात धीरे-धीरे बेहतर होंगे।

**आज का पंचांग:** 22 फरवरी रविवार 2026। **दिशाशूल :** पश्चिम दिशा में रहेगा। **विशेष :** महर्षि याज्ञवल्क्य जयंती। विक्रम संवत 2082 शके 1947 उत्तरायण, दक्षिणगोल, शिशिर ऋतु फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष की पंचमी 11 घंटे 11 मिनट तक तत्पश्चात षष्ठी, अश्विनी नक्षत्र 17 घंटे 55 मिनट तक तत्पश्चात भरणी नक्षत्र, शुक्ल योग 13 घंटे 09 मिनट तक तत्पश्चात वज्र योग, मेष में चंद्रमा।

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1
महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई.डी. नं. J100080006
आवेदन क्रमांक-10999, आवेदन दिनांक-07/02/2026
क्रमांक 1042/राजस्व/भौविप्रा/26 भोपाल
दिनांक: 19/02/2026

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की स्वामी विवकानन्द परिसर कटारा हिल्स योजना में स्थित भूखंड क्रमांक - 6, सेक्टर-सी, श्री सुरेश चौधरी आत्मज स्व. श्री बद्री प्रसाद के नाम पर आवंटित है। आवंटी का स्वर्गवास दिनांक-26/12/2016 को हो जाने एवं पत्नी श्रीमति वन्दना चौधरी स्वर्गवास दिनांक- 2/10/2013 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस पुत्री श्रीमती भावना चौधरी चन्दा, पुत्र श्री सुनील चौधरी एवं श्री यतीन चौधरी पुत्री/पुत्र स्व. श्री सुरेश चौधरी द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड एवं समस्त वारिसो की सहमति/शपथ पत्र तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त भूखंड का अपने नाम पर नामांतरण चाहा गया है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्ये/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

VIJAY SINGH YADAV
राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

**जाहिर सूचना**

कृषि भूमि खसरा क्रमांक 97(एस) स्थित ग्राम खुकरिया, तहसील बैरसिया, जिला भोपाल के संबंध में।

मेरे पक्षकार ने (1) जयराम अहिरवार आत्मज श्री निर्भय सिंह (2) हरि सिंह अहिरवार उर्फ सदाराम आत्मज श्री निर्भय सिंह (3) मदन लाल अहिरवार आत्मज श्री निर्भय सिंह अहिरवार (4) कल्लोबाई उर्फ कला बाई पुत्री श्री निर्भय सिंह (5) चिरोंजी बाई अहिरवार पुत्री श्री निर्भय सिंह पत्नी श्री राम सिंह अहिरवार (6) कम्मी बाई अहिरवार पुत्री श्री निर्भय सिंह पत्नी रघुनाथ अहिरवार समस्त निवासीगण ग्राम खुकरिया, तहसील बैरसिया जिला भोपाल, मध्यप्रदेश से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित ग्राम खुकरिया, पटवारी हल्का खुकरिया, तहसील बैरसिया, जिला भोपाल जिसका खसरा क्रमांक 97 (एस) रकबा 1.2450 हेक्टेयर में से रकबा 1.53 एकड़ भूमि अर्थात 0.6194 हेक्टेयर भूमि है व जिसकी चतुर्थ सीमायें इस प्रकार है - पूरब में - अन्य की भूमि, पश्चिम में - खसरा क्रमांक 271 एवं 272 की भूमि, उत्तर में - खसरा क्रमांक 95 एवं 98 एवं दक्षिण में - रास्ता है, को क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशि अदा की गई है व उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, या किसी अन्य को कोई आपत्ति हो या सम्पत्ति पर किसी प्रकार का दावा, झगड़ा, मांग, मतालबा या कोई अन्य विलेख निष्पादित किया गया हो, तो विज्ञप्ति दिनांक से 07 दिवस के अन्दर मेरे समक्ष सप्रमाण लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के बाद किसी आपत्ति पर विचार न किया जाकर मेरा पक्षकार अग्रिम कार्यवाही हेतु स्वतंत्र रहेगा, कृपया सूचित हो।

**मो.अनस अहमद सिद्दीकी** अधिवक्ता
फ्लेट नं. 2, प्रथम तल, दीपनिशा इनक्लेव, डी-110, फिरदौस नगर, बैरसिया रोड, भोपाल
मो.9981802782

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री रावेन्द्र प्रताप सिंह पिता प्रेमबहादुर पता हुजूर रायसेन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक किता कृषि भूमि खसरा क्रमांक 29/1/1/1/1/3 रकबा 1.5420 हेक्टेयर अर्थात 3.81 डेसीमल (एकड़) में से अपने हिस्से की भूमि जिसका रकबा 0.754 हेक्टेयर अर्थात 1.86 (एकड़) का विक्रय अनुबंध विक्रेता द्वारा किया जा रहा है, जो स्थित ग्राम- गोपालपुर, वार्ड न. 04, रायसेन, विकास खण्ड- साँची, तहसील- रायसेन, जिला रायसेन (मध्य प्रदेश) में नगर निगम की सीमाओं के अन्दर मुख्य मार्ग पर स्थित है उक्त संपत्ति को क्रय करने हेतु टोकन/बयाना राशि अदा कर दी गई है। यदि उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी बैंक, सोसायटी, व्यक्ति, संस्था आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति अथवा लेन-देन या बात विवाद या हिबा, दान, गिरवी, वसीयत, विक्रय अनुबंध, विक्रय विलेख आदि हो, तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में संपूर्ण साक्ष्य के साथ उपस्थित होकर मय दस्तावेज के आपत्ति प्रस्तुत करें। समय अवधि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति का पंजीयन अपने पक्ष में कराने के लिये स्वतंत्र होगा।

**प्रकाश चौकसे** अधिवक्ता
ओम लॉ चेम्बर
कार्यालय: एचआईजी 01, शॉप नं.01, सोनागिरी, पिपलानी, भोपाल मो.9827084825



# बैचलरेट पार्टी

# अब कॉकटेल और शरारतें नहीं, वेलनेस रिट्रीट

● शामनी जोशी ●

जब आप बैचलरेट के बारे में सोचते हैं, तो आप शायद टकीला शॉट्स, कॉकटेल्स से भरे आकर्षक गिलास, चुटीले- शरारती खेलों के बारे में सोचते हैं जो शादी से पहले की पार्टी या गेटअवे की खासियत हैं। बेशक ये रोमांच कुछ शानदार यादें बना सकते हैं, लेकिन इसके अंत तक, ये आपके लिवर को उस बारटेंडर से भी ज़्यादा थका सकते हैं जिसने आपके सारे टकीला शॉट डाले थे।

इसलिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि आजकल शादी से पहले की परंपरा थोड़ी अलग दिखने लगी है। लंबे समय से शादी से पहले अंतिम उत्सव के रूप में जानी जाने वाली बैचलरेट और बैचलर पार्टियों में अब वेलनेस थेरेपी और उपचार पद्धतियों पर आधारित पैकेज को अपनाने का चलन बढ़ रहा है।

> मिलेनियल और जेन जेड दुल्हनें बैचलरट पार्टी में केक और कस्टम कॉकटेल की जगह विटामिन ड्रिप और आयुर्वेदिक मसाज ले रही हैं।

मुंबई की भाषा शिक्षिका मारिया कुर्कोवा के ज़्यादातर दोस्त दुनिया भर में फैले हैं, इस वजह से अपने सबसे करीबी लोगों को बैचलरेट गेटअवे पर साथ लाने की सारी उम्मीदें मारिया ने छोड़ दी थीं, जब तक कि उनकी दोस्त रचिता ने उन्हें हिमालय की तलहटी में स्थित एक आलीशान वेलनेस रिट्रीट आनंदा स्पा में चार रातों के लिए ठहरने का मौका देकर आश्चर्यचकित नहीं कर दिया। कुर्कोवा कहती हैं, मैं इससे ज़्यादा उपयुक्त बैचलरेट रिट्रीट की कल्पना नहीं कर सकती थी। आयुर्वेदिक मालिश, अरोमाथेरेपी, ध्वनि ध्यान, योग और पहाड़ों की शांति में मन लगाकर सैर करने जैसी थेरेपी में चार दिन बिताने के बाद, कुर्कोवा पहले से कहीं ज़्यादा तरोताज़ा महसूस कर रही थीं। इस यात्रा ने उसे अपनी शादी के दिन के लिए एक फॉरेस्ट वीकेंड की तुलना में अधिक केंद्रित और तैयार महसूस कराया।

इस साल सबसे बड़े रुझानों में से एक वेलनेस ट्रैवल को मजबूत करने के साथ, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि इस माइंडफुल मूवमेंट के साथ हमारा बढ़ता जुनून इस ट्रेंड का जश्न मनाने के तरीके में भी समाहित हो रहा है। चाहे वे रणथंभौर में सिक्स सेंस फोर्ट बरवारा में एक लग्जरी स्पा वीकेंड के लिए अपने करीबी लोगों के साथ हों या केरल के अमल तमारा वेलनेस रिसॉर्ट में आयुर्वेदिक डिटॉक्स थेरेपी का आनंद ले रहे हों। भारत के 130 बिलियन अमेरिकी डॉलर के विवाह उद्योग में दुल्हनों की बढ़ती संख्या अब ऐसे अनुभवों का विकल्प चुन रही है जो शादी की योजना बनाने के तनाव को कम करते हैं या क्रैश डाइट और अत्यधिक व्यायाम दिनचर्या का सहारा लिए बिना वजन कम करने में उनकी मदद करते हैं।

एक लक्जरी रिट्रीट आत्मंतन वेलनेस, होने वाले जोड़े के लिए आयुर्वेदिक मालिश, एक्यूपंक्चर और निर्देशित ध्यान सहित एक क्यूरेटेड प्री-वेडिंग वेलनेस पैकेज प्रदान करता है। इसकी सह-संस्थापक और निदेशक शर्मीली कपूर बताती हैं, पहले, भारतीय शादियाँ अधिक अनुष्ठानिक होती थीं, लेकिन अब, लोग जानते हैं कि वे शादी के दौरान देर रात तक जागेंगे और पागलों की तरह पार्टियाँ करेंगे, इसलिए वे पहले से ही खुद के लिए समय निकालना चाहते हैं। कपूर ने यह भी कहा कि कई युवा जोड़े अब यह पहचानते हैं कि स्वस्थ जीवनशैली की दिनचर्या बनाना कोई त्वरित समाधान नहीं है, इसके लिए समय, प्रयास और वास्तविक प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है। कपूर ने कहा कि एक कठोर आहार के माध्यम से, जिसमें जैविक, अनाज रहित आहार, एक्वा एरोबिक्स से लेकर बॉलीवुड डांसिंग तक के व्यायाम और दैनिक चिकित्सा परामर्श शामिल हो सकते हैं, जोड़े अपने बड़े दिन से पहले स्वस्थ खाने और सोने की आदतें बनाने के लिए अपनी प्री-वेडिंग रिट्रीट चुनते हैं। जहां कुछ दुल्हनें चार से 21 दिनों के बीच के रिट्रीट का विकल्प चुनती हैं, जिसमें अधिकतम लाभ प्राप्त करने में उनकी मदद करने के लिए सख्त शेड्यूल होते हैं, वहीं अन्य दुल्हनें अपने पावर-पैक ब्राइडल गेटअवे शेड्यूल में वेलनेस थेरेपी को शामिल करने के तरीके खोज रही हैं।



## चमकती स्किन के लिए विटामिन्स की ड्रिप

लेकिन एक वेलनेस-केंद्रित बैचलरेट का लंबा शेड्यूल बनाने की ज़रूरत नहीं है, खासकर उन लोगों के लिए जो काम और शादी की योजना बनाने के बीच ज़्यादा समय नहीं निकाल सकते। बहुत से लोग दिन भर के सत्रों का भी विकल्प चुन रहे हैं, जिसमें कभी-कभी अपने निकटतम साथियों के साथ विटामिन की ड्रिप लगवाना भी शामिल होता है, ताकि उन्हें अतिरिक्त चमक और ऊर्जा मिले। उदाहरण के लिए, मुंबई स्थित आईवी ड्रिप क्लिनिक रिवाइव इंडिया ने आईवी ड्रिप में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इन दिनों वेडिंग पैकेज में चमकदार त्वचा के लिए विटाग्लो ग्लूटाथियोन ड्रिप और मेटाबॉलिज्म बढ़ाने वाला स्लिमबूस्ट, वजन घटाने वाला शॉट जैसी आई वी ड्रिप की मांग बढ़ रही है। रिवाइव इंडिया के सह-संस्थापक कृष बजाज कहते हैं, आमतौर पर, दुल्हन और उसकी सहेलियों को हाई टी [सेटिंग] में आई वी थेरेपी दी जाती है, जो उनके लिए एक बॉन्डिंग सेशन बन जाता है। तो चाहे आप इसे लंबे समय में स्वस्थ जीवनशैली की आदतों को विकसित करने के लिए एक कदम के रूप में देखें या भव्य भारतीय शादी के दौरान खुद की देखभाल की एक त्वरित खुराक के रूप में, एक स्वास्थ्य-केंद्रित बैचलरेट वही हो सकता है, जो डॉक्टर ने सेट करके दिया है।

## विदेश में ले रहे स्पा ट्रीट

दिल्ली की रहने वाली लाइफस्टाइल कंटेंट क्रिएटर निष्ठा गांधी मलिक ने इस साल मई में अपने बैचलरेट डेस्टिनेशन के लिए सियोल को चुना, ताकि कुछ अनोखे स्किन और हेयरकेयर ट्रीटमेंट का आनंद उठा सकें, जो उन्हें अन्यथा नहीं मिल पाते। अपने दोस्तों के साथ दो सप्ताह की यात्रा में एक कोरियाई हेयर स्पा, उनकी त्वचा के अंडरटोन के लिए सबसे उपयुक्त रंगों का निर्धारण करने के लिए एक कलर एनालिसिस और एक जिमजिलबैंग शामिल था, जो एक पारंपरिक वेलनेस सुविधा है, जिसमें कई तरह के हॉट बाथ, सौना और चिकित्सीय उपचार उपलब्ध हैं। मुझे कोरियाई स्नान का अनुभव सबसे ज़्यादा पसंद आया, जिसने हमें एक समूह के रूप में अपनी सभी बाधाओं को दूर करने में मदद की, जबकि हम कई तरह के ब्यूटी पैकेज में शामिल हुए।



# सादगी की पहचान-नूतन, सहजता से वेस्टर्न आउटफिट्स पहनती थीं



मुंबई के शनमुखानंद हॉल में तकरीबन पूरे बॉलीवुड का जमावड़ा था। यहां 1975 के फिल्मफेयर पुरस्कारों की शांत सी चकाचौंध थी, क्योंकि उन दिनों ग्लैमर का प्रदर्शन भी ज्यादातर सादगी से परिपूर्ण होता था। खासकर वह क्षण आया जब उस दौर की स्टार अभिनेत्री नूतन को जया भादुड़ी को लेकर आने के लिए कहा गया। जया भादुड़ी को उस दिन फिल्म 'कोरा कागज' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवार्ड दिया जाना था। जया को ट्रॉफी लेने के लिए साथ में ले कर आई नूतन पर पूरे हॉल की निगाहें थम सी गईं। नूतन ने चमचमाता हुआ सितारों से भरा स्लीवलेस, डीप नेक, टाइट स्किन वेस्टर्न गाउन पहना हुआ था। जो हमारी कल्पनाओं में बसी नूतन की छवि से बिल्कुल विपरीत था।

दरअसल, नूतन, जिन्हें अक्सर स्क्रीन पर उनकी साड़ी पहने संयमित गरिमा के लिए याद किया जाता ह। वे वास्तविक जीवन में कहीं अधिक महानगरीय रंग में रंगी हुई थीं, वे इतनी सहजता से वेस्टर्न सिल्हूट, बिना आस्तीन के ब्लाउज, वन शोल्डर सुरुचिपूर्ण गाउन पहनती थीं, कि उनकी साड़ी वाली छवि अक्सर भुला दी जाती थी। उनकी स्टाइल हमेशा रॉयल होती थी, उनका आत्मविश्वास कभी कम नहीं होता था।

उस शाम जया अपनी चिर परिचित छवि की प्रतीक थीं। फिल्म 'कोरा कागज' में अर्चना की भूमिका के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के अवार्ड से नवाजा जा रहा था। उनकी एक्टिंग में एक नवविवाहिता के अंतर्मन की चोट, शांत विद्रोह और घरेलू संघर्ष को महाकाव्य जैसा बनाने की असाधारण क्षमता थी। उस दौर की मशहूर हस्ती नूतन को 70 के दशक के यथार्थवाद का प्रमुख चेहरा



जया को पुरस्कार सौंपते हुए देखना ऐसा लगा, जैसे एक युग की दो शक्तिशाली महिलाएं एक दूसरे के युग को स्वीकार कर रही हों। कोई शोर-शराबा नहीं, कोई नाटकीयता नहीं, बस झूमर की रोशनी में प्रतिभाओं का मिलन। यह दृश्य देखकर को हिंदी सिनेमा ने भी अपनी बेटियों की सराहना की होगी....। लीजेंड अभिनेत्री नूतन की 21 फरवरी को पुण्यतिथि थी।

> ब्रिटिश वोग मैगजीन के कवर पेज पर छपने वाली दूसरी भारतीय महिला। वोग मैगजीन को फैशन इंडस्ट्री का बाइबिल कहा जा सकता है क्योंकि इसके अनुसार ही फैशन के ट्रेंड्स सेट होते हैं।

# डस्की ब्यूटी भविता मांडवा

भविता मांडवा, क्या आप इस नाम से परिचित हैं? अगर नहीं तो जानिए कि ये वो लड़की है जिसने फैशन इंडस्ट्री में ब्यूटी स्टैंडर्ड्स को फिर से डिफाइन करने का काम किया है। हालांकि भविता मांडवा के पहले भी कई इंडियन डस्की स्किन की मॉडल्स फैशन इंडस्ट्री में आईं, लेकिन ब्रिटिश वोग मैगजीन पर सोलो पब्लिश होने वाली वो सिर्फ दूसरी भारतीय महिला हैं। भविता मांडवा की यह उपलब्धि इतिहास रचने की भांति हैं। इसकी वजह यह है कि भविता मांडवा दूसरी ऐसी भारतीय हैं, जिन्होंने भारतीय सौंदर्य यानी डस्की स्किन टोन के साथ यह अवसर प्राप्त किया है। उनसे पहले प्रियंका चोपड़ा ने यह इतिहास बनाया था और प्रियंका चोपड़ा भी भारत की डस्की टोन की मल्लिका हैं।

## कौन है भविता मांडवा?

भविता मांडवा एक तेलुगू परिवार में जन्मी युवती हैं। 25 साल की 5 फुट 9 इंच लंबी इस मॉडल का बचपन हैदराबाद में गुजरा है। उन्होंने हैदराबाद के जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकी विश्वविश्वविद्यालय से आर्किटेक्चर में ग्रेजुएशन किया है। न्यूयार्क में आगे की पढ़ाई के दौरान भविता की पहचान डिजाइनर मैथ्यू ब्लेजी से हुई और भविता को 2025 के स्प्रिंग/समर शो में विशेष मॉडल के रूप में रैंप वॉक करने का मौका मिला। इसके बाद भविता मंडावा मेटियर्स डीआर्ट 2026 शनेल फैशन शो को ओपन करने वाली मॉडल बनीं। वोग पत्रिका पर भविता की जो तस्वीर छपी है उसमें वह ऑरेंज कलर की फर वाली जैकेट पहनी हुई हैं। उनके जैकेट पर काले और सफेद रंग की धारियां भी बनी हुई हैं। उनके बाल खुले हैं और लहराते बादल की तरह लग रहे हैं। भविता के चेहरे पर बहुत ही खूबसूरत मुस्कान खिल रही है और मैगजीन के कवर पेज पर टैग लाइन छपा है- फील द जॉय, ए न्यू मूड ऑफ स्प्रिंग।।।

इससे यह साफ जाहिर है कि यह फैशन स्प्रिंग सीजन यानी वसंत ऋतु को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस तस्वीर का बैकग्राउंड चमकीला नीला है और फेदरी जैकेट के साथ भविता ने स्कर्ट कैरी किया है। उसका अंदाज आत्मविश्वास से परिपूर्ण नजर आ रहा है। उन्होंने हैंगिंग एमरल्ड इयररिंग्स पहना है, जो उसके लुक को और भी बेहतरीन बना रहे हैं।

भविता ने अपने इंटरव्यू में यह कहा है कि शैनेल फैशन शो की ओपनिंग मेरे लिए बहुत ही खास थी। इस उपलब्धि ने आइडिया दिया कि भारतीय महिलाओं को ट्रेडिशनल रूप में सुंदर माना जा सकता है। भारत में रंगभेद हावी है और सुंदरता का पहला मापदंड ही यही है कि लड़की को गोरी होना चाहिए। ऐसी दुनिया में भविता मांडवा की एचीवमेंट बहुत ही मायने रखती है। फैशन इंडस्ट्री में डस्की स्किन की मॉडल्स का जलवा भी आजकल खूब चल रहा है और इसने सुंदरता की परिभाषा को बदलकर रख दिया है।




# फोकस

# एपस्टीन फाइलों से दिग्गजों की दुनिया में भूचाल

**कौन था एपस्टीन, जिसकी फाइलों ने पूरी दुनिया के कई दिग्गजों को हिला दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी नहीं चाहते थे कि इन फाइलों में छिपे राज दुनिया के सामने आएं। एपस्टीन की मौत 2019 में हो चुकी है। लेकिन मृत्यु के 6 साल बाद भी एपस्टीन की फाइलें विश्व की कई सरकारों, नेताओं, बिजनेसमैन और नामी-गिरामी हस्तियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं।**

एपस्टीन फाइल्स से सामने आ रहे राज दुनियाभर में सुर्खियां बन रहे हैं। इनमें कई दिग्गज हस्तियों के नाम सामने आए हैं। एपस्टीन फाइल्स के एक ईमेल मैसेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जेफरी एपस्टीन की मुलाकात का भी दावा था, जिसे भारतीय विदेश मंत्रालय ने खारिज कर दिया है।

उधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी कहा है कि उनका जेफरी एपस्टीन से कोई लेना-देना नहीं था। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी की गई फाइलों से साजिश सामने आती है। इसका मकसद उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाना और चुनाव हरवाना था। बहरहाल, हाल ही में सामने आए इन दावों ने अमेरिकी यौन अपराधी और मानव तस्कर जेफरी एपस्टीन को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। एपस्टीन की मौत 2019 में हो चुकी है। लेकिन मृत्यु के 6 साल बाद भी एपस्टीन की फाइलें विश्व की कई सरकारों, नेताओं, बिजनेसमैन और नामी-गिरामी हस्तियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं।

भले ही एपस्टीन फाइल्स में नाम आने से ट्रंप घिर गए हों, लेकिन उन्होंने ही इसे जारी करने का आदेश दिया था। उनके अपने समर्थकों और रिपब्लिकन पार्टी के कुछ नेताओं ने लगातार दबाव डाला कि एपस्टीन की जांच में क्या-क्या पता चला, इसकी पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाए। कई हफ़्तों तक ट्रंप ने यह बात नहीं मानी, लेकिन बाद में उन्होंने राय बदली और रिपब्लिकन सांसदों से कहा कि वे एपस्टीन फाइलों को लोगों के सामने सार्वजनिक करने के लिए वोट दें।

अमेरिकी संसद के दोनों सदनों (हाउस और सीनेट) ने एक कानून पास किया, जिससे न्याय विभाग को सभी फाइलें जारी करने का आदेश मिला। ट्रंप ने नवंबर में इस पर हस्ताक्षर कर दिए। इस कानून के बाद फाइलें जारी करने की 30 दिनों की समयसीमा शुरू हुई। लेकिन यह भी तय किया गया कि कुछ फाइलें जारी नहीं की जाएंगी, जैसे- फिलहाल चल रही किसी आपराधिक जांच से जुड़ी फाइलें, एपस्टीन के शिकार लोगों की पहचान बताने वाली जानकारी, निजी जानकारी जो गोपनीयता भंग करे या बच्चों के यौन शोषण, मौत और चोट की तस्वीरें।






### पीड़ित के माता पिता ने किया खुलासा

2008 में एक 14 साल की लड़की के माता-पिता ने पुलिस को बताया था कि जेफरी एपस्टीन ने उनकी बेटी के साथ यौन हिंसा की। एपस्टीन को नाबालिगों से सेक्स वर्क करवाने के लिए दोषी ठहराया गया। एपस्टीन ने अभियोजकों से समझौता किया, जिससे उसे ज़्यादा जेल नहीं हुई। 11 साल बाद 2019 में उस पर फिर आरोप लगा कि वह नाबालिग लड़कियों का सेक्स नेटवर्क चला रहा था। इस आरोप में पकड़े जाने पर जेल में ट्रायल का इंतजार करते हुए उसकी मौत हो गई, जिसे सुसाइड बताया गया।

### अब तक क्या-क्या जारी हुआ है?

एपस्टीन फाइल्स से जुड़े 30 लाख नए दस्तावेज जारी किए गए हैं। जिनमें तस्वीरें भी शामिल हैं। सितंबर 2025 में एक बर्थडे बुक जारी हुई, जिसमें ट्रंप के नाम वाला एक नोट था। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद न्याय विभाग और एफबीआई ने एपस्टीन फाइल्स का पहला चरण जारी किया। कुछ दक्षिणपंथी प्रभावशाली लोगों को व्हाइट हाउस बुलाया गया, लेकिन उन्हें सिर्फ़ 341 पेज मिले। इसमें एपस्टीन के प्लेन के उड़ान रिकॉर्ड और उसके किससे संपर्क रहे, यह बताया गया।

### अभी भी कई राज बंद हैं फाइलों में

इस प्रक्रिया के बाद भी फाइलों का पूरी तरह से रिलीज होना मुश्किल है। अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी के पास अधिकार है कि वे किसी भी जानकारी को रोक सकती हैं। कानून में कहा गया है कि व्यक्तिगत जानकारी को रोका या छिपाया जा सकता है जो साफ तौर पर निजता में अनुचित तौर पर हस्तक्षेप करे। वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, ट्रंप एपस्टीन के पुराने दोस्त थे। रॉयटर्स को एक अधिकारी ने कहा कि ट्रंप का नाम होने से इनकार नहीं किया गया।

### ट्रंप ने कभी बताया 'शानदार आदमी' तो कभी 'घिनौना शख्स'

ऐसा महसूस होता है कि ट्रंप और एपस्टीन कई सालों तक दोस्त थे। पहले जारी फाइलों में ट्रंप का नाम एपस्टीन की ब्लैक बुक में था। फ़्लाइट लॉग से निकली जानकारी के मुताबिक भी ट्रंप ने कई बार एपस्टीन के प्लेन में सफर किया। 1990 के दशक में वे साथ में हाई-क्लास पार्टियों में दिखे। सीएनएन की तस्वीरों में एपस्टीन ट्रंप की शादी (मारला मैपल्स से) में थे। 2002 में ट्रंप ने एपस्टीन को 'शानदार आदमी' कहा। एपस्टीन ने बाद में कहा कि वह 10 साल तक डोनाल्ड का सबसे करीबी दोस्त था। लेकिन ट्रंप कहते हैं कि एपस्टीन की पहली गिरफ़्तारी से दो साल पहले ही उनका उससे झगड़ा हो गया था। 2008 तक ट्रंप कहने लगे कि वे एपस्टीन के फैन नहीं रहे। ट्रंप ने उसे अपने क्लब से निकाल दिया क्योंकि वह 'घिनौना शख्स' था।

## कई बड़े नाम शामिल

सार्वजनिक दस्तावेजों में कई और भी बड़े नाम आए हैं, जिनमें एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर (पूर्व प्रिंस और किंग चार्ल्स 3 के भाई), पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और माइकल जैक्सन भी शामिल हैं। सितंबर में जारी फ़्लाइट लॉग (ऐसे दस्तावेज जिनमें एपस्टीन के स्वामित्व वाले निजी जेट विमानों के यात्रियों की सूची का विवरण दिया गया है) में एलन मस्क और माउंटबेटन-विंडसर का नाम था। मस्क ने कहा कि एपस्टीन ने उन्हें द्वीप पर बुलाया था, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। ईमेल में क्लिंटन के पूर्व ट्रेजरी सेक्रेटरी लैरी समर्स और ट्रंप के सहयोगी स्टीव बैनन का नाम आया। समर्स ने एपस्टीन से संपर्क रखने की जिम्मेदारी ली। ट्रंप का नाम भी कई बार आया, लेकिन उन्होंने भी हमेशा आरोप खारिज किए।

### एपस्टीन की मौत

आम लोगों के मन में कई ऐसे सवाल हैं, जिनके अभी भी जवाब नहीं मिले हैं, जैसे- फ़्लोरिडा में एपस्टीन को इतनी हल्की सजा क्यों दी गई, क्या इन काले कारनामों के पीछे सिर्फ़ एपस्टीन और मैक्सवेल ही थे और उसने जेल में आत्महत्या कैसे की। हालांकि एपस्टीन की मौत के एक हफ़्ते बाद ही न्यूयॉर्क के मेडिकल एग्जामिनर ने आधिकारिक तौर पर एपस्टीन की मौत को फांसी लगाकर आत्महत्या करार दे दिया था। 66 वर्षीय फाइनेंसर का 10 अगस्त 2019 को जेल में शव मिला था।

## मौसम अपडेट

**प्रदेश के चार महानगरों का तापमान**




**देश के चार महानगरों का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 28.1 | 14.2 |
| मुंबई | 36.3 | 22.4 |
| चेन्नई | 35.6 | 20.0 |
| कोलकाता | 31.3 | 19.5 |

सूर्यास्त 6:19 PM
सूर्योदय 6:49 AM
चन्द्रोदय 09:02 AM
चन्द्रास्त 10:08 PM

# डिजिटल अरेस्ट से डराकर 2.5 करोड़ ठगने वाले 20 गिरफ्तार, सवा करोड़ का माल जब्त

## 10 चैटिंग ऐप को बनाया हथियार, अश्लील वीडियो बनाकर सेटलमेंट के बहाने करते थे वसूली



**जागरण, शिवपुरी।** ऑनलाइन चैटिंग कर अश्लील वीडियो के जरिए ढाई करोड़ से ज्यादा की ठगी कर चुका बड़ा गिरोह पुलिस के हाथ लगा है। यह लोगों को फंसाने के लिए पहले ऑनलाइन चैटिंग एप उपलब्ध कराता था। फिर चैटिंग के दौरान ही लोगों के अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर डिजिटल अरेस्ट का खौफ पैदा करता था। जाल में फंसे लोगों से यह गैंग केस सेटलमेंट के नाम लंबी मनमानी वसूली करता था। देश भर में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ब्लैकमेल कर ठगी करने वाले इस गिरोह का भंडाफोड़ शिवपुरी पुलिस ने किया है। इस साइबर गिरोह के 20 सदस्यों को गिरफ्तार करने में पुलिस सफल रही है। जबकि 12 सदस्य अभी भी फरार हैं। गिरोह के पास से पुलिस ने 7 कार, 1 बाइक, 29 मोबाइल, 16 एटीएम कार्ड, 7 बैंक पासबुक, एक मकान की रजिस्ट्री सहित 1.20 लाख रुपए कैश जब्त किए हैं। बरामद नकदी और जब्त किए गए सामान की कुल कीमत 1 करोड़ 7 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक यह गिरोह एपीके फाइल के जरिए आसानी से डाउनलोड होने वाले एप्स का इस्तेमाल करता था। ऑनलाइन चैटिंग की चाह में लोग इन्हें इंस्टॉल कर लेते थे, जिसका फायदा उठाकर आरोपी उन्हें अपने जाल में फंसाते थे। गिरोह ने महिलाओं के नाम से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बना रखे थे। ऑनलाइन चैटिंग के इच्छुक लोगों को गिरोह के सदस्य फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते थे। चैटिंग में अश्लील बातचीत के बीच गिरोह के सदस्य वीडियो कॉल कर पूरी कॉल और चैट की रिकॉर्डिंग कर लेते थे। फिर संबंधित को कॉल कर खुद को पुलिस अधिकारी बताकर बलात्कार, चाइल्ड पोर्नोग्राफी जैसे गंभीर अपराधों में फंसाने की धमकी देते थे। डिजिटल अरेस्ट का डर बताकर गिरोह के लोग ही केस सेटलमेंट के नाम पर रकम ट्रांसफर करवाते हैं। बदनामी और सजा से बचने के लिए लोग करीब ढाई करोड़ रुपए इस गिरोह के खाते में ट्रांसफर कर चुके हैं।

### ऐसे पुलिस के हाथ आया गिरोह

ठगे गए लोगों ने विभिन्न थानों में नामजद और मोबाइल नंबर सहित रिपोर्ट दर्ज कराईं थीं। गंभीरता दिखाते हुए ग्वालियर जोन पुलिस ने ऑपरेशन मेट्रिक्स के तहत जिले में 9 विशेष टीमें बनाई थीं। पिछोर करैरा, भौंती, अमोला, सुरवाया, सतनबाड़ा, कोतवाली और कोलारस थाने की टीमों संयुक्त दबिश देकर आरोपियों की धरपकड़ की। पकड़े गए 20 आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। दबिश के दौरान एक आरोपी के पास आलीशान मकान भी मिला, जो ठगी की रकम से बनवाया था। पुलिस ने इसकी रजिस्ट्री जब्त कर ली है। पुलिस ने अपील की है कि सोशल मीडिया पर चैटिंग एप्स और अनजान वीडियो कॉल व अश्लील चैट से दूरी बनाकर रखें। किसी भी तरह का मामला बताकर डिजिटल अरेस्ट के कॉल से घबराएं नहीं, तत्काल नजदीकी थाने या साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत करें।

### इन ऐप से फंसाते थे शिकार

आरोपी हाय यू, टोक्की, मिका, इलूइलू, गागा, हनी, सूगो, कोमेक्टो, हित्सु, यूऊ, कॉमिट आदि ऐप से ठगी का शिकार बनाते थे।

## पुलिस का लॉज पर छापा, आठ लड़के और 10 लड़कियां पकड़ाईं



**जागरण, गंजबासौदा।** विदिशा जिले के गंजबासौदा में पुलिस ने शनिवार को एक छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया। दोपहर लगभग 3 बजे, पुलिस ने शहर के रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित सुहाग लॉज में छापा मारा, जिसमें 8 लड़के और 10 लड़कियां पकड़ी गईं। छापा मारने की सूचना मिलने के बाद, लॉज के आसपास बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। इस दौरान थाना निरीक्षक संजय वेदिया और एसडीओपी शिखा भलावी भी मौके पर पहुंचे। एसडीओपी शिखा भलावी ने बताया कि लॉज में पकड़े गए सभी युवक और युवतियां बालिग थे, उनसे पूछताछ के बाद, उन्हें लॉज से छोड़ दिया गया। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि युवक-युवतियां कहां से आए थे और उनके बीच क्या संबंध थे।

### पता लगाएंगे क्या हो रहा था

थाना निरीक्षक संजय वेदिया ने बताया कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर, शहर के सभी होटल और लॉज की नियमित जांच की जा रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि सुहाग लॉज में कुछ युवक-युवतियां मौजूद हैं, जिन्हें लेकर जांच शुरू की गई। पुलिस के अनुसार, यह जांच यह सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है कि वहां कोई आपराधिक गतिविधि न हो और सभी लोग कानूनी रूप से ठहरे हों। पुलिस ने कहा कि मामले की पूरी जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि लॉज में क्या हो रहा था और क्या कोई आपराधिक मामला जुड़ा है या नहीं। इस दौरान स्थानीय लोग और व्यवसायियों ने भी पुलिस की कार्रवाई का समर्थन किया और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे कदम उठाने की आवश्यकता बताई।

## एमबीबीएस छात्र को ट्रक ने कुचला, छात्रों का चक्काजाम


हर्षित मेहरा,

**जागरण, उज्जैन।** प्रदेश के उज्जैन के आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज गेट के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने एमबीबीएस छात्र को कुचल दिया। हादसे में छात्र की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए छात्रों ने चक्काजाम कर दिया। मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के आगर रोड का है। जमृतक का नाम हर्षित मेहरा (20) है, जो एमबीबीएस सेकंड ईयर का छात्र था। हर्षित कॉलेज परिसर के हॉस्टल में रहता था। शनिवार सुबह वह कॉलेज के लिए निकला था। गेट के पास पहुंचा ही था कि ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर उसे सड़क पर तड़पता छोड़कर भाग गया। दुर्घटना से आक्रोशित मेडिकल छात्रों ने आगर रोड पर चक्काजाम कर दिया। छात्र करीब एक घंटे सड़क पर बैठे रहे। छात्रों ने कॉलेज गेट के सामने स्पीड ब्रेकर और सख्त ट्रैफिक नियंत्रण की मांग की और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी।

**अफसरों ने सुरक्षा को लेकर दिलाया भरोसा :** आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज गेट के सामने चक्काजाम की सूचना मिलते ही सीएसपी पुष्पा प्रजापति और चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पंचारिया मौके पर पहुंचे। पुलिस अफसरों ने छात्रों से बातचीत की। छात्रों को समझाइश दी। अफसरों ने भरोसा दिलाया कि कॉलेज के सामने सड़क सुरक्षा के उपाय किए जाएंगे, तब जाकर छात्रों ने चक्काजाम खत्म किया। चिमनगंज पुलिस ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया है। साथ ही आरोपी ड्राइवर को भी गिरफ्तार कर लिया है। आगे की जांच जारी है।

**होनहार छात्र था हर्षित :** फिजियोथेरेपी डिपार्टमेंट की डॉ. रुचि मिश्रा ने बताया कि हर्षित पढ़ाई और म्यूजिक दोनों में बहुत प्रतिभाशाली था। हर्षित ने हाल ही में सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन में अवॉर्ड जीते थे। मूल रूप से इंदौर का रहने वाला हर्षित अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसके पिता की मौत हो चुकी है, जबकि उसकी मां मेंहदी डिजाइनर हैं।

## मां-बहन जिंदा, मुंडन करा बेटे ने की प्रार्थना-आत्मा को शांति दे भगवान, शिकायत की

**जागरण, खजुराहो।** अपनी मां-बहन की लंबी उम्र के लिए लोग अपनी पूरी जमीन-जायदाद दाव पर लगा देते हैं। वहीं एक बेटे ने जमीन के विवाद में अपनी मां-बहन को जीते जी मार डाला। मुंडन करा तर्पण कर दिया और उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना भी कर डाली। इतना ही नहीं, मां-बहन की इस बेटे ने



भगवान से प्रार्थना के साथ इंस्टाग्राम पर पोस्ट भी कर दी। जब रिश्तेदारों के फोन धड़ाधड़ आने लगे तो मां ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। हैरान करने वाला यह मामला खजुराहो के समीप बमीठा तहसील के घूरा गांव का है। बताया जाता है कि बेटे का अपनी मां से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इस गांव में रहने वाले भरत शिवहरे का अपनी मां पुष्पा और बहन सोनम से जमीन के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। विवाद इतना बढ़ा कि थाने के सामने रेस्टोरेंट चलाने वाले भरत ने मुंडन कराकर फोटो अपलोड कर दिया। शनिवार को थाने पहुंची मां ने पुलिस से अपने बेटे के खिलाफ शिकायत की है। मां का कहना है कि शादी के शुरुआती सालों तक बेटा ठीक था, लेकिन जब से बहू की मां (समधन) घर रहने आई हैं, तब से झगड़े बढ़ गए हैं। मां का आरोप है कि उनका बेटा और पति मिलकर उन्हें और बेटी को प्रताड़ित कर रहे हैं। यहां तक कि घर का राशन-पानी और गैस सिलेंडर तक छीन लिया गया है, जिसके बाद अब बेटी ही घर का खर्च चला रही है। पति भी खर्च के पैसे नहीं देता।

### सिंगरौली ननि परिषद की बैठक में मेयर और कमिश्नर आमने-सामने

# कमिश्नर बोलीं-महापौर निर्णय लेने में अक्षम बिना पढ़े फाइल साइन नहीं करूंगी: महापौर

**जागरण, सिंगरौली।** प्रदेश के सिंगरौली नगर निगम में महापौर और कमिश्नर के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद परिषद की बैठक में सामने आ गया। बैठक के दौरान दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिसका वीडियो शनिवार को सामने आने के बाद यह मामला सार्वजनिक हो गया। परिषद की बैठक में एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा के दौरान महापौर के अधिकारों और फाइलों के निस्तारण को लेकर सवाल उठे। यह चर्चा जल्द ही व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप में बदल गई, जिससे सदन का माहौल गरमा गया।


रानी अग्रवाल
महापौर


सविता प्रधान
नगर निगम कमिश्नर

नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे ने नियमों की जानकारी देने के लिए कमिश्नर सविता प्रधान से अपनी बात रखने को कहा। कमिश्नर सविता प्रधान ने सदन में आरोप लगाया कि महापौर निर्णय लेने में सक्षम नहीं हैं, जिसके कारण फाइलें आगे नहीं बढ़ पा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार फाइलें निगम कार्यालय में न रुककर बाहर चली जाती हैं, जिससे प्रशासनिक कामकाज प्रभावित होता है। कमिश्नर सविता प्रधान के इस बयान के बाद सदन में गहमागहमी बढ़ गई। उन्होंने महिलाओं के आरक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि जब संविधान ने महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया है, तो उन्हें निर्णय लेने की जिम्मेदारी भी उठानी चाहिए। उन्होंने सदन में मौजूद महिला पार्षदों से अपने अधिकारों का सही तरीके से उपयोग करने का आग्रह किया।

### तीन दिन तक फाइल रखने का अधिकारः अग्रवाल

कमिश्नर के बयान के दौरान ही सिंगरौली नगर निगम की महापौर रानी अग्रवाल अपनी सीट से खड़ी हो गईं और उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि फाइलें तीन दिनों तक अपने पास रखना उनका अधिकार है। उन्होंने कहा कि डी-1 बंगला उनका घर नहीं बल्कि कार्यालय है और वहां फाइलें ले जाकर पढ़ना और समझना उनका विशेषाधिकार है। महापौर ने यह भी कहा कि बिना पढ़े और समझे किसी भी फाइल पर हस्ताक्षर करना उनके लिए संभव नहीं है। यदि किसी फाइल में भ्रष्टाचार की आशंका होती है तो उसे रोकना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अधिकारी भी फाइलें अपने साथ ले जाते हैं, ऐसे में सवाल उठाना गलत है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-खुली निविदा सूचना**

**ई-खुली निविदा सूचना सं०-एस-टी /सोन/ ई-खुली निविदा/25-26/25 दिनांक: 18.02.2026**

मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूर संचार)/ सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई-निविदा' आमंत्रित करते हैं। ई-निविदा की अंतिम **तिथि 16.03.2026 को 12.00 बजे** तक निर्धारित है। ई-निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर किया जा सकता है।

**क्रम सं०-1, ई-निविदा सं०-एस & टी/ सोन./ ई-खुली निविदा/25-26/25, कार्य का नाम (मद सं० सहित) :** पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर डिवीजन के अलग-अलग स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के लिए मेंटेनेंस टर्मिनल की नेटवर्किंग। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 1,80,78,397.58, **बयाने की राशि (रू. में) :** 2,40,400.00, **निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (रू. में):** 0.00, **समापन अवधि :** एल.ओ.ए. जारी होने की तिथि से 06 (छ:) माह तक।

उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। दिनांक 18.02.2026 को अपलोड कर दिया गया है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार-किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा। निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, सोनपुर**
पीआर/1820/एसईई/एस एण्ड टी/टी/25-26/44

## पुलिस नहीं सुनती लिखकर मजदूर ने लगाई फांसी

**जागरण, रतलाम।** जावरा के औद्योगिक थाना अंतर्गत ग्राम हरियाखेड़ा में एक मजदूर युवक ने संदिग्ध



परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर बड़ी संख्या में आदिवासी समाज एकत्रित हो गया और जाम लगा दिया। सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार और जिला पंचायत उपाध्यक्ष केशू निनामा भी मौके पर पहुंचे और परिजनों से चर्चा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। लापरवाही बरतने पर एसपी ने थाने के एएसआई आशीष मांगरिया को लाइन अटैच किया है। जानकारी के अनुसार मृतक लक्ष्मीचंद्र पुत्र कनीराम भील गांव की पानी की टंकी पर रस्सी का फंदा बनाकर झूल गया। ग्रामीणों के अनुसार मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें सरपंच जितेंद्र पाटीदार सहित तीन लोगों के नाम लिखे बताए जा रहे हैं। इसमें लिखा है पुलिस ने शिकायत की सुनवाई नहीं की।

# मंदसौर में हिस्ट्रीशीटर भय्यू लाला की गोली लगने से हुई थी मौत

## कान को चीरकर आंख से निकली बुलेट, पुलिस पर लगे थे गंभीर आरोप

**जागरण, मंदसौर।** प्रदेश के मंदसौर में बहुचर्चित हिस्ट्रीशीटर और ड्रग माफिया वाहिद उर्फ भय्यू लाला



की संदिग्ध हालत में मौत मामले में पीएम रिपोर्ट में अहम खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार उसकी मौत कान के पीछे गोली लगने से हुई। गोली कान के पीछे से घुसकर आंख के पास से बाहर निकली, जिससे उसकी जान गई। एएसपी हेमलता कुरील ने पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मौत पुलिस की पिटाई से नहीं हुई, बल्कि गोली मारी गई थी। भय्यू लाला को तीन लोग एक निजी क्लीनिक पर डॉक्टर को दिखाने ले गए थे। क्लीनिक से लौटने के बाद उसे घर लाकर पलंग पर सुलाया। इसके बाद परिजन और अन्य लोगों ने स्थानीय पुलिस, पड़ोसियों को सूचना दी। अब पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि वे तीन लोग कौन थे। गोली किसने और किन परिस्थितियों में मारी। इसके पहले पुलिस ने कहा था कि दम घुटने से जान गई। परिजनों ने कहा था कि 6 लाख लेकर भी पुलिस ने मार दिया।

**शव को घर लाकर वीडियो बनाया गया :** एएसपी ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया है कि परिजन उसे गांव से करीब एक किलोमीटर दूर तितरोद स्थित झोलाछाप डॉक्टर राजाबाबू मंसूरी के क्लीनिक ले गए थे, जहां उसे मृत घोषित किया गया। इसके बाद शव को घर लाकर बेड में रखकर वीडियो बनाया। एएसपी ने बताया कि फोरेंसिक एक्सपर्ट्स की मौजूदगी में घर की तलाशी ली। पुलिस सर्च के दौरान बाथरूम में गीजर के ऊपर एक पिस्टल मिली। पिस्टल को जब्त कर लिया है। जांच की जा रही है कि भय्यू को गोली किस पिस्टल से लगी और किसने चलाई।

## आदिवासियों की फसलें उजाड़ने का मामला, सागर कलेक्टर को अल्टीमेटम

**जागरण, गौरझामर।** दक्षिण वन मंडल गौरझामर अंतर्गत गोपालपुरा बीट में आदिवासी परिवारों की फसलों को कथित रूप से नष्ट किए जाने का मामला अब गंभीर मोड़ पर पहुंच गया है। इस प्रकरण को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट सागर को नोटिस जारी कर 30 दिनों के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मामले को लेकर जिला पंचायत सदस्य जनकरानी करण सिंह गौड़ ने 23 दिसंबर 2025 को आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में गोपालपुरा बीट क्रमांक 956 में आदिवासी किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने, खेतों में जेसीबी से गड्ढे खोदने तथा संबंधित वन विभाग अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की गई थी। साथ ही वन अधिकार पट्टे प्रदान करने और नष्ट फसलों का उचित मुआवजा देने की भी मांग उठाई गई थी। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यह कार्रवाई भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के तहत प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत की जा रही है।

**Uttar Pradesh University of Medical Sciences,**
**Saifai, Etawah,**
**Email :-jdmm@upums.ac.in, upumsmm.medicine@gmail.com**

**Ref No.: 817/UPUMS/2826-CD/Med-Ten/25-26** **Date: 18 Feb 2026**

**e-Tender Notice**

E-bids are invited in Two Bid System **(1) Technical Bid** and **(2) Price Bid** from Reputed & Genuine manufacturers /Third Party Manufacturer/Direct Importers/Authorised Distributors, for executing a rate contract of supply of Medicine & disinfectants for a period of Two Year against tender No. UPUMS/MM/Medicine/14/25-26.

The detailed terms and conditions such as Tender Fees, EMD and NIT are available in the e-Bid document uploaded on e-tender portal http://etender.up.nic.in and website of the University www.upums.ac.in w.e.f. 23 Feb 2026. The offer will be accepted online only on e-tender portal with terms & conditions as mentioned in tender document.

Publishing Date & Time : 23 Feb 2026 1200 Hrs
Bid Submission Start Date : 23 Feb 2026 1200 Hrs
Last date & time of submission of e-bid : 16 Mar 2026 up to 1700 HRS
Date & Time for opening of e-bid : 17 Mar 2026 at 1100 HRS

The Vice-Chancellor reserves the right to accept or reject any offer partially or fully without assigning any reason.

**Incharge Procurement Medicine**

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया**
**Central Bank of India**
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

**शाखा: रेलवे कालोनी, रतलाम**
**क्षेत्रीय कार्यालय रतलाम**

**परिशिष्ट-IV, (नियम 8(1)**

**कब्जा नोटिस** (अचल संपत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, रेलवे कालोनी शाखा के प्राधिकृत अधिकारी होने की हैसियत से, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 एवं उसकी धारा 13 (2) एवं 13 (12) सहपठित हित (प्रवर्तन) नियम 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये दिनांक **25.09.2025** को मांग सूचना जारी करके ऋणी- **श्री अपूर्व दोशी एवं श्री प्रियंका दोशी** (ऋणी) से वर्णित राशि रुपये **35,37,447.45** (रु. पैतीस लाख सैतीस हजार चार सौ सैतालीस एवं पैसा पैतालीस मात्र) (जो 25.09.2025 को देय मूलधन और ब्याज को दर्शाता है), साथ ही 26.09.2025 से ब्याज और अन्य शुल्क को कथित सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के अन्दर चुकाने हेतु सूचित किया गया था।

ऋणी द्वारा पूर्ण राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी, एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्ति का कब्जा दिनांक 18 फरवरी 2026 को ले लिया गया है।

ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी संव्यवहार करता है तो सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया को रुपये **35,37,447.45** (रु. पैतीस लाख सैतीस हजार चार सौ सैतालीस एवं पैसा पैतालीस मात्र) (जो 25.09.2025 को देय मूलधन और ब्याज को दर्शाता है), एवं उस पर दिनांक 26.09.2025 से ब्याज एवं अन्य खर्चो के अधीन होगा।

ऋणी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (8) के प्रावधान के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है

**अचल सम्पति का विवरण**

बंधक संपत्ति आवासीय फ्लैट, नंबर 301 (तीसरी मंजिल), टाइप-ए, ब्लॉक-02 स्थित मल्टी स्टोरी बिल्डिंग 'गणेश गैलेक्सी सिटी', खसरा नंबर 90/1/2, 90/1/1 और खसरा नंबर 90/1/3 के भाग पर निर्मित, कुल क्षेत्रफल 0.661 हेक्टेयर, ग्राम-नरेला शंकरी, तहसील हुजूर, जिला भोपाल संपत्ति मालिक- श्री अपूर्व दोशी एवं श्रीमती प्रियंका दोशी। यह भोपाल नगर निगम, वार्ड क्रमांक 68 की सीमा के अंतर्गत आता है। चर्तुसीमाएं- पूर्व- कैंपस रोड (नीचे), पश्चिम-फ्लैट नंबर 302, उत्तर - सीढ़ी और फ्लैट नंबर 304, दक्षिण - कैंपस रोड (नीचे) उपरोक्त फ्लैट का सुपर निर्मित क्षेत्रफल 1155 वर्गफुट (107.34 वर्गमीटर) है, जिसमें निर्मित क्षेत्रफलः 890 वर्गफुट (82.72 वर्गमीटर) एवं सामान्य क्षेत्र (सार्वजनिक हिस्सा): 265 वर्गफुट (24.62 वर्गमीटर) है।

दिनांक : 18-02-2026 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : भोपाल सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

**बिजनेस प्लस**

## भोपाल में मेगा रिटेल क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम का सफल आयोजन



**भोपाल।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के भोपाल रीजनल ऑफिस ने गोल्डन ट्यूलिप भोपाल में एक मेगा रिटेल क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम ऑर्गनाइज किया। मिस्टर एसएस मूर्ति, जनरल मैनेजर, एमएसएमयू, सेंट्रल ऑफिस, मुंबई, चीफ गेस्ट थे। मिस्टर संजीव कुमार, रीजनल हेड, भोपाल ने भी खास तौर पर हिस्सा लिया। प्रोग्राम की शुरुआत सोराबजी पोचखानवाला की तस्वीर के सामने दीया जलाकर हुई। फिर संजीव कुमार ने कस्टमर्स को बैंक के रिटेल प्रोडक्ट्स के बारे में बताया। मिस्टर मूर्ति ने मौजूद कस्टमर्स का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर बिल्डर्स को टाई-अप लेटर और कस्टमर्स को सैंक्शन लेटर बांटे गए। भोपाल रीजन ने 20 जनवरी से 20 फरवरी के बीच 68 करोड़ के लोन अप्रूव किए, और 28 फरवरी तक और 33 करोड़ अप्रूव किए गए। कस्टमर्स ने बैंक की सर्विसेज की तारीफ की।

## सैमसंग गैलेक्सी यूजर्स साधारण बोलचाल की भाषा में फोन को कर सकेंगे कंट्रोल

**नई दिल्ली।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने One UI 8.5 के साथ अपने वॉयस असिस्टेंट Bi&by का नया और उन्नत वर्जन पेश किया है। यह अब एक 'कन्वर्सेशनल डिवाइस एजेंट' के रूप में काम करता है, जिससे गैलेक्सी यूज़र्स साधारण बोलचाल की भाषा में अपने फोन को कंट्रोल कर सकते हैं। यूजर को किसी सेटिंग का सटीक नाम या तकनीकी कमांड याद रखने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि Bi&by इरादे को समझकर खुद सही एक्शन ले लेता है। नए अपडेट के साथ Bi&by फोन की मौजूदा सेटिंग्स को पहचानकर उपयुक्त सुझाव देता है, जिससे समय और मेहनत दोनों की बचत होती है। इसके अलावा, इसमें रियल-टाइम वेब सर्च की सुविधा भी जोड़ी गई है, जिससे यूजर सीधे Bi&by के इंटरफेस पर ही ताज़ा और सटीक जानकारी पा सकते हैं। यह अपडेट One UI 8.5 के साथ भारत सहित चुनिंदा वैश्विक बाजारों में उपलब्ध है।



**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु ई- निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/123/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम रेल भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नही किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाईट https://ireps.gov.in पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 38264125 | बोगी सेंटर पाइवेट टॉप फॉर Casnub 22HS बोगीज | 1333 नंबर | 11/03/2026 |
| 2 | 80261017 | हाइड्रोलिक आयल HLP-68 N | 86940 लीटर | 18/03/2026 |
| 3 | 20255025 | सेट ऑफ spares फॉर CGL मेक IGBT टॉक्सिलिआरी कनवर्टर | 01 सेट | 18/03/2026 |
| 4 | 20254063 | सेट ऑफ लॉक नट F.S. आल स्टील | 247 सेट | 20/03/2026 |
| 5 | 80261012 | सर्वोपलेक्स SHC-120 (IOCL) ग्रीज | 23522 किग्रा | 31/03/2026 |
| 6 | 20254417 | सेट ऑफ हैंगर लीवर पिंस फॉर ब्रेक रिगिंग | 213 सेट | 06/04/2026 |
| 7 | 50263054 | लो मेंटेनेंस लीड एसिड सेंकेडरी सेल 2 वाल्ट 80 AH | 448 सेट | 15/04/2026 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को **www.ireps.gov.in** पर जाने की सलाह दी जाती है।

हस्ता.
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# सेमीफाइनल की दावेदारी मजबूत करने उतरेगी टीम इंडिया, दक्षिण अफ्रीका देगा कड़ी टक्कर

## पिछले दो महीनों में छठी बार आमने-सामने होंगी दोनों टीमें, कप्तान सूर्यकुमार और तिलक वर्मा की रणनीति की परीक्षा

**अहमदाबाद, जेएनएन।** ग्रुप चरण में अपने चारों मैच जीतकर भारतीय टीम ने खिताब बचाने की दावेदारी मजबूत कर ली है। लेकिन अब टी20 वर्ल्ड कप के सुपर आठ में रविवार को उसे दक्षिण अफ्रीका की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इस मैच में कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की बदली हुई रणनीति की परीक्षा होगी, जिसमें उन्हें बड़े शॉट्स के बजाय स्थिर बल्लेबाजी करनी होगी। दक्षिण अफ्रीका के पास कागिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन, केशव महाराज और एडेन मार्कम जैसे मजबूत गेंदबाज हैं, जो भारत की कड़ी परीक्षा लेने के लिए तैयार हैं। दोनों टीमें पिछले दो महीनों में छठी बार आमने-सामने होंगी और देखना होगा कि कौन सी टीम परिस्थितियों का बेहतर फायदा उठाती है। मैच शाम 7 बजे से खेला जाएगा।

**ग्रुप चरण में भारत को नहीं मिली खास चुनौती:** ग्रुप चरण में भारत को खास चुनौती नहीं मिली, लेकिन टीम जानती है कि उसकी बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत है। ईशान किशन (दो अर्धशतक और 202 का स्ट्राइक रेट) को छोड़कर बाकी शीर्ष बल्लेबाजों ने अभी तक खास प्रदर्शन नहीं किया है। अभिषेक शर्मा लगातार तीन मैच में शून्य पर आउट हुए हैं और उन्हें अपने पहले रन का इंतजार है। सूर्यकुमार और तिलक ने सूत्रधार की भूमिका निभाई है, लेकिन दोनों ने उन पिचों पर सहज प्रदर्शन नहीं किया है।

### अभिषेक की फार्म चिंता का विषय



अभिषेक की फॉर्म चिंता का विषय है, लेकिन तिलक की लचर बल्लेबाजी भी नजरअंदाज नहीं की जा सकती। पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 24 गेंदों में 25 रन, नामीबिया के खिलाफ 21 गेंदों में 25 रन और नीदरलैंड के खिलाफ 27 गेंदों में 31 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 120 से थोड़ा ऊपर है, जो उनके करियर के स्ट्राइक रेट 141 से काफी कम है। सूर्यकुमार ने अमेरिका के खिलाफ 49 गेंदों पर नाबाद 84 रन की शानदार पारी खेली थी, लेकिन उसके बाद कोई खास कमाल नहीं दिखाया। पाकिस्तान या नीदरलैंड के खिलाफ उनकी बल्लेबाजी बहुत सहज नहीं रही। उनका स्ट्राइक रेट 136 है, जो उनके करियर के स्ट्राइक रेट 163 से काफी कम है।




**7** मैच टी-20 वर्ल्ड कप में
**5** भारत जीता
**2** अफ्रीका जीता




### कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की हो सकती है वापसी





दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डीकॉक, मार्क्रम, डेवाल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकलेटन, डेविड मिलर और मार्को यानसन जैसे बल्लेबाजों के सामने पूरी गेंदबाजी इकाई को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से पता चलेगा कि टूर्नामेंट के अंतिम चरण में भारतीय टीम का प्रदर्शन कैसा रहेगा। टीम में बदलाव की बात करें तो भारत अर्शदीप सिंह की जगह कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर की जगह अक्षर पटेल को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। दक्षिण अफ्रीका की बात करें तो यानसन, एनगिडी और महाराज वापसी करेंगे, जिन्हें यूएई के खिलाफ मैच में आराम दिया गया था।

### पिच रिपोर्ट

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजी के लिए काफी अनुकूल रही है, जैसा कि भारत ने नीदरलैंड के खिलाफ अपने मैच में देखा। मध्य क्रम में लड़खड़ाने के बावजूद, भारत ने 193/6 का विशाल स्कोर खड़ा किया और विपक्षी टीम ने 176/7 का स्कोर बनाकर भारत के लिए मुश्किलें खड़ी कर दीं। भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मुकाबले के लिए भी इसी तरह की विकेट की उम्मीद की जा सकती है।

**भारत:** इशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर/अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती।

**दक्षिण अफ्रीका:** एडेन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रयान रिकल्टन, डेवाल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर, मार्को जानसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, जॉर्ज लिंडे।




### प्रेस कांफ्रेन्स में बोले कप्तान सूर्या

## 'मैं उनके लिए चिंतित जो अभिषेक के लिए हैं चिंतित'

कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टी20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 मुकाबले से पहले बड़ा बयान दिया है। अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में सूर्यकुमार ने साफ कर दिया कि टीम मैनेजमेंट को अभिषेक शर्मा की खराब फॉर्म की बिल्कुल भी चिंता नहीं है। कप्तान सूर्या ने अभिषेक शर्मा के लगातार तीन शून्य पर आउट होने को लेकर उठ रहे सवालों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, हमें कोई चिंता नहीं है। जो लोग अभिषेक की फॉर्म को लेकर चिंता कर रहे हैं, मैं उनके लिए चिंतित हूं कि वे क्यों चिंतित हैं। कप्तान ने आगे कहा कि यह टीम गेम है और ऐसे दौर हर खिलाड़ी के करियर में आते हैं।

### पिच और परिस्थितियों पर भरोसा

पिच को लेकर सूर्यकुमार ने कहा कि टीम हर तरह की परिस्थितियों के लिए तैयार है। उन्होंने माना कि विकेट ज्यादा चुनौतीपूर्ण नहीं थे, लेकिन टीम ने हालात के मुताबिक खुद को ढालने की कोशिश की है। उन्होंने यह भी कहा कि बल्लेबाजी में परिस्थिति का सम्मान करना जरूरी है। हमारे पास पर्याप्त कौशल है। कभी-कभी स्थिति के अनुसार खेलना पड़ता है। हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो मैच का रुख बदल सकते हैं।

### सैमसन को मौका मिलेगा?

जब प्लेइंग इलेवन में बदलाव और संजू सैमसन को शामिल करने की संभावना पर सवाल पूछा गया तो सूर्यकुमार हंस पड़े। उन्होंने कहा कि क्या अभी अभिषेक को हटा दूं? या तिलक को? उन्होंने साफ किया कि टीम संयोजन फिलहाल संतुलित है और बिना ठोस कारण के बदलाव नहीं होगा।

## मैदान से हटकर

### शिखर ने गर्लफ्रेंड सोफी से की शादी

पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने गर्लफ्रेंड सोफी शाइन के साथ शादी कर ली है। स्पिनर युजवेंद्र चहल ने शनिवार को एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें वे मौजा ही मौजा गाने पर डांस करते दिख रहे हैं। चहल ने कुछ फोटो भी पोस्ट किए। इनमें धवन और उनकी पत्नी सोफी शाइन स्टेज पर हैं। 40 साल के पूर्व भारतीय ओपनर ने एक महीने पहले 12 जनवरी को अपनी आयरिश गर्लफ्रेंड के साथ सगाई की थी। दोनों पिछले कुछ समय से रिलेशनशिप में थे और मई 2025 में अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया था। इससे पहले धवन ने 2023 में अपनी पहली पत्नी आयशा मुखर्जी से तलाक ले लिया था। दोनों ने 2011 में शादी की थी। आयशा-धवन का एक बेटा भी है। धवन ने 12 जनवरी को इंस्टाग्राम पर लिखा था- मुस्कान से लेकर सपनों तक, सब कुछ साझा करते हुए। हमारी सगाई के लिए मिले प्यार, आशीर्वाद और शुभकामनाओं के लिए आभारी हूं। हम हमेशा के लिए एक-दूसरे का साथ चुन रहे हैं। इससे पहले आईपीएल में शिखर के पंजाब किंग्स के लिए खेलने के दौरान भी सोफी टीम को सपोर्ट करती नजर आई थीं। (जेएनएन)



### 10 साल बाद द्विपक्षीय सीरीज में महिला टीम की ऐतिहासिक जीत

## टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को 17 रन से हराकर टी-20 श्रृंखला अपने नाम की

**एडीलेड, जेएनएन।** भारत ने उप कप्तान स्मृति मंधाना (82 रन) और करिश्माई बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स (59 रन) के बीच शतकीय साझेदारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत शनिवार को यहां निर्णायक तीसरे और आखिरी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 17 रन से शिकस्त देकर इस मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक दशक में पहली द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला अपने नाम की। मंधाना (55 गेंद में आठ चौके और तीन छक्के) और रोड्रिग्स (46 गेंद में चार चौके) ने मिलकर 121 रन की साझेदारी निभाकर भारत को छह विकेट पर 176 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचाया। फिर भारतीय गेंदबाजों ने कमाल की गेंदबाजी की जिसमें युवा स्पिनर श्रेयंका पाटिल (22 रन देकर तीन विकेट) और तेज गेंदबाजी की अगुआई करने वाली रेणुका सिंह (29 रन देकर एक विकेट) ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को झकझोरते हुए स्कोर तीन विकेट पर 32 रन कर दिया। इन शुरुआती झटकों ने भारत के दबदबे भरे प्रदर्शन की शुरुआत की और अंत में उसने मेजबान टीम को 20 ओवर में नौ विकेट पर 159 रन पर रोककर टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 2-1 से यादगार जीत दर्ज की। इस तरह भारत ने 2016 के बाद ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीती।



### मंधाना ने जड़ा 33वां अर्द्धशतक

मंधाना और जेमिमा दोनों ने स्कोरबोर्ड चलायमान रखा। मंधाना दबाव बनाने के मूड में दिख रही थीं। उन्होंने नौवें ओवर में लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहम (उनका पहला ओवर था) पर डीप स्क्वायर लेग और डीप मिडविकेट के बीच शानदार स्वीप शॉट खेलकर चौका जड़ा। इस तरह 10 ओवर में भारत का स्कोर एक विकेट पर 86 रन था। मंधाना ने शानदार अंदाज में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 12वें ओवर में तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन की गेंद पर छक्का लगाकर 38 गेंद में यह मुकाम हासिल किया।

### चरणी की रही अहम भूमिका

बाएं हाथ की युवा स्पिनर श्री चरणी ने भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाते हुए तीन विकेट प्राप्त किए। तीसरे ओवर में तेज गेंदबाज किम गार्थ की ऑफ स्टंप के बाहर फुल लेंथ गेंद को खेलने की कोशिश में शेफाली सीधे जमीन पर ऊंचा शॉट मार बैठीं और अनाबेल सदरलैंड को मिड-ऑन पर कैच देकर पवेलियन लौट गईं जिससे भारत का स्कोर एक विकेट पर 19 रन हो गया था।

## पाकिस्तान-न्यूजीलैंड मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ा, मैच रद्द

**कोलंबो, जेएनएन।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 का पहला सुपर 8 मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच यह मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में शनिवार को खेला जाना था। लेकिन मूसलाधार बारिश की वजह से मुकाबले में एक भी गेंद नहीं फेंका जा सका। टॉस तय समय के मुताबिक शाम 6.30 बजे हो गया लेकिन उसके बाद भारी बारिश होती रही जिसके बाद अंपायर्स ने मैच को लगभग 9 बजे रद्द घोषित कर दिया। रद्द हुए इस मैच से दोनों टीमों को एक एक अंक मिले। न्यूजीलैंड ने लीग स्टेज पर 4 में से तीन मैच जीतकर छह अंकों के साथ ग्रुप डी के पॉइंट टेबल में दूसरे नंबर पर रहते हुए सुपर 8 के लिए क्वालीफाई किया जबकि पाकिस्तान ने चार में से तीन मैच जीतकर 6 अंकों के साथ ग्रुप ए में दूसरे नंबर पर रहते हुए सुपर आठ का टिकट कटाया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला लिया। नफे की जगह अनुभवी बल्लेबाज फखर जमां को प्लेइंग इलेवन में मौका मिला। टी20 वर्ल्ड कप के इस एडिशन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ओपनर साहिबजादा फरहान को छोड़कर पाकिस्तान की बल्लेबाजी में काफी अस्थिरता देखने को मिली है।



### दोनों को एक-एक अंक

### सेमीफाइनल की रेस पर होगा असर

पहला सुपर-8 मैच रद्द होने के बाद पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को एक-एक अंक मिले हैं। यहां से सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए दोनों टीमों को अपने बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। दोनों टीमों को इंग्लैंड और श्रीलंका से खेलना है।

## खेल एक नजर

### वर्ल्ड कप इतिहास में सर्वाधिक मैच हारने का रिकार्ड ओमान के नाम रहा



**नई दिल्ली, जेएनएन।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 ग्रुप स्टेज का अंत ऑस्ट्रेलिया की जीत और ओमान की हार के साथ हुआ। मिचेल मार्श की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ओमान को 9 विकेट से रौंदा। ओमान को इस हार के साथ एक बार फिर खाली हाथ घर लौटना पड़ा। 2026 टी20 वर्ल्ड कप में उन्होंने सभी 4 मैच हारे, ऑस्ट्रेलिया से पहले जिम्बाब्वे, श्रीलंका और आयरलैंड ने उन्हें मात दी थी। इस वर्ल्ड कप में भी ओमान को एक भी जीत नसीब नहीं हुई। इसी के साथ उनके नाम एक अनचाहा और शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। ओमान की टीम टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा मैच हारने वाली टीम बन गई है। उन्होंने इस मामले में बांग्लादेश के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। उन्होंने पहली बार 2016 एडिशन में मल्टी-नेशन टी20 टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया था, जहां उन्होंने तीन ग्रुप स्टेज मैचों में एक जीत के साथ अपना कैंपेन खत्म किया था। ओमान और यूएई में हुए 2021 एडिशन में, जीशान मकसूद की लीडरशिप वाली टीम तीन मैचों में एक जीत हासिल करने में कामयाब रही।

### संन्यास के 9 साल बाद मुक्केबाजी में वापसी करेंगे फ्लॉयड मेवेदर

**लॉस एंजिल्स, जेएनएन।** दिग्गज मुक्केबाज फ्लॉयड मेवेदर ने कहा है कि वह नौ साल के अपने संन्यास को समाप्त करके इस साल गर्मियों में प्रतिस्पर्धी मुक्केबाजी में वापसी करेंगे। मंगलवार को 49 वर्ष के होने वाले मेवेदर ने 2017 के बाद से कोई पेशेवर मुक्केबाजी मुकाबला नहीं लड़ा है। तब उन्होंने कॉनर मैकग्रेगर को हराया था। इस मुकाबले के बाद मेवेदर (50-0, 27 नॉकआउट) ने अपने करियर में तीसरी बार संन्यास की घोषणा की थी। पांच बार के पूर्व विश्व चैंपियन मेवेदर का रिंग में कोई सानी नहीं है। उन्होंने अब तक हर पेशेवर मुकाबला जीता है। संन्यास लेने के बाद भी वह प्रदर्शनी मुकाबलों में हिस्सा लेते रहे हैं। मेवेदर ने पहले ही इस साल 59 वर्षीय माइक टायसन के खिलाफ एक प्रदर्शनी मुकाबले की घोषणा कर दी थी। इसके लिए हालांकि अभी तक स्थान या टेलीविजन पार्टनर की पुष्टि नहीं की गई है।



## एफआईएच प्रो लीग में स्पेन से 0-2 से हारा भारत



**होबार्ट, जेएनएन।** भारतीय टीम की एफआईएच पुरुष प्रो लीग में वापसी की उम्मीदें शनिवार को यहां स्पेन से मिली 0-2 की हार से टूट गईं। भारत अब कल प्रो लीग के होबार्ट चरण के अपने दूसरे मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। भारतीय टीम की खराब फॉर्म जारी रही। स्पेन के लिए इग्नासियो अबाजो ने छठे मिनट और इग्नासियो कोबोस ने 36वें मिनट में गोल किए। स्पेन की टीम ने मौकों का फायदा उठाया जबकि भारत लगातार आक्रमण के बावजूद अच्छे मौकों को भुना नहीं पाया। राउरकेला में घरेलू चरण में भारत को विरोधी टीमों से बुरी तरह हार मिली। बेल्जियम और अर्जेंटीना से दो-दो हार झेलने वाली भारतीय टीम विदेशी चरण के दौरान नए कप्तान हार्दिक सिंह के नेतृत्व में वापसी करने और नयी शुरुआत करने की उम्मीद कर रही थी। भारत ने मैच की शुरुआत तेज पासिंग से की और शुरू में ही उसने नियंत्रण बनाने की कोशिश की लेकिन स्पेन का जवाबी हमले का तरीका असरदार साबित हुआ। अबाजो ने ऐसे ही एक मूव का फायदा उठाया और गोल करके स्पेन को शुरुआती बढ़त दिला दी। भारतीय टीम ने कई अच्छे मौके बनाए और क्वार्टर के आखिर में लगभग बराबरी कर ही ली थी जब अभिषेक ने एक जोरदार शॉट लगाया लेकिन स्पेनिश गोलकीपर लुइस कैलजाडो ने इसका शानदार बचाव किया।

### एशियाई क्रास कंट्री में भारत ने चार पदक जीते



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय खिलाड़ी हरमनजोत सिंह को बेहतरीन 'स्पीड एंड्योरेंस' के बावजूद शनिवार को जापान के फुकुओका में पुरुषों की 10 किलोमीटर स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा लेकिन देश ने एशियाई क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप में तीन और कांस्य पदक जीते। तीस साल के हरमनजोत ने 29.21 सेकंड का समय निकाला जिससे वह स्वर्ण पदक से करीब से चूक गए क्योंकि जापान के रयूजी मिउरा ने 29.20 सेकंड से खिताब जीता। हरमनजोत ने हालांकि 2024 में बनाए गए अपने पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 29.57 सेकंड के समय को पीछे छोड़ा। सीनियर महिलाओं की 10 किलोमीटर स्पर्धा भारत की सोनिया 35.24 सेकंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। भारत ने टीम स्पर्धा में भी तीन कांस्य पदक जीते। अंडर-20 महिला टीम चैंपियनशिप (छह किलोमीटर) में भारत 22 अंक से तीसरे नंबर पर रहा। जापान नौ अंक और चीन 20 अंक से आगे रहे। भारत की अंडर-20 टीम ने भी 25 अंक हासिल करके कांस्य पदक जीता। मेजबान जापान ने छह अंक से स्वर्ण और चीन ने 19 अंक से रजत पदक जीता।

## श्रीलंका के खिलाफ जीत के हौंसले के साथ उतरेगी इंग्लैंड की टीम

**पाल्लेकल (श्रीलंका), जेएनएन।** अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली इंग्लैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट से पहले श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। इंग्लैंड ने इसी महीने की शुरुआत में श्रीलंका को टी20 श्रृंखला में 3-0 से हराया था और वह सुपर आठ के मैच में अपने इस प्रदर्शन को जारी रखने की कोशिश करेगा। इंग्लैंड का टी20 विश्व कप में प्रदर्शन अभी तक प्रभावशाली नहीं रहा है। उसे एसोसिएट देशों के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था जबकि पूर्व चैंपियन वेस्टइंडीज से उसे हार मिली थी। सह-मेजबान श्रीलंका ने आयरलैंड और ओमान पर जीत के साथ शुरुआत की। उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके उसे आठ विकेट से हराया। लेकिन गुरुवार को कोलंबो में अपने आखिरी ग्रुप मैच में जिम्बाब्वे से हारने के बाद श्रीलंकाई टीम की लय बिगड़ गई। दोनों टीमों के लिए यह एक नई शुरुआत होगी, जिसमें श्रीलंका घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। दूसरी तरफ इंग्लैंड उस स्थान पर अपनी लय वापस हासिल करने की कोशिश करेगा जहां उसने कुछ दिन पहले अच्छा प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड ने लीग चरण के अपने सभी मैच भारत में खेले हैं और श्रीलंका लौटकर खुश होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद शतक जड़ने वाले श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे। वह इस टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाले तीन खिलाड़ियों में से एक हैं और अब तक सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं।




### एजीयू स्पोर्ट्स मीट-2026 का समापन

## प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और विजेताओं को मिला सम्मान

**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय फुटबॉल ग्राउंड पर आयोजित एजीयू स्पोर्ट्स मीट 2026 का समापन समारोह उत्साह, उल्लास और खेल भावना के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों, अधिकारियों एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति रही। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और विजेता टीमों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसजीएसयू के कुलसचिव डॉ सितेश सिन्हा, डॉ सी वी रामन यूनिवर्सिटी वैशाली बिहार के कुलसचिव डॉ बृजेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री अशोक ध्यानचंद ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त साधन है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताएं युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का आत्मविश्वास प्रदान करती हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि आईसेक्ट ग्रुप का उद्देश्य केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में टीम भावना, निर्णय क्षमता और चुनौतियों से जूझने का साहस विकसित करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि एजीयू स्पोर्ट मीट- 2026% समूह के सभी विश्वविद्यालयों को एक साझा मंच पर लाकर आपसी समन्वय और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है।



## वीनस को इंडियन वेल्स में एकल और युगल के लिए मिली वाइल्ड कार्ड एंट्री

**इंडियन वेल्स (अमेरिका), जेएनएन।** सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स को अगले महीने दक्षिणी कैलिफोर्निया में होने वाले बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल और युगल ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। यह 45 वर्षीय खिलाड़ी 2024 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। उस समय भी उन्हें वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला था लेकिन वह पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। वीनस तीन बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। उन्होंने 2001 की एक विवादित घटना के बाद 2002 से लेकर 2016 तक इस प्रतियोगिता का बहिष्कार किया था। टूर्नामेंट के निदेशक टॉमी हास ने शुक्रवार को कहा, इस वर्ष की प्रतियोगिता के लिए पहला वाइल्ड कार्ड वीनस विलियम्स को प्रदान करना हमारे लिए सम्मान की बात है।



## संक्षिप्त खबरें

**कांग्रेस का आरोप**

### केंद्र सरकार 'ट्रैप डील' में फंसी, विश्वासघात किया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत-अमेरिका टैरिफ समझौते पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर समझौता करने और राष्ट्रीय हितों से समझौता करने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा कि 'पीएम का विश्वासघात उजागर हो चुका है' और दावा किया कि वे इस व्यापार समझौते में फिर आत्मसमर्पण कर देंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सवाल उठाया कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार किए बिना मोदी सरकार ने इतनी जल्दबाजी में समझौता क्यों किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह एक 'ट्रैप डील' है, जिसमें भारत से भारी रियायतें ले ली गईं।

**माइक हकाबी का विवादित बयान**

### 'इजराइल पूरा इलाका ले ले, तो भी ठीक'

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** इजराइल में अमेरिका के राजदूत माइक हकाबी ने एक साक्षात्कार में कहा है कि इजराइल को बाइबिल के अनुसार मध्य-पूर्व के बड़े हिस्से पर अधिकार है। उनका यह बयान अमेरिकी दक्षिणपंथी टिप्पणीकार टकर कार्लसन के साथ बातचीत के दौरान आया।



साक्षात्कार में कार्लसन ने हकाबी से पूछा कि वे बार-बार बाइबिल की 'बुक ऑफ जेनेसिस' (उत्पत्ति ग्रंथ) का हवाला क्यों दे रहे हैं और क्या वे मानते हैं कि इजराइल को मध्य-पूर्व की भूमि पर अधिकार है। इस पर हकाबी ने जवाब दिया, 'अगर वे सब कुछ ले लें, तो भी ठीक होगा।' कार्लसन ने बातचीत में जेनेसिस 15 का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया है कि ईश्वर ने अब्राम को बताया था कि उनके वंशजों को नील नदी से लेकर यूफ्रेटीस नदी तक की भूमि विरासत में मिलेगी।

### रजनी-कमल 45 साल बाद स्क्रीन पर दिखेंगे एक साथ



**मुंबई/चेन्नई, जेएनएन।** भारतीय सिनेमा के दो दिग्गज रजनीकांत और कमल हासन करीब 45 साल बाद एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। उनकी नई फिल्म का अस्थायी शीर्षक 'केएच एंड आरके' रखा गया है, जिसका प्रोमो शनिवार को 12.07 बजे जारी किया गया और रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया। निर्माताओं ने एक्स पर वीडियो साझा करते हुए लिखा, 'कूल पैदा हुए, रेट्रो में ढले, और स्वैग हमेशा अमर।'







**कुंग फू रोबोट्स का धमाका**

### किक्स, फ्लिप्स, नंचाकू से मचाया तहलका

बीजिंग में आयोजित चीन के सबसे बड़े टीवी शो सीसीटीवी स्प्रिंग फेस्टिवल गाला में इस बार इंसानों नहीं, बल्कि रोबोट्स ने सुर्खियां बटोरीं। चीन की एक कंपनी समेत चार ह्यूमनॉइड स्टार्टअप्स ने मंच पर ऐसे करतब दिखाए, जिन्हें देखकर दर्शक दंग रह गए। लाल जैकेट पहने दर्जनों जी-5 ह्यूमनॉइड रोबोट्स ने किक्स, बैकफ्लिप्स, तलवारबाजी और यहां तक कि नंचाकू के साथ कुंग फू मूव्स किए। हैरानी की बात यह रही कि यह पूरा प्रदर्शन बच्चों के कलाकारों से महज कुछ मीटर की दूरी पर हुआ और सब कुछ पूरी तरह स्वायत्त (ऑटोनॉमस) तरीके से। सबसे ज्यादा चर्चा 'ड्रंकन बॉक्सिंग' स्टाइल की नकल को लेकर रही, जिसमें रोबोट लड़खड़ाते हुए पीछे गिरते और फिर खुद उठ खड़े होते दिखे। कंपनी के मुताबिक, यह दुनिया का पहला 'फुली ऑटोनॉमस ह्यूमनॉइड रोबोट क्लस्टर कुंग फू परफॉर्मेंस' है। तकनीकी रूप से भी ये रोबोट बेहद उन्नत हैं। 1.32 मीटर ऊंचा और 35 किलो वजनी जी1 रोबोट 23 डिग्री ऑफ फ्रीडम के साथ इंसान जैसी लचीली मूवमेंट कर सकता है। इसमें 3डी लिडार और डेप्थ-सेंसिंग कैमरा जैसे एडवांस सेंसर लगे हैं, जो संतुलन में मदद करते हैं।

**सर्वे में खुलासा**

### 71 फीसदी भारतीय-अमेरिकियों ने ट्रंप के दूसरे कार्यकाल को किया खारिज



*एक नए सर्वेक्षण में सामने आया है कि अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के अधिकांश लोग राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के प्रदर्शन से असंतुष्ट हैं। सर्वे में 71 प्रतिशत भारतीय-अमेरिकियों ने ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के कामकाज को अस्वीकार किया।*

**29%** ने ही ट्रंप के प्रदर्शन को 'मजबूत' या 'कुछ हद तक' समर्थन दिया।

**1000** भारतीय-अमेरिकी वयस्कों के बीच 25 नवंबर 2025 से 6 जनवरी 2026 के बीच किया गया यह सर्वे

**68** फीसदी घरेलू अर्थव्यवस्था के प्रबंधन से नाराज हैं।

**64** फीसदी उत्तरदाता ट्रंप की आव्रजन (इमिग्रेशन) नीति से असंतुष्ट हैं।

**70** फीसदी अंतरराष्ट्रीय आर्थिक नीति, खासकर व्यापार और टैरिफ, से असहमत हैं।

**55** फीसदी ने अमेरिका-भारत संबंधों के प्रबंधन को लेकर भी असंतोष जताया।

# पांच साल में 20 अरब डॉलर के पार होगा भारत-ब्राजील व्यापार

## प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति लूला के बीच वार्ता में हुआ फैसला

### ब्राजील के राष्ट्रपति लूला ने की पहलगाम हमले की निंदा, कहा, आतंकवाद पर एकमत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और ब्राजील ने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर से अधिक तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के बीच हैदराबाद हाउस में हुई व्यापक वार्ता के बाद लिया गया। संयुक्त बयान में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ब्राजील, लैटिन अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है और दोनों देशों की साझेदारी वैश्विक मंच पर प्रभावशाली रही है। उन्होंने कहा, जब भारत और ब्राजील साथ काम करते हैं, तो ग्लोबल साउथ की आवाज और मजबूत व आत्मविश्वासी होती है।

राष्ट्रपति लूला ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की और कहा कि आतंकवाद किसी धर्म या राष्ट्रीयता से जुड़ा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी दोहराया कि आतंकवाद और उसके समर्थक पूरी मानवता के दुश्मन हैं। दोनों नेताओं ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति ही रास्ता है तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में सुधार समय की जरूरत है।



नई दिल्ली में ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला और पीएम मोदी के बीच वार्ता हुई।

### क्रिटिकल मिनरल्स समझौता: चीन पर निर्भरता घटाने की दिशा

भारत और ब्राजील के बीच क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ एलिमेंट्स पर अहम समझौता हुआ। इसे मजबूत और लचीली सप्लाई चेन बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह साझेदारी दोनों देशों को केवल कच्चा माल निर्यातक नहीं, बल्कि वैल्यू एडिशन और उन्नत प्रोसेसिंग में भागीदार बनाएगी।

### कृषि, रक्षा और स्वास्थ्य में नई संभावनाएं

मोदी ने जलवायु-लचीली कृषि, प्रिसिजन फार्मिंग और बायोफर्टिलाइजर के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की बात कही। इससे दोनों देशों की खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी। रक्षा क्षेत्र में सहयोग को आपसी भरोसे और रणनीतिक समझ का उदाहरण बताते हुए उन्होंने कहा कि यह साझेदारी लगातार आगे बढ़ रही है। स्वास्थ्य और फार्मा सेक्टर में भी अपार संभावनाएं हैं। भारत ब्राजील को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं की आपूर्ति बढ़ाएगा।

### समझौते के प्रमुख बिंदु

- **खनन, प्रोसेसिंग और रिसाइक्लिंग में सहयोग:** लिथियम, निकल, कोबाल्ट, ग्रेफाइट जैसे खनिजों पर फोकस।
- **सप्लाई चेन डाइवर्सिफिकेशन:** ईवी बैटरी, रिन्यूएबल एनर्जी और हाई-टेक इंडस्ट्री के लिए चीन पर निर्भरता कम करना।
- **टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और जॉइंट वेंचर:** भारत की प्रोसेसिंग क्षमता और ब्राजील के संसाधनों का संयोजन।
- **ग्रीन ट्रांजिशन सपोर्ट:** स्वच्छ ऊर्जा और एआई जैसी उभरती तकनीकों के लिए जरूरी खनिजों की सुरक्षित आपूर्ति।

### ग्लोबल साउथ की साझा आवाज

लूला ने कहा कि ब्राजील को भारत से बहुत उम्मीदें हैं। दोनों देश मिलकर ग्लोबल साउथ को मजबूत करेंगे ताकि दुनिया को दो बड़ी शक्तियों के बीच नए शीत युद्ध जैसी स्थिति का सामना न करना पड़े। उन्होंने 'ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेने का जिक्र करते हुए भारत-ब्राजील संबंधों को नई ऊर्जा देने पर जोर दिया।

**आर्टेमिस-2 लॉन्च की सफल रिहर्सल**

### 54 साल के बाद फिर चांद पर जाने की तैयारी कर रहा नासा

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** नासा ने आर्टेमिस-2 लूनर मिशन के लिए सफल वेट ड्रेस रिहर्सल पूरी की। नासा का आखिरी मानवयुक्त चंद्र मिशन अपोलो 17 था, जो दिसंबर 1972 में हुआ था। 54 साल बाद वह फिर से मानव को चंद्रमा के पास भेजने की तैयारी कर रहा है। आर्टेमिस-2 10 दिन की मानवयुक्त परीक्षण उड़ान होगी, जिसे 6 मार्च से पहले लॉन्च नहीं किया जाएगा। इसका उद्देश्य चार अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की कक्षा में भेजकर सुरक्षित पृथ्वी पर लाना है। रिहर्सल में ईंधन प्रक्रिया, उलटी गिनती और आपात स्थिति की तैयारियों की जांच की गई।

### सुनीता का अंतरिक्ष में फंसना 'खतरनाक'

नासा ने स्वीकार किया है कि



भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स का अंतरिक्ष में लंबे समय तक फंसा रहना बेहद जोखिमपूर्ण था। एजेंसी ने इस मिशन को दुर्घटना की 'टाइप-ए' श्रेणी में रखा है, जो सबसे गंभीर श्रेणी मानी जाती है। इसी श्रेणी का इस्तेमाल पहले स्पेस शटल चैलेंजर और कोलंबिया दुर्घटनाओं के लिए किया गया था। कोलंबिया हादसे में भारत की अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला का निधन हुआ था।

**हाई कोर्ट का आदेश**

### शॉट गन की तरह नहीं बोल पाएंगे 'खामोश',



**मुंबई, जेएनएन।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने शॉट गन के नाम से मशहूर अभिनेता-राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा के डायलॉग 'खामोश' को उनकी पहचान का एकमात्र हिस्सा बताया है। कोर्ट ने उनकी अनुमति के बिना उनके नाम, तस्वीरों और बाकी व्यक्तिगत विशेषताओं का इस्तेमाल करके ऑनलाइन कंटेंट बनाने पर रोक लगा दी है। शत्रुघ्न की याचिका पर दिए गए अंतरिम आदेश में न्यायमूर्ति शर्मिला देशमुख ने सभी वेबसाइटों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को ऐसे कंटेंट तुरंत हटाने का निर्देश दिया है। साथ ही, भविष्य में इस तरह के कंटेंट को अपलोड करने पर भी रोक लगा दी गई है।

**डायलॉग, आवाज के इस्तेमाल पर रोक**

## गृह मंत्रालय का फैसला: बंगाल में तैनात की जाएंगी केंद्रीय बलों की 480 कंपनियां

**कोलकाता, जेएनएन।** चुनाव आयोग के निर्देश के बाद गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही केंद्रीय सशस्त्र बलों की 480 कंपनियां भेजने का निर्णय लिया है। मंत्रालय के अनुसार, पहले चरण में 1 मार्च को सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी की 240 कंपनियां राज्य में तैनात की जाएंगी। शेष 240 कंपनियां 10 मार्च को भेजी जाएंगी। इस संबंध में राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को सूचित कर दिया गया है।



### एसआईआर प्रक्रिया जारी

राज्य में 4 नवंबर से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची का पुनरीक्षण चल रहा है। इस दौरान कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन और हिंसा की घटनाएं सामने आईं, यहां तक कि चुनाव पर्यवेक्षकों के वाहनों पर हमले भी हुए। इन घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को गंभीर चिंता व्यक्त की और डीजीपी पीयूष पांडे से राज्य सरकार द्वारा हिंसा रोकने के लिए उठाए गए कदमों पर स्थिति रिपोर्ट मांगी है।

**कंगना से विवाद पर बोलीं तापसी- दोस्ती के लिए तैयार**

# लड़ाई तब होती है जब दो लोग भिड़ते हैं



बॉलीवुड की दो दमदार और बेबाक अभिनेत्रियों तापसी पन्नू और कंगना रनौत के बीच लंबे समय से चली आ रही अनबन एक बार फिर चर्चा में है। हालांकि इस बार तापसी ने पूरे विवाद पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और साफ कहा है कि उनकी तरफ से कभी कोई लड़ाई नहीं रही। इतना ही नहीं, उन्होंने कंगना को अपना सीनियर बताते हुए दोस्ती और साथ काम करने के लिए भी खुद को तैयार बताया।

यूट्यूब पर एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान तापसी ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि मैंने कभी लड़ाई की है या नहीं। लड़ाई तब होती है जब दो लोग आपस में भिड़ते हैं। मैं कभी नहीं भिड़ी।' उन्होंने आगे कहा कि अगर किसी के पास ऐसा कोई उदाहरण हो, जहां उन्होंने कंगना के खिलाफ कुछ कहा हो, तो वह दिखाया जाए। तापसी का कहना है कि उन्होंने कभी सार्वजनिक रूप से कंगना के बारे में अपशब्द या नकारात्मक टिप्पणी नहीं की।

जब तापसी से पूछा गया कि क्या वह कंगना के साथ काम करना या दोस्ती करना चाहेंगी, तो उन्होंने सकारात्मक जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'वो मुझसे सीनियर हैं। मुझे उनके साथ काम करने या दोस्ती करने में कोई दिक्कत नहीं है। मैं तैयार हूं।'

### 'सस्ती कॉपी' कहे जाने पर नहीं है आपत्ति



कंगना की बहन रंगोली चंदेल द्वारा तापसी को 'कंगना की सस्ती कॉपी', 'बी-ग्रेड एक्ट्रेस' और 'शी-मैन' कहे जाने के बाद दोनों के बीच विवाद सुर्खियों में आया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए तापसी ने कहा, 'अगर मुझे सस्ती कॉपी कहा गया, तो शायद इसका मतलब यह है कि मैं कम फीस लेती हूं। अगर कंगना इतनी प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं, तो मुझे उनकी कॉपी कहे जाने में कोई दिक्कत नहीं है।' उन्होंने दोहराया कि उनकी ओर से कभी कोई निजी हमला नहीं किया गया।

# ट्रंप के टैरिफ रद्द: अब 133 अरब की रिफंड चुनौती से जूझेगा अमेरिका

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बड़े और व्यापक टैरिफ को रद्द कर दिया। लेकिन इस फैसले के बाद अब एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि 'सरकार द्वारा अब तक वसूले गए 133 अरब डॉलर का क्या होगा? अमेरिकी कस्टम्स एजेंसी दिसंबर मध्य तक आईईईपीए के तहत 133 अरब डॉलर की वसूली कर चुकी है। अब हजारों आयातक कंपनियां रिफंड की मांग कर रही हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट नहीं किया कि वसूली गई रकम कैसे और कब लौटाई जाएगी। न्यायमूर्ति ब्रेट कैवनॉ ने अपने असहमति वाले मत में कहा कि रिफंड प्रक्रिया 'अराजक' हो सकती है। यह प्रक्रिया अमेरिकी कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन, कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड और अन्य अदालतों के जरिए तय होगी। ट्रेड वकील के मुताबिक, 'राशि बहुत बड़ी है। अदालतों और आयातकों दोनों के लिए कठिन प्रक्रिया होगी।



### कंपनियों को फायदा, उपभोक्ताओं को नहीं?

विश्लेषकों का मानना है कि अगर रिफंड होता भी है, तो उसका सीधा लाभ कंपनियों को मिलेगा, न कि उपभोक्ताओं को। क्योंकि कंपनियों ने टैरिफ का बोझ बढ़ी हुई कीमतों के रूप में ग्राहकों पर डाल दिया था। ऐसे में उपभोक्ताओं को यह साबित करना मुश्किल होगा कि उन्होंने किस उत्पाद पर कितना अतिरिक्त भुगतान किया।

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि ट्रंप ने 1977 के इंटरनेशनल इमरजेंसी इकॉनामिक पॉवर एक्ट (आईईईपीए) का उपयोग कर जो टैरिफ लगाए थे, वह वैध नहीं थे। अदालत ने स्पष्ट किया कि आयात पर कर लगाने का अधिकार केवल अमेरिकी कांग्रेस को है, राष्ट्रपति को नहीं। इन टैरिफ के तहत ट्रंप ने लगभग हर देश से आने वाले सामान पर दो अंकों तक शुल्क लगा दिया था।

**फार्मा निर्यात** — 30.5 अरब डॉलर के पार हो गया है भारत का दवा उद्योग, स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए नई ऊर्जा

# सस्ती-प्रभावी जेनेरिक दवाएं हैं भारतीय फार्मा निर्यात की रीढ़

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के दवा उद्योग ने वित्त वर्ष 2024-25 में मजबूत प्रदर्शन करते हुए 9.4 फीसदी की वृद्धि के साथ 30.47 अरब डॉलर का निर्यात दर्ज किया है। वैश्विक बाजार में कीमतों के दबाव, सख्त रेगुलेटरी मानकों और प्रतिस्पर्धा के बावजूद यह बढ़त इस बात का संकेत है कि भारतीय फार्मा सेक्टर स्थिरता के दौर में प्रवेश कर चुका है। अब उद्योग 2026-27 तक फिर से दो अंकों (डबल-डिजिट) की निर्यात वृद्धि हासिल करने का लक्ष्य रख रहा है। लेकिन यह आंकड़ा केवल व्यापारिक सफलता की कहानी नहीं है—इसका सीधा असर भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र और आम नागरिकों पर भी पड़ता है। भारतीय फार्मा निर्यात की रीढ़ सस्ती और प्रभावी जेनेरिक दवाएं हैं। अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित बाजारों में भारतीय दवाओं की मांग लगातार बनी हुई है। हालांकि, वहां कड़ी प्रतिस्पर्धा और कीमतों में गिरावट के कारण कंपनियों के मार्जिन पर दबाव रहा है। इस स्थिति ने कंपनियों को केवल मात्रा बढ़ाने के बजाय उत्पादों की गुणवत्ता और वैल्यू एडिशन पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया है।



### अब फोकस: कॉम्प्लेक्स जेनेरिक और बायोसिमिलर

अहमदाबाद में आयोजित 'चिंतन शिविर' में सरकार और उद्योग प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि अगला विकास चरण उच्च-मूल्य उत्पादों से आएगा। इन क्षेत्रों में निवेश बढ़ाया जा रहा है। इससे न केवल निर्यात बढ़ेगा, बल्कि भारत में उन्नत चिकित्सा तकनीकों की उपलब्धता भी बेहतर होगी।

- कॉम्प्लेक्स जेनेरिक, ● इंजेक्टेबल दवाएं ● बायोसिमिलर ● ग्लोबल कंपनियों के लिए कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग

### बेहतर गुणवत्ता और रेगुलेटरी मानक

निर्यात बढ़ाने के लिए कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों का पालन करना पड़ता है। इसका फायदा घरेलू बाजार को भी मिलता है। जब उत्पादन इकाइयां अमेरिकी एफडीए या यूरोपीय मानकों के अनुरूप अपग्रेड होती हैं, तो भारतीय मरीजों को भी बेहतर और सुरक्षित दवाएं मिलती हैं।

**एपीआई आत्मनिर्भरता और दवा सुरक्षा :** एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट (एपीआई) की उपलब्धता और लागत पर भी जोर दिया गया। यदि भारत एपीआई उत्पादन में अधिक आत्मनिर्भर बनता है, तो दवा आपूर्ति बाधित होने का जोखिम कम होगा। इससे महामारी या वैश्विक संकट के समय देश में दवा की कमी की संभावना घटेगी।

### अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा

उच्च-मूल्य उत्पादों की ओर झुकाव का मतलब है कि कंपनियां रिसर्च और डेपलेपमेंट पर अधिक खर्च करेंगी। इससे कैंसर, डायबिटीज और दुर्लभ बीमारियों के लिए उन्नत दवाओं का विकास संभव होगा। लंबी अवधि में यह भारत को केवल 'दुनिया की फार्मेसी' ही नहीं, बल्कि 'नवाचार का केंद्र' भी बना सकता है।

**आम लोगों पर प्रभाव:** रोजगार और आय में वृद्धि: फार्मा निर्यात में बढ़त का मतलब है अधिक उत्पादन, नई फैक्ट्रियां और ज्यादा रोजगार। इससे लाखों परिवारों की आय में वृद्धि होगी, जिसका सकारात्मक असर स्वास्थ्य बीमा और निजी चिकित्सा खर्च पर भी पड़ेगा।

**सस्ती दवाओं की उपलब्धता:** यदि कंपनियां पैमाने और दक्षता के आधार पर उत्पादन बढ़ाती हैं, तो लागत कम हो सकती है। इसका लाभ घरेलू बाजार में दवा कीमतों को नियंत्रित रखने में मिल सकता है।

**वैश्विक बाजारों में भरोसा:** जब भारतीय दवाएं अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया के नए बाजारों में पहुंचती हैं, तो भारत की छवि मजबूत होती है। इससे विदेशी निवेश आकर्षित होता है, जो स्वास्थ्य ढांचे में सुधार के लिए पूंजी उपलब्ध कराता है।

दैनिक जागरण वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड
डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रनिंग क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/- संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें 9826065324
डिस्प्ले क्लासीफाइड ₹50/- per sq.cm.
Email : advtbhopaljagran@gmail.com

अण्डा
BHOPAL EGG RATE 490/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

## पांच सदस्यीय टीम करेगी छात्रावास के प्राचार्य की जांच

**जागरण, उमरिया।** मानपुर कन्या शिक्षा परिसर छात्रावास के प्राचार्य की जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम बनाई है। जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त डॉ. पूजा द्विवेदी ने इसके आदेश दिए हैं। प्राचार्य के खिलाफ छात्राओं ने प्रदर्शन कर अभद्रता का आरोप लगाया था। जांच दल छात्रावास का निरीक्षण कर रिपोर्ट सहायक आयुक्त को सौंपेगी। इसके बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## देवी अहिल्या विवि की परीक्षाओं के टाइमटेबल में बदलाव

**जागरण, इंदौर।** देवी अहिल्या विवि ने स्नातक तृतीय और चतुर्थ वर्ष की परीक्षाओं के टाइमटेबल में महत्वपूर्ण परिवर्तन की घोषणा की है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ये परीक्षाएं 31 मार्च को समाप्त होनी थी, लेकिन अब संशोधित कार्यक्रम के तहत ये 12 अप्रैल तक संचालित की जाएंगी। विवि के इस निर्णय का सीधा असर लगभग 45 हजार छात्र-छात्राओं पर पड़ेगा। हालांकि परीक्षा की प्रारंभिक तिथि में कोई बदलाव नहीं किया है।






### "ट्वीट ऑफ द डे"



शिवराज सिंह, केंद्रीय मंत्री

केंद्र सरकार ने ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ाने के लक्ष्य को और बड़ा करते हुए 2029-30 तक छह करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया है। एक विशेष अभियान चलाकर उन महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाएगा जो अभी तक इससे बाहर हैं। सरकार का उद्देश्य महिलाओं की आय बढ़ाकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

# हुजूर में अब सबसे ज्यादा मतदाता दक्षिण पश्चिम में अब भी सबसे कम

## सबसे ज्यादा मतदाताओं की संख्या वाली गोविंदपुरा विधानसभा दूसरे स्थान पर पहुंची



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जिले में तीन माह 26 दिन के बाद मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य पूरा हुआ। शनिवार को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख 45 हजार 453 रह गई। एसआईआर के पूर्व जिले में मतदाताओं की संख्या 21 लाख 25 हजार 908 थी। इस तरह 3 लाख 80 हजार 455 मतदाताओं के नाम काट दिए गए। गोविंदपुरा विस से सबसे ज्यादा नाम काटे गए हैं। नई मतदाता सूची के अनुसार हुजूर विस मतदाताओं की संख्या के हिसाब से सबसे बड़ी विस है, जबकि दक्षिण-पश्चिम विस सबसे छोटा क्षेत्र है। जिले में मध्य विस के अंतर्गत रहने वाले थर्ड जेंडरों की संख्या में भी खासा अंतर आया है। एसआईआर के पूर्व जहां जिले में 166 थर्ड जेंडर थे, जिनकी संख्या अब केवल 72 रह गई है। नई मतदाता सूची में सबसे ज्यादा मतदाता हुजूर विस में हैं। यहां कुल 3 लाख 36 हजार 295 मतदाता हैं। सबसे कम मतदाता दक्षिण पश्चिम विस में हैं। यहां पर कुल 1 लाख 72 हजार 610 मतदाता हैं। एसआईआर के पूर्व सबसे बड़ी विस गोविंदपुरा थी।

### एक नजर नई मतदाता सूची पर

- **सबसे अधिक नाम कटे :** गोविंदपुरा विधानसभा (81,163)।
- **सबसे कम नाम कटे :** बैरसिया विधानसभा (8889)
- **लिंग अनुपात (प्रतिशत) :** पुरुष 50.91 प्रतिशत और महिला 49.09 प्रतिशत।
- **युवा मतदाता :** वर्तमान सूची में 23,294 (1.33 प्रतिशत) युवा मतदाता शामिल हैं।

| विधानसभा क्षेत्र | पहले मतदाता | अब मतदाता (2026 सूची) | कटे हुए नाम |
|---|---|---|---|
| बैरसिया | 2,53,919 | 2,45,030 | 8,889 |
| उत्तर | 2,49,708 | 2,05,605 | 44,103 |
| नरेला | 3,54,845 | 2,83,893 | 70,961 |
| द. पश्चिम | 2,34,139 | 1,72,610 | 61,529 |
| मध्य | 2,44,245 | 1,81,274 | 62,971 |
| गोविंदपुरा | 4,01,909 | 3,20,746 | 81,163 |
| हुजूर | 3,87,134 | 3,36,295 | 50,839 |

### जिले में 100 साल से अधिक वाले 118 मतदाता

जिले में 100 से 109 साल की आयु वाले कुल 118 मतदाता हैं। बैरसिया में 100+ आयु के सर्वाधिक 69 मतदाता हैं। गोविंदपुरा विधानसभा में 3 मतदाता ऐसे हैं, जिनकी आयु 110 साल या उससे ज्यादा है। जबकि हुजूर में 110 साल या उससे ज्यादा के 19, दक्षिण-पश्चिम व गोविंदपुरा में 9-9, मध्य में 7 और नरेला में 1 सीनियर सिटीजन मतदाता है।

"यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम कट गया है, तो वे ऑनलाइन या ऑफलाइन प्रक्रिया के माध्यम से अपना नाम फिर से जुड़वा सकते हैं।

**कौशलेंद्र विक्रम सिंह,** कलेक्टर भोपाल

## संस्कृति मंत्री के भाषण पर पर्यटकों की हूटिंग, गो बैक के नारे लगाए

### दो घंटे देरी से शुरू हुआ खजुराहो महोत्सव दर्शकों का धैर्य टूटा



**जागरण, खजुराहो।** विश्व प्रसिद्ध खजुराहो नृत्य महोत्सव शुरू हो चुका है। हालांकि पहले ही दिन मंच पर ऐसी परिस्थिति बनी, जिसने दर्शकों को हैरान कर दिया। दरअसल, शुभारंभ समारोह में संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी भाषण देने मंच पर पहुंचे। समय शाम 6.30 बजे तय था, लेकिन मुख्य अतिथि और अन्य मंत्री देर से समारोह में पहुंचे। दर्शक दीर्घा में बैठे देसी और विदेशी पर्यटक लंबे समय तक इंतजार कर रहे थे। समारोह लगभग दो घंटे की देरी से शुरू हुआ, जिससे कई दर्शकों का धैर्य जवाब दे गया। कार्यक्रम देरी से शुरू होने के बाद भी मंच पर कलाकारों ने प्रस्तुति देकर महोत्सव की भव्यता बनाए रखी। दर्शकों ने रंग-बिरंगे नृत्यों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया और उत्सव का स्वागत उत्साहपूर्वक किया। यह महोत्सव 26 फरवरी तक चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने करीब 16 मिनट तक अपना संबोधन दिया। सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने भी 3 मिनट तक अपनी बात रखी, जब संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी का भाषण शुरू हुआ, तो दर्शक बुरी तरह भड़क गए। पर्यटकों को नृत्य का इंतजार था, लेकिन नेताओं के लंबे भाषणों ने उनका सब्र तोड़ दिया। देखते ही देखते सामने बैठी भीड़ गो बैक के नारे लगाने लगी और चारों तरफ से हो-हो का शोर सुनाई देने लगा। हैरानी की बात यह रही कि इतनी भारी हूटिंग के बावजूद मंत्री जी अपना भाषण देते रहे। वे करीब 6 मिनट तक बोले और अंत में जब शोर और बढ़ा, तो वे चार पंक्तियां सुनाने की जिद पर अड़ गए। दर्शकों की पीड़ा समझते हुए उन्होंने मंच से यह तो स्वीकार किया कि लोग कार्यक्रम देखने के लिए उत्सुक हैं, लेकिन फिर भी बिना अपनी कविता सुनाए और जयकारे लगवाए बगैर वे मंच से नीचे नहीं उतरे। इस पूरे घटनाक्रम पर वहां मौजूद विदेशी पर्यटकों ने अपनी नाराजगी जाहिर की।

## होली पर इंदौर से पटना और दिल्ली के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेनें

**जागरण, इंदौर।** होली के त्यौहार के दौरान ट्रेनों में लंबी वेटिंग देखते हुए रेल विभाग ने यात्रियों को बड़ी राहत दी है। इंदौर से पटना और इंदौर से हजरत निजामुद्दीन के लिए विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इस सुविधा से उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली की ओर जाने वाले यात्रियों को कन्फर्म बर्थ मिल सकेगी और सफर आसान होगा। इन ट्रेनों के संचालन की समय-सारणी जल्द ही जारी की जाएगी। पश्चि रेलवे, रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि रतलाम रेल मंडल से डॉ.आंबेडकर नगर (महू) से पटना के लिए साप्ताहिक ट्रेन (ट्रेन संख्या 09343 व 09344 का संचालन 26 फरवरी से होगा। 18 बजे यह ट्रेन महू से रवाना होगी और अगले दिन 18.30 बजे पटना पहुंचेगी। यह ट्रेन 26 फरवरी से 26 मार्च तक चलेगी। हर शुक्रवार को ट्रेन पटना से 21.30 बजे चलेगी और दूसरे दिन 23.55 बजे इंदौर पहुंचेगी। इसके अलावा 22 फरवरी से 27 मार्च तक इंदौर से हजरत निजामुद्दीन के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। स्पेशल ट्रेन( संख्या-09309) शाम पांच बजे चलेगी और दूसरे दिन सुबह पांच बजे हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पहुंचेगी।

## बैतूल तिहरे हत्याकांड के आरोपी को लेकर पुलिस ग्वालियर रवाना

**जागरण, बैतूल।** बैतूल में चर्चित तिहरे हत्याकांड के आरोपी दीपक धुर्वे को ग्वालियर स्थित मानसिक रोग आरोग्य केंद्र भेज दिया है, उसे ग्वालियर जेल के विशेष सेल में रखा जाएगा, जहां मानसिक रोगी कैदियों के उपचार और निगरानी की विशेष व्यवस्था उपलब्ध है। आरोपी दीपक को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बस से ग्वालियर रवाना किया, उसके साथ 11 पुलिसकर्मियों का दल भी भेजा गया है, ताकि रास्ते में या उपचार के दौरान उसकी आक्रामकता पर नियंत्रण रखा जा सके। टीआई देवकरण डहरिया ने बताया कि आरोपी का स्वभाव अत्यधिक आक्रामक होने के कारण उसे नींद की दवा दी थी और बेहोशी की हालत में ही ग्वालियर के लिए रवाना किया। इससे पहले सीजेएम कोर्ट ने आरोपी दीपक का जेल वारंट जारी किया था। बैतूल जेल प्रशासन ने मानसिक रोगी कैदियों को रखने की समुचित व्यवस्था न होने की जानकारी दी थी।

### 24 के बाद तापमान में आएगा उछाल

# भोपाल सहित 21 जिलों में बारिश तीन दिन तक ऐसा ही रहेगा मौसम

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मप्र के 21 जिलों में शनिवार को आंधी व बारिश दर्ज की गई। वहीं रविवार के लिए सात जिलों में चेतावनी जारी की गई है। मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के अधिकतर जिलों में बादल छाए रहे और कई जिलों में बारिश हुई। सबसे ज्यादा बारिश खाचरोद में हुई, यहां बारिश का आंकड़ा 24 मिली मीटर रहा। इसके अलावा खरगौन, खंडवा, नागदा, रतलाम सहित 21 जिलों में 1 से लेकर 20 एमएम तक वर्षा रिकार्ड की गई है। मौसम विभाग के अनुसार नए सिस्टम की वजह से 23 और 24 फरवरी को फिर मौसम बदलेगा। ये सिस्टम दक्षिण-पूर्वी जिलों में ज्यादा असर दिखाएगा। प्रदेश में 3 दिन से आंधी-बारिश वाला मौसम है। कुछ जिलों में ओले भी गिरे हैं। 24 घंटे के दौरान भोपाल, रतलाम, मंदसौर, शाजापुर, धार, इंदौर, रायसेन, उज्जैन, सागर, छतरपुर, शाजापुर समेत 20 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। तेज आंधी की वजह से रतलाम, शाजापुर, उज्जैन में फसलों पर असर पड़ा है।



### इन जिलों में हुई बारिश

रतलाम, उज्जैन, आगर, शाजापुर, देवास, झाबुआ, धार, बड़वानी, खंडवा, खरगौन, इंदौर, सीहोर, राजगढ़, भोपाल, रायसेन, विदिशा, सागर, दमोह, जबलपुर, छतरपुर एवं पन्ना।

**आज के लिए इन जिलों में चेतावनी:** सिंगरौली, सीधी, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, मंडला।

**भोपाल में 7 डिग्री चढ़ा तापमान:** राजधानी भोपाल में शनिवार को मौसम साफ रहा। बादलों के छटने से दिन में धूप तेज रही। सूरज निकलने के कारण शहर में दिन का पारा शुक्रवार के मुकाबले 7 डिग्री ज्यादा रहा। मौसम बुलेटिन के मुताबिक शनिवार को भोपाल में दिन का अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि शुक्रवार को यह 22.2 डिग्री था। वहीं रात के तापमान में 2 डिग्री की गिरावट रही। शनिवार को न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री रहा, जो कि शुक्रवार को 16.2 डिग्री था।

## अनोखी शादी का वीडियो वायरल, 3 फीट का दूल्हा, 2 फीट 7 इंच की दुल्हन

**हापुड़, जेएनएन।** कहते हैं कि ऊपर वाले ने हर किसी के लिए किसी न किसी को बनाया है और जोड़ियां ऊपर से बनकर आती हैं। एक ऐसी ही जोड़ी की कहानी उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले से आई है, जिसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। यह शादी उन दो लोगों के बीच हुई है, जिन्होंने कम हाइट को कभी अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। प्यार और समझदारी के साथ जीवन की नई शुरुआत की। इस शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। ये अनोखी शादी हापुड़ के धौलाना में हुई है, जहां 3 फीट के दूल्हे और 2 फीट 7 इंच की दुल्हन की शादी चर्चा में बनी हुई है। दूल्हे का नाम विजय और दुल्हन का चांऊल है। दोनों की शादी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ धूमधाम से हुई। कम हाइट के चलते दोनों परिवारों को लंबे समय से रिश्ता ढूंढने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन अब यह जोड़ी एक-दूसरे का सहारा बन गई है। विजय अपनी दुल्हन को लेने के लिए बैंड-बाजे के साथ बारात लेकर धौलाना पहुंचे।



## समोसा बेचने वाली से कस्टम ड्यूटी के नाम पर दो लाख ठगे

**जागरण, छिंदवाड़ा।** एक समोसा बेचने वाली महिला से कस्टम ड्यूटी भरने के नाम पर करीब 2 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने महिला को कॉल कर मुंबई एयरपोर्ट पर डायमंड सेट का पार्सल आने का झांसा दिया और खुद को सरकारी अधिकारी बताकर जेल भेजने की धमकी देते हुए किश्तों में यह रकम ऐंठ ली। पीड़िता ने इस पूरे मामले की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**छिंदवाड़ा की महिला को मुंबई एयरपोर्ट से डायमंड सेट का पार्सल आने का दिया झांसा**

पीड़िता के मुताबिक उसके मोबाइल पर एक कॉल आया था। कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि मुंबई एयरपोर्ट से उसका एक पार्सल आया है, जिसमें डायमंड सेट रखा है। पार्सल पाने के लिए उसे कस्टम ड्यूटी जमा करनी होगी। ठगों ने खुद को सरकारी विभाग का कर्मचारी बताया और कहा कि अगर वह पार्सल लेने से मना करेगी तो उस पर कानूनी कार्रवाई होगी और उसे जेल भी जाना पड़ सकता है। डर के कारण महिला ने पहले 28 हजार रुपए फोन-पे से जमा कर दिए। इसके बाद ठग महिला को अलग-अलग मोबाइल नंबरों से संपर्क करते रहे। कभी 35 हजार तो कभी 28 हजार रुपए जमा कराने के नाम पर पैसे मांगे गए। इस तरह डरा-धमकाकर दो अलग-अलग लोगों ने किश्तों में महिला से कुल करीब 2 लाख रुपए की ठगी कर ली।

## रेलवे कर्मचारियों को आ रहे अफसरों के नाम से फर्जी कॉल

### डीआरएम ने जारी की एडवाइजरी



**नगर संवाददाता, भोपाल।** भोपाल रेल मंडल के अंतर्गत काम करने वाले रेल कर्मचारियों को इन दिनों फर्जी कॉल आ रहे हैं। जिसमें उनके साथ ठगी की जा रही है। यह पुष्टि भोपाल रेल मंडल कार्यालय ने की है। डीआरएम कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार हाल ही में संज्ञान में आया है कि सेवानिवृत्त एवं सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों को रेल अधिकारियों के नाम से फर्जी फोन कॉल किए जा रहे हैं। इन कॉल्स के माध्यम से संबंधित कर्मचारियों से बैंक खाता, एटीएम, ओटीपी, पिन तथा अन्य व्यक्तिगत जानकारी मांगी जा रही है। रेल प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि किसी भी अधिकारी अथवा विभाग द्वारा फोन पर बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी, ओटीपी, पिन या पासवर्ड आदि नहीं मांगा जाता है। अतः सभी कर्मचारी एवं पेंशनर्स ऐसे किसी भी संदिग्ध फोन कॉल पर अपनी बैंकिंग या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। यदि किसी कॉल के माध्यम से किसी प्रकार की जानकारी मांगी जाती है तो उसकी सत्यता की पुष्टि संबंधित कार्यालय या बैंक शाखा में व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर ही करें। किसी भी परिस्थिति में फोन पर बैंक डिटेल्स, पिन, ओटीपी या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। रेल प्रशासन सभी कर्मचारियों एवं पेंशनर्स से अपील करता है कि वे सतर्क रहें तथा साइबर धोखाधड़ी से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम रेलवे कार्यालय या साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर दें।


**VIDYADAYINI**
INSTITUTE OF SCIENCE, MANAGEMENT & TECHNOLOGY, BHOPAL
(Unit of NRI Group of Institutions)
(Approved by Govt. of M.P. & Affiliated to Barkatullah University, Bhopal)
Applications are invited from eligible candidates for the post of Principal and for Teaching posts in the following dept. of the institute, under college code - 28 of Barkatullah University
(Re-Advertisment Notification Ref. 10/07/2024)
**PRINCIPAL of the Institute - No. of Post - 01**

| S.No. | Department | Programme / Course | Post: Professor | Post: Associate Profofessor | Post: Assistant Professor |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | General College | | | | |
| 2. | Dept. of Art | B.A. - (Psychology, Sociology, History, English Lit., Economics, Political Science) | 2 | 2 | 4 |
| | | M.A. - (Political Science) | 2 | 2 | 4 |
| | | Foundation Course- (Hindi Lit.) | 1 | 2 | 3 |
| | | Foundation Course- (English) | 1 | 1 | 2 |
| 3. | Dept. of Commerce | B.Com- (Plain, Computer Application) | 1 | 2 | 4 |
| | | B.Com- (Advertising) | 1 | 1 | 3 |
| | | B.Com- (Taxation) | 1 | 1 | 3 |
| | | M.Com- (Accounting) | 1 | 1 | 3 |
| 4. | Dept. of Science | B.Sc- (Biotechnology), (Botany), | 1 | 1 | 4 |
| | | (Zoology), (Chemistry), | 1 | 1 | 4 |
| | | (Microbiology), (Maths/CS), (Physics), | 1 | 1 | 4 |
| | | (Clinical Nutrition and Dietetics), | 1 | 1 | 4 |
| | | M.Sc-(Biotechnology), | 1 | 1 | 4 |
| | | (Chemistry), (Botany) | 1 | 1 | 4 |
| 5. | Library Science | B.Lib | 1 | 1 | 3 |
| 6. | Department of Law | BALLB, LLB, LLM | 2 | 4 | 6 |
| 7. | Social Work | M.S.W. | 1 | 1 | 3 |
| 8. | Education | B.Ed | 2 | 4 | 6 |
| 9. | Physical Education | BPES | 1 | 1 | 2 |
| 10. | Management | BBA | 1 | 2 | 4 |
| 11. | Computer Application | BCA | 1 | 2 | 4 |

Note: The qualification and pay scales are as prescribed by the UGC guidelines and MP state Govt. respectively. Please send your detailed resume along with photocopies of mark sheets, testimonials and one passport size photograph and UID/ID proof within 05 days of publication of this advertisement of the following address by post or email. (Note .Contact or email the college within three days of publication of the newspaper)
1, Sajjan Singh Nagar, Opp. Patel Nager, Raisen Road, Bhopal-Tel: 0755-4085500, M.: 7974257571
website: www.nrigroupindia.com, Email: principal.nvismt@nrigroupindia.com


**स्टडी** हाल में प्रकाशित एक वैज्ञानिक अध्ययन ने दी मौत को लेकर पारंपरिक समझ को चुनौती

# मौत के बाद भी 'जिंदा' रहता है आपका दिमाग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सोचिए, आपका दिल धड़कना बंद कर देता है। डॉक्टर सीपीआर रोक देते हैं। आपको आधिकारिक तौर पर मृत घोषित कर दिया जाता है। लेकिन उसी क्षण आपका दिमाग अब भी सक्रिय है। इतना सक्रिय कि आप डॉक्टरों को अपनी मौत का समय बताते हुए सुन सकते हैं। यह कोई फिल्मी कहानी नहीं, बल्कि हाल ही में प्रकाशित एक वैज्ञानिक अध्ययन का दावा है, जिसने मौत को लेकर हमारी पारंपरिक समझ को चुनौती दे दी है। यह चौंकाने वाला अध्ययन अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित एनवॉयू लैंगोन मेडिकल सेंटर के डॉक्टर सैम पारनिया और उनकी टीम ने किया। शोध के निष्कर्ष प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल रीससिटेशन में प्रकाशित हुए हैं। अध्ययन में उन मरीजों को शामिल किया गया, जिन्हें क्लिनिकली मृत घोषित कर दिया गया था, यानी जिनका दिल धड़कना बंद हो चुका था, लेकिन बाद में उन्हें दोबारा जीवित किया गया। शोधकर्ताओं ने अमेरिका और ब्रिटेन के 25 अस्पतालों में कार्डियक अरेस्ट से बचे 53 मरीजों की निगरानी की। परिणाम बेहद चौंकाने वाले थे। लगभग 40 प्रतिशत मरीजों ने बताया कि उन्हें दिल रुकने के दौरान कुछ न कुछ याद है। कुछ ने कमरे में हो रही बातचीत तक को सटीक रूप से दोहराया।



### मौत के बाद भी सुनाई देती हैं आवाजें

डॉ. पारनिया के अनुसार, कई मरीजों ने कहा कि उन्हें ऐसा लगा जैसे वे अपने शरीर से बाहर निकल गए हों और कमरे में घूमते हुए डॉक्टरों को काम करते देख-सुन रहे हों। कुछ ने तो डॉक्टरों द्वारा अपनी मौत की घोषणा तक सुनने का दावा किया।

शोधकर्ताओं का कहना है कि यह अनुभव न तो सपना था और न ही भ्रम या मतिभ्रम (हैलुसिनेशन)। इलेक्ट्रोएन्सेफलोग्राम से मस्तिष्क की गतिविधि रिकॉर्ड की गई, जिससे पता चला कि दिल रुकने के 35 से 60 मिनट बाद तक दिमाग में गामा, डेल्टा, थेटा, अल्फा और बीटा जैसी ब्रेन वेव्स मौजूद थीं। ये वही तरंगें हैं जो सामान्य रूप से सोचने, याद करने और जागरूकता से जुड़ी होती हैं।

### 'रीबूट' होता हुआ दिमाग

विशेषज्ञों ने इस स्थिति की तुलना एक बंद हो चुके कंप्यूटर के अचानक रीबूट होने से की। पहले यह माना जाता था कि दिल रुकने के 10 मिनट बाद मस्तिष्क स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त हो जाता है। लेकिन यह अध्ययन बताता है कि यदि सीपीआर जारी रहे, तो दिमाग अपेक्षा से कहीं अधिक समय तक सक्रिय रह सकता है। डॉ. पारनिया के अनुसार, इसी दौरान लोगों को अपने पूरे जीवन की घटनाएं एक साथ 'फ्लैशबैक' की तरह दिख सकती हैं। यही वजह है कि कई लोग 'नियर-डेथ एक्सपीरियंस' (मृत्यु-समीप अनुभव) की कहानियां साझा करते हैं।


मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या. :** 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।